फाल्गुन कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 8 मार्च 2024
वर्ष-2, अंक 197, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर | एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



युद्धग्रस्त अफगान में आतंक से निपटने की जरूरतः रूचिरा 16

रिंकू और काजोल फिल्म ननद में दिखाएंगी जलवे 15

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
4/- प्रतिदिन
फोन: 0512- 2548300

## एक नजर

### आयोग ने स्थगित की पीसीएस प्री परीक्षा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने 17 मार्च को होने वाली पीसीएस प्री परीक्षा को स्थगित कर दिया है। परीक्षा अब लोकसभा चुनाव के बाद होगी। आयोग के अनुसचिव ओंकार नाथ सिंह ने गुरुवार को बताया कि परीक्षा जुलाई माह में संभावित है। गौरतलब है कि परीक्षा का विज्ञापन एक जनवरी 2024 को जारी किया गया था। इसमें 220 पदों के लिए 5,74,538 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था।

### दिल्ली विवि के कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के रामलाल आनंद कॉलेज को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद वहां दहशत फैल गई। दरअसल, कॉलेज के एक कर्मचारी के फोन पर बम होने की धमकी वाला संदेश आया था। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने कहा कि कर्मचारियों को सुबह 9:34 बजे व्हाट्सएप पर बम होने की धमकी वाला संदेश मिला था। उन्होंने कहा कि सूचना मिलने के तुरंत बाद ही पुलिस की टीम एक एम्बुलेंस, बम निरोधक दस्ते और बम का पता लगाने वाले दल के साथ कॉलेज पहुंचीं और उसके बाद छात्रों और कर्मचारियों को वहां से बाहर निकाला गया। अधिकारी ने बताया कि कॉलेज में तलाश और जांच जारी है।

### कार्यवाही टालने के लिए हथकंडे अपना रहे आरोपी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को एक स्थानीय अदालत में याचिका दायर कर आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी के कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले के आरोपी कार्यवाही टालने के हथकंडे अपना रहे हैं। ईडी ने हिरासत की अवधि के दौरान पूछताछ की कार्यवाही की ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग सहित सीसीटीवी फुटेज की एक प्रति सौंपे जाने को लेकर आरोपियों की अर्जी का विरोध करते हुए यह बात कही।

# केंद्रीय कर्मियों का महंगाई भत्ता 4% बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढोतरी करने का गुरुवार को निर्णय लिया जिसका लाभ करीब 50 लाख कर्मचारियों और 67.95 लाख पेंशनभोगियों को होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महंगाई भत्ता पहले से 46 प्रतिशत है और अब इस बढ़ोत्तरी से यह 50 प्रतिशत हो गया है। इसके मद्देनजर अब आवास भत्ते के साथ ही ग्रेच्युटी आदि में भी बढ़ोत्तरी होगी। अब आवास भत्ता नौ प्रतिशत से बढ़कर 10 प्रतिशत, 18 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत और 27 प्रतिशत से बढ़कर 30 प्रतिशत हो जाएगा। इसके साथ ही ग्रेच्युटी की ऊपरी सीमा को 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया गया है। गोयल ने कहा कि महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढ़ोत्तरी से सरकार पर 12868.72 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

### कैबिनेट के फैसले



- इस बढ़ोत्तरी के बाद 50 प्रतिशत मिलेगा भत्ता
- 50 लाख कर्मियों 67.95 लाख पेंशनरों को लाभ

### उज्ज्वला योजना पर जारी रहेगी 300 रु.सब्सिडी

सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत 300 रुपए की सब्सिडी जारी रखने का निर्णय लिया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। योजना के तहत लाभार्थियों को हर साल 12 रिफिल तक प्रदान की जाने वाली 300 रुपये प्रति 14 .2 किलोग्राम सिलेंडर की लक्षित सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दी गई है।

# छैमार हसीन गैंग के आठ सदस्यों को फांसी की सजा

## सोना खरीदने वाले सर्राफ को उम्रकैद, सुरेश शर्मा नगर में 10 साल पहले हुई थी घटना

विधि संवाददाता, बरेली

- आयकर इंस्पेक्टर के घर में डकैती के दौरान कर दी गई थी भाई-भाभी व मां की हत्या
- चार मार्च को ही अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार देकर भेज दिया था जेल
- शाहजहांपुर के चौक मोहल्ले का है सर्राफ, पांच लाख रुपये का जुर्माना भी डाला

**अमृत विचार :** सुरेश शर्मा नगर में आयकर विभाग के इंस्पेक्टर के घर में डकैती के दौरान उनके भाई-भाभी और मां की हत्या कर देने वाले छैमार हसीन गैंग के आठ सदस्यों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने गुरुवार को फांसी की सजा सुनाई।

इनमें दो महिलाएं हैं। लूटा गया सोना खरीदने वाले शाहजहांपुर के सुनार राजू वर्मा को उम्रकैद के साथ पांच लाख रुपये के जुर्माने की सजा दी गई है। अदालत ने इन सभी को चार मार्च को दोषसिद्ध होने के बाद जेल भेज दिया था। शहर को दहला देने वाली यह वारदात सन् 2014 में 22/23 अप्रैल की रात आयकर इंस्पेक्टर रविकांत मिश्रा के घर में हुई थी जिनकी तैनाती पीलीभीत में थी। पुलिस की विवेचना में सामने आए तथ्यों के मुताबिक छैमार गैंग के लोग पड़ोस के निर्माणाधीन मकान से होते हुए रविकांत के घर की छत पर चढ़े थे। सब्बल के जरिए खिड़की की ग्रिल निकालने बाद घर में दाखिल हुए। सबसे पहले उन्होंने सिर पर ईंट मारकर रविकांत की बुजुर्ग मां की हत्या की। इसके बाद भाई-भाभी को भी ईंट से सिर कुचलकर मार दिया। रविकांत मिश्रा की ओर से थाना बारादरी में दर्ज कराई गई एफआईआर में बताया गया था कि सुरेश शर्मा नगर स्थित घर से वह 21 अप्रैल 2014 सुबह नौ बजे ड्यूटी पर पीलीभीत गए थे। 23 अप्रैल की सुबह उन्होंने अपने परिजनों को फोन किया तो संपर्क नहीं हो पाया। पड़ोसियों से मेनगेट अंदर से बंद होने की बात पता चलने पर अनहोनी की आशंका हुई तो वह घर आए।

**इन्हें फांसी की सजा...:** बिथरी चैनपुर के गांव डेरा उमरिया निवासी हसीन, यासीन उर्फ जीशान, नाजिमा, हाशिमा, जुल्फाम और फहीम, शेरगढ़ के गांव कुड़ला नगरिया निवासी वाजिद और संभल के गांव बुकनाला निवासी समीर उर्फ साहिब उर्फ नफीस।

# बंदिशों के खत्म होने के बाद खुली हवा में सांस ले रहा कश्मीर : मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा-अनुच्छेद 370 पर कांग्रेस ने देश को किया गुमराह

- करोड़ों की विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास

श्रीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में थे। इस दौरान उन्होंने 'विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर' कार्यक्रम के तहत करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया और एक जनसभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्वतंत्र रूप से सांस ले रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर अनुच्छेद 370 पर न केवल जम्मू-कश्मीर के लोगों को बल्कि पूरे देश को गुमराह करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने आगामी रमजान के पवित्र महीने और महाशिवरात्रि के पर्व के लिए अपनी अग्रिम शुभकामनाएं दीं।



सभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के साथ जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा।

श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है क्योंकि वह आज खुलकर सांस ले रहा है। जम्मू-कश्मीर ने अनुच्छेद 370 हटने के बाद की बेड़ियां तोड़ दी हैं। उन्होंने कहा कि ये वो नया जम्मू-कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था। ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसके लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था। इस नए जम्मू-कश्मीर की आंखों में भविष्य की चमक है, इस नए जम्मू-कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है।

भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा पांच अगस्त 2019 को पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के बाद से प्रधानमंत्री की कश्मीर की यह पहली यात्रा है। करीब 5,000 करोड़ रुपये का समग्र-कृषि विकास कार्यक्रम राष्ट्र को समर्पित करने के बाद मोदी ने कहा कि वह श्रीनगर के लोगों के बीच आकर प्रफुल्लित हैं।

### कश्मीरी युवा के साथ ली सेल्फी और दोस्त कहा

**श्रीनगर।** कश्मीरी युवा नाजिम नजीर के लिए गुरुवार को यह सपने सच होने जैसा पल था जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल उनके साथ एक सेल्फी ली बल्कि उन्हें अपना 'दोस्त' भी कहा। नजीर ने एक सफल मधुमक्खी पालन इकाई स्थापित की हुई है। वह उन युवाओं में से एक थे जिन्हें बख्शी स्टेडियम में प्रधानमंत्री की सार्वजनिक रैली के बाद मोदी के साथ बातचीत करने का अवसर मिला था। प्रधानमंत्री ने बाद में नजीर के साथ ली गई सेल्फी को पोस्ट करते हुए एक ट्वीट भी किया। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर की गई पोस्ट में कहा कि मेरे दोस्त नजीर के साथ एक यादगार सेल्फी। मैं उनके अच्छे काम से बेहद खुश हूं। जनसभा के बाद उन्होंने एक सेल्फी का अनुरोध किया और मुझे उनसे मिलकर खुशी हुई।

# सपा विधायक इरफान सोलंकी के घर समेत छह ठिकानों पर ईडी का छापा

## भाई-पिता के अलावा सपा नेत्री नूरी शौकत, हाजी वसी के घर भी छानबीन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- विधायक के घर से मिले 26 लाख नकद, आय बिना 282 प्रतिशत संपत्ति बढ़ने के साक्ष्य
- टीम इरफान के घर ले गई थी फोटो कॉपी और कटर मशीन तिजोरी, लॉकर काटे गए

**अमृत विचार :** सीसामऊ से सपा विधायक इरफान सोलंकी के जाजमऊ डिफेंस कालोनी स्थित आवास पर गुरुवार सुबह 5.30 बजे लखनऊ से आई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छापेमारी की। इरफान के भाई रिजवान सोलंकी, साथी और जमीनों के कारोबार में साझीदार बिल्डर हाजी वसी और सपा नेत्री नूरी शौकत के घरों समेत कुल छह ठिकानों पर छापेमारी की गई। इरफान की आय में बढ़ोत्तरी हुए बिना संपत्ति में 282 प्रतिशत वृद्धि के साक्ष्य मिले हैं। विधायक के घर से 26 लाख रुपये नकद बरामद हुए हैं। जबकि बैंक अकाउंट से साढ़े 12 करोड़ रुपये का ब्योरा मिला है। आयकर रिटर्न में उन्होंने छह लाख रुपये की औसत आय दिखाई थी। वसूली, सरकारी और निजी संपत्तियों समेत नजूल की जमीनों पर कब्जा, अवैध निर्माण के साथ ही मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत जांच शुरू की गई है।

सपा विधायक इरफान सोलंकी डिफेंस कालोनी निवासी नजीर फातिमा के प्लॉट पर तोड़फोड़ और आगजनी, फर्जी आधार कार्ड से हवाई यात्रा करने, बांग्लादेशी डॉ रिजवान को भारतीय नागरिकता देने समेत कई अन्य मामलों में पिछले एक वर्ष से महराजगंज जेल में बंद हैं। विधायक पर गैंगस्टर की कार्रवाई भी की गई थी। गुरुवार सुबह एक साथ 40 से ज्यादा गाड़ियों से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमें शहर पहुंचीं। उनके साथ सीआरपीएफ के जवान थे। आठ से ज्यादा गाड़ियों से ईडी अधिकारी जाजमऊ डिफेंस कालोनी स्थित इरफान सोलंकी के घर पहुंचे और दस्तावेजों को खंगालना शुरू किया। किसी को अंदर-बाहर आने-जाने नहीं दिया गया।

छापेमारी के दौरान आई घर की नौकरानी और दूध वाले को वापस कर दिया गया। आवास पर विधायक के परिजन मौजूद नहीं थे। घर में सिर्फ नौकर थे, जिनसे टीम ने पूछताछ कर छानबीन शुरू की। आवास के सीसीटीवी कनेक्शन काट दिए गए। नौकरों के फोन ले लिए गए। ईडी के सदस्य आवास के भीतर फोटो कॉपी मशीन और कटर मशीन ले गए। कटर मशीन से तिजोरी और लॉकर काटने की चर्चा रही। इरफान सोलंकी के पुराने मकान पेंचबाग में भी छापा मारा गया। ईडी की दूसरी टीम इरफान के पिता स्व. हाजी मुश्ताक सोलंकी और भाई रिजवान सोलंकी के घर पहुंची।

ईडी के सदस्यों ने घर के बाहर खड़ी गाड़ियों की तलाशी के साथ ही घर की नापजोख की। इसके अलावा प्रवर्तन निदेशालय की दो अलग-अलग टीमों ने ग्वालटोली स्थित सपा नेत्री नूरी शौकत और नई सड़क दंगे के मास्टरमाइंड हाजी वसी के घर छापेमारी की। हाजी वसी हमराज कंस्ट्रक्शन के निदेशक हैं जिसमें इरफान की पत्नी नसीम सोलंकी डॉयरेक्टर थीं। इस कंपनी के जरिये करोड़ों का हेरफेर किए जाने का आरोप है। देर शाम तक छह स्थानों पर ईडी की पूछताछ और कार्रवाई जारी थी।

# तौकीर रजा प्रकरण : बरेली पुलिस को शांति व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 11 मार्च को मामले में सुनवाई से पहले धार्मिक नेताओं से बातचीत के निर्देश

**अमृत विचार :** मौलाना तौकीर रजा खान से जुड़े मामलों पर शासन भी नजर बनाए हुए है। इस प्रकरण में न्यायिक कार्यवाहियों का संज्ञान लिया जा रहा है। राज्य गृह विभाग की ओर से मुख्यमंत्री को ब्रीफिंग भी की गई है।

ऐसे में बरेली पुलिस-प्रशासन से शांति-व्यवस्था बहाल रखते हुए तौकीर केस की 11 मार्च को होने जा रही अगली सुनवाई से पहले कानून व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी गई है। साथ ही सभी धर्मगुरुओं से संपर्क बनाए रखने की भी उम्मीद की गई है। बुधवार को बरेली कोर्ट ने मौलाना तौकीर रजा को 2010 की सांप्रदायिक हिंसा का मास्टरमाइंड करार दिया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि सत्ता के पदों पर बैठे लोगों को धार्मिक व्यक्ति होना चाहिए। उदाहरण के तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लेकर प्रशंसा की। कोर्ट ने कहा कि एक धार्मिक व्यक्ति का जीवन त्याग और समर्पण का प्रतीक होता है, न कि विलासिता में जीने का। दरअसल, पिछले दिनों भी तौकीर रजा ने उत्तराखंड में सीएए लागू होने के बाद बरेली में समर्थकों के साथ प्रदर्शन कर विरोध प्रकट किया था। इस बीच लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में सीएए कानून लागू होने की संभावनाओं को देखते हुए सुरक्षा व शांति बनाए रखने को लेकर यूपी पुलिस पूरी तरह तैयार है। बुधवार को ही पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए हमारे पास डंडा भी है और डेटाबेस भी। डीजीपी ने कहा कि, हमारी तैयारी हमारी ट्रेनिंग का पार्ट है, हम ट्रेनिंग में इतना पसीना बहा रहे हैं कि खून बहाने की नौबत नहीं आएगी। हमारी फील्ड फोर्स, हमारे उपकरण किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

# लश्कर सदस्य कासिम को घोषित किया आतंकवादी

नई दिल्ली, एजेंसी



- गृह मंत्रालय ने की कार्रवाई कई आतंकी हमलों में रहा शामिल

केंद्र. सरकार ने कई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के सदस्य मोहम्मद कासिम गुज्जर को गुरुवार को आतंकवादी घोषित कर दिया। सरकार के फैसले की घोषणा करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी गुज्जर कई आतंकी हमलों और भारत के खिलाफ युद्ध की साजिश में संलिप्त रहा है। शाह ने एक्स पर पोस्ट किया कि देश की एकता और अखंडता के खिलाफ गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति से कठोरता से निपटा जाएगा।

एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के इरादे से गुज्जर उर्फ सलमान उर्फ सुलेमान कई तरह की आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने में शामिल रहा है, जिसमें सीमा पार से हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक उपकरण और नकदी गिराने के लिए ड्रोन के समन्वय, आपूर्ति, स्थानों की पहचान करना शामिल है।

# रिटायर्ड आईएएस राज प्रताप सिंह बने राज्य निर्वाचन आयुक्त



**लखनऊ।** रिटायर्ड आईएएस अधिकारी राज प्रताप सिंह को नया राज्य निर्वाचन आयुक्त पंचायती राज व स्थानीय निकाय बनाया गया है। राज्य सरकार की संस्तुति पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने छह साल के लिए नियुक्ति की है। शासन की ओर से गुरुवार को जारी अधिसूचना के बाद आरपी सिंह ने कार्यभार भी ग्रहण कर लिया। राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर अभी मनोज कुमार तैनात थे। उनका कार्यकाल 17 जनवरी 2024 को समाप्त हो गया था।

# पूर्व डीजीपी राजकुमार बने राज्य मुख्य सूचना आयुक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 10 नए सूचना आयुक्तों की भी नियुक्ति

**अमृत विचार :** रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी व पूर्व कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक राजकुमार विश्वकर्मा नए राज्य मुख्य सूचना आयुक्त बनाए गए हैं। इसके अलावा 10 नए राज्य सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की गई है।

शासन द्वारा गुरुवार को जारी किए गए आदेश के अनुसार नए सूचना आयुक्तों में सुधीर कुमार सिंह, गिरजेश कुमार चौधरी, डॉ. दिलीप कुमार अग्निहोत्री, पदुम नारायण द्विवेदी, स्वतंत्र प्रकाश, मोहम्मद नदीम, राजेंद्र सिंह, शकुंतला गौतम, राकेश कुमार व वीरेंद्र प्रताप सिंह शामिल हैं। राज कुमार विश्वकर्मा 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी रहे हैं। डीएस चैहान के बाद उन्हें कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक बनाया गया था। मूल रूप से जौनपुर के रहने वाले विश्वकर्मा सपा सरकार में आईजी कानून-व्यवस्था, पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड के महानिदेशक और चेयरमैन का पद भी संभाल चुके हैं। सूचना आयुक्तों का कार्यकाल तीन वर्ष के लिए है।

# यूको बैंक घोटाला मामले में सीबीआई का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

- राजस्थान-महाराष्ट्र के 7 शहरों में 67 जगहों पर कार्रवाई

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यूको बैंक में 820 करोड़ रुपये के आईएमपीएस घोटाले के संबंध में राजस्थान और महाराष्ट्र के सात शहरों में 67 स्थानों पर तलाशी ली है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह मामला 8,53,049 से अधिक आईएमपीएस (तत्काल भुगतान प्रणाली) लेन-देन से संबंधित है जो पिछले साल 10 नवंबर से 13 नवंबर के बीच बैंक में हुए थे। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा कि सात निजी बैंकों के लगभग 14,600 खाताधारकों से शुरू किए गए आईएमपीएस आवक लेन-देन को यूको बैंक के 41,000 से अधिक खाताधारकों के खातों में गलत तरीके से पोस्ट किया गया था। इसके परिणामस्वरूप 820 करोड़ रुपये मूल बैंकों से वास्तविक डेबिट किए बिना यूको बैंक खातों में जमा किए गए थे।

अधिकारियों ने कहा कि बुधवार को राजस्थान और महाराष्ट्र में तलाशी उन लोगों पर केंद्रित थी, जिन्होंने पैसे प्राप्त किए और बैंक को वापस करने के बजाय इसे निकाल लिया।

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष** | व्यापारिक कर्ज में डूबे ससुराल को मुसीबत से बाहर निकाला, लंदन तक भेजा उत्पाद

# कभी घर-घर जाकर लेती थीं ऑर्डर, आज दो फैक्ट्रियों की एमडी

राजीव त्रिवेदी, कानपुर

### संघर्ष की मिसाल



- महिला होने के नाते लोग मारते थे ताने आज दे रहीं 150 लोगों को रोजगार

**अमृत विचार :** जमीन से आसमान तक का सफर मुसीबतों के बीच तय करके मुकाम बनाना हर किसी के बस में नहीं होता। महिला उद्यमी ममता शुक्ला की कहानी एक ऐसी ही संघर्ष गाथा है। एक वक्त था जब वे एक अदद ऑर्डर के लिए दरवाजे-दरवाजे दस्तक देती थीं, आज शहर में दो बड़ी फैक्ट्रियों की मालिक हैं। उन्होंने ससुराल पर चढ़ा व्यापारिक कर्ज तो उतारा ही समाज के तानों की परवाह न करते हुए खुद को साबित भी किया।

उद्यमी ममता शुक्ला ने बताया कि कारोबार संभालने में कभी रुचि नहीं थी। वे पर्दे वाली बहू थीं, जिसका दायरा काफी सीमित था। 1988 में पति डॉ. प्रदीप शुक्ला ने 'पारुल होम्योलैब' नाम से फर्म शुरू की। दो साल बाद इस फर्म की वजह से कर्ज हो गया। बैंक में मकान तक गिरवी हो गया। 1991 आते-आते कारोबार भी ठप हो गया। परिवार की हालत देखकर उन्होंने अपनी सास से कारोबार दोबारा शुरू करने की इच्छा जताई। सास विंदेश्वरी शुक्ला ने उनका हौसला बढ़ाया। इस पर उन्होंने दोबारा कारोबार शुरू करने की ठानी। होम्योपैथिक दवाइयां और उसमें इस्तेमाल होने वाली स्वीट पिल्स 'सफेद छोटी गोलियां' का कारोबार दोबारा शुरू किया।

90 के दशक में घर की बेटियों और बहुओं का कामकाज करना समाज में कम ही था। ऐसे में उन्होंने शहर से बाहर जाकर ऑर्डर लाने का निर्णय लिया। शुरुआत प्रयागराज से की। वहां पर होम्योपैथिक डॉक्टरों के घर-घर जाकर ऑर्डर लिए। वह पैदल और ऑटो से पूरा शहर घूमती थीं। उद्यमी ममता शुक्ला ने बताया कि उस वक्त मार्केटिंग में महिलाएं बहुत कम थीं। बाजार में कई बार लोग ताने मारते थे। लोगों को भरोसा नहीं होता था इसलिए उधार कच्चा माल कोई व्यापारी नहीं देता था। बमुश्किल इलाहाबाद से ऑर्डर मिले जिससे आत्मविश्वास बढ़ा। ऑर्डर मिलने के बाद उत्पाद की पैकिंग खुद अपने हाथों से करती थीं। बच्चे छोटे थे तो उनकी देखभाल और घर की भी जिम्मेदारी भी थी।

बाजार में कुछ समय गुजारने के बाद उन्होंने पाया कि कम रेट में बेहतर क्वालिटी से उनका उत्पाद लोगों और डॉक्टर के बीच चर्चित हो रहा है। इसी मंत्र को वे आज तक कायम रखे हैं। धीरे-धीरे कारोबार बढ़ा और बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश, असम सहित अन्य राज्यों में उनके उत्पाद जाने लगे। अब वे उत्पाद पनकी की दो फैक्ट्री में बनवाती हैं। एक में 'स्वीट पिल्स' और दूसरी में होम्योपैथिक दवाइयां बनाई जाती हैं।

वर्ष 1999 में उन्होंने उत्पादों को लंदन तक भेजा। दो साल तक विदेश में कारोबार करने के बाद उन्होंने भारतीय बाजार की ओर रुख किया। अब दोबारा निर्यात की योजना बना रहीं हैं। महिला उद्यमी ने बताया कि उनके संघर्ष में बड़े बेटे की अहम भूमिका रही। बड़ा बेटा अमित शुक्ला 14 वर्ष की उम्र में उनके साथ सड़क पर घूमता था। उन्हें दुख है कि इस वजह से वह सेना में जाने का सपना पूरा नहीं कर पाया। मेधावी होने के बाद भी सिर्फ बीकॉम तक ही पढ़ाई कर सका।

# शहर में 82 अवैध मदरसे, बंदी का खतरा

## एसआईटी की अवैध मदरसों की जांच रिपोर्ट आने के बाद मची खलबली, इन पर भी हो सकती है कार्रवाई

एक्सक्लूसिव

शिव प्रकाश मिश्रा, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रदेश में अवैध मदरसों को बंद करने की एसआईटी की सिफारिश के बाद शहर में भी खलबली मची है। शासन को सौंपी एसआईटी की रिपोर्ट के अनुसार 13 हजार अवैध मदरसे बंद किए जाएंगे। शहर में भी 82 अवैध मदरसे संचालित हैं। इन मदरसों की रिपोर्ट 2022-23 में शासन को भेजी जा चुकी है। अब इन पर भी कार्रवाई हो सकती है।

जिला अल्पसंख्यक विभाग के अधिकारियों के अनुसार पंजीकृत और अवैध मदरसों की जांच शहर में काफी समय पहले हो चुकी है। उसी समय पंजीकृत और अवैध मदरसों की सूची तैयार हुई थी। यह सूची शासन को भेजी गई थी। रिपोर्ट में शहर में पंजीकृत 200 और अवैध 82 मदरसे सामने आए थे। मदरसों की जांच में बाहरी फंडिंग, धर्मांतरण मुद्दा समेत कई अन्य बिंदु भी उस समय सामने आए थे जिससे शासन को अवगत कराया गया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब एसआईटी की सिफारिश के बाद माना जा रहा है कि शहर के अवैध मदरसों की फाइल भी खुल सकती है। इसी कारण शहर के भी मदरसों में खलबली मची है।

- इन मदरसों की जांच रिपोर्ट पिछले साल शासन को भेजी जा चुकी है

"एसआईटी जांच पूरी होने और अवैध मदरसों पर कार्रवाई की सिफारिश करने की जानकारी है। शहर में 82 अवैध मदरसे संचालित हैं। उक्त मदरसों की सूचना विभाग स्तर पर शासन को भेजी थी। कार्रवाई के लिए अभी कोई आदेश, दिशा-निर्देश नहीं मिले हैं।

**पवन कुमार सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी**



### बच्चों की नौकरी पर भी संकट

शहर में आलीशान मदरसे बने हैं, मगर इन मदरसों का कोई हिसाब नहीं दे पाया। यह तक नहीं बता सके कि मदरसों का निर्माण कैसे हुआ। पंजीकरण और अन्य दस्तावेज भी नहीं हैं। अब यह बात सामने आ रही है कि इन मदरसों में जो बच्चे शिक्षा ले रहे हैं, उनकी नौकरी पर भी संकट है क्योंकि बगैर पंजीकरण के यह मदरसे अवैध हैं।

### अवैध और वैध में अंतर क्या

मदरसों के वैध और अवैध होने के मामले में पेंच फंस गया है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि इसका हमारे पास कोई मानक नहीं है जिससे हम निर्धारित कर सकें। फिलहाल ये माना जाता है कि मान्यता प्राप्त है तो वैध, नहीं तो अवैध। जैसे कि एसआईटी ने माना है। सवाल यह है कि हमारे यहां से मान्यता प्राप्त नहीं हैं, मगर मदरसों को अल्पसंख्यकों की कमेटी चला रही है तो उसे क्या कहेंगे। इस बारे में अल्पसंख्यक समाज के एक व्यक्ति ने बताया कि अगर सरकार से मद लेते हैं तो मान्यता प्राप्त और अगर कमेटी मिलकर चंदे से मदरसा चलाती है तो गैर मान्यता प्राप्त कह सकते हैं। उसे अवैध नहीं बोला जा सकता है। जितना बड़ा मदरसा उतनी बड़ी कमेटी।

## शादी से नाराज परिजनों ने ससुराल वालों को पीटा

**कानपुर।** बर्रा क्षेत्र निवासी विवाहिता ने अपनी मां, बहन, भाई व उसके साथियों पर ससुराल में घुसकर मारपीट, छेड़छाड़ करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। विवाहिता के मुताबिक उसने करीब 20 माह पूर्व अपनी मर्जी से शादी की थी, जिस कारण से परिजन नाराज हैं।

बर्रा तीन निवासी महिला ने बताया कि 15 मई 2022 को उसने गोविंद नगर चार ब्लॉक स्थित गुरुद्वारे में युवक से विवाह किया था। जिसका परिजन विरोध करते थे। बताया कि बीते तीन फरवरी को उसकी मां, दो बहनें, भाई व उसके साथी ससुराल आ धमके। आरोप है कि उक्त लोगों ने जबरन घर में घुस कर ननद से छेड़खानी की, गाली गलौज कर पेट में लात मारने का प्रयास किया।

## पंजीकरण नहीं तो फंस सकती है छात्रवृत्ति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (एनएसपी) पर संस्थान का पंजीकरण न होने से छात्रों की छात्रवृत्ति रुक सकती है। कई संस्थानों का डाटा संदेहास्पद श्रेणी में आ गया है। अगर दुरुस्त नहीं हुआ तो छात्रवृत्ति नहीं मिलेगी।

राज्य पोषित दशमोत्तर छात्रवृत्ति के तहत अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन डाटा फीड किया।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी पवन कुमार सिंह ने बताया कि राज्य पोषित दशमोत्तर छात्रवृत्ति के तहत निजी क्षेत्र के ऐसे शिक्षण संस्थान जो एनएसपी पोर्टल पर पंजीकृत नहीं हैं, उनका डाटा जांच के बाद संदेहास्पद श्रेणी में आ गया है। निस्तारण कराने के लिए विद्यालयों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। उक्त सभी विद्यालयों को सूचना भेजी जा चुकी है।

विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को बताया गया है कि पंजीकरण के बाद तत्काल प्रिंट आउट डीएमओ कार्यालय में जमा कर दें। निजी क्षेत्र के ऐसे संस्थान जिनके अल्पसंख्यक कैटेगरी के छात्रों ने छात्रवृत्ति आवेदन किया है उनको नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर संस्था का पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

- नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर संस्थान का पंजीकरण होना अनिवार्य है

## लेदर से जुड़े 50 स्टार्टअप हो रहे तैयार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में चमड़ा उद्योग से जुड़े 50 स्टार्टअप तैयार हो रहे हैं। इन स्टॉर्टअप पर काम करने वाले युवाओं को सीएलआरआई की ओर से प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को चमड़ा उत्पादों से जुड़ी विश्व बाजार की मांगों के बारे में बताया गया। इस प्रशिक्षण में उन्हें चर्म कारोबार का प्रबंधन करने के तरीके भी बताए गए।

केन्द्रीय चर्म अनुसंधान संस्थान की ओर से चमड़ा उद्योग से जुड़े युवाओं को बाजार की नई विधाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। सीएलई ऑडिटोरियम, केएलसी कॉम्प्लेक्स में हुए प्रशिक्षण में वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ आर अरविंदन ने कहा कि नवाचार नए प्रयोग और नई तकनीक का मिश्रण है। आज चर्म क्षेत्र में हरित तकनीकी विकल्प के रूप में मौजूद है। नवाचार में इस तकनीक का प्रयोग नए तरह के कारोबार को जन्म दे सकता है। उन्होंने कार्बन फुटप्रिंट और सर्कुलरिटी पर भी युवाओं को जानकारी दी।

सीएलआरआई के क्षेत्रीय केंद्र प्रभारी वैज्ञानिक अभिनंदन कुमार ने युवाओं को वैश्विक बाजार में चर्म क्षेत्र में नए आविश्वकारों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि निर्यात में बढोत्तरी के साथ ही वैश्विक बाजार में नए तरह के चमड़े, उत्पाद और डिजाइन की मांग बढ़ गई है। आजकल हालात यह है कि इस मांग के मुकाबले कारोबारी आपूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में नवाचार के जरिए इस आपूर्ति चेन को बेहतर किया जा सकता है। वरिष्ठ तकनीकि अधिकारी नरेंद्र सिंह व तकनीक अधिकारी कुलदीप विश्वकर्मा ने युवाओं को कारोबार से जुड़ी नवीन तकनीक के बारे में जानकारी दी।



युवाओं को लेदर तकनीक की जानकारी दी गई। अमृत विचार

- नवाचार पर सीएलआरआई दे रहा प्रशिक्षण
- युवाओं को विशेषज्ञ बता रहे हैं वैश्विक बाजार की मांग

## कुत्ते को सड़क पर पटकने का वीडियो वायरल

**कानपुर।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र में कुत्ते को सड़क पर पटकने के मामले में जीवों का रखरखाव करने वाली संस्था ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। बीते तीन मार्च घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

गुजैनी निवासी शिवबरन गौतम व सतीश ने एक कुत्ते की बेरहमी से पिटाई कर दी थी। वायरल फुटेज में शिवबरन व सतीश एक कुत्ते को बेरहमी से पीटते दिखाई पड़ रहे थे। उसे सड़क पर कई बार पटका था। इसका सीसीटीवी वायरल होने के बाद उम्मीद एक किरण के संस्थापक मयंक त्रिपाठी ने गोविंद नगर थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी थी। थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ पशुक्रूरता अधिनियम की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## मिक्की हाउस पार्क का तोहफा मिलेगा जल्द

गुड न्यूज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किदवई नगर के सबसे पुराने फन पार्क मिक्की हाउस की सौगात जल्द शहरवासियों को मिलेगी। मिक्की हाउस के कबाड़ को हटाने के साथ उसे नगर निगम पुनः विकसित करेगा। इसके लिए नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कमेटी भी बनाई है। कमेटी मिक्की हाउस पार्क के विकास के लिए उसके डिजाइन व ड्राइंग के आधार पर अपनी रिपोर्ट देंगी।

हाईकोर्ट में दाखिल रिट अमित मिश्रा बनाम उत्तर प्रदेश सरकार केस में कोर्ट ने एक मार्च को फैसला दिया कि किदवई नगर स्थित मिक्की हाउस से कबाड़ हटाए जाने के लिए नगर निगम कार्रवाई करे।

इस आदेश का अनुपालन में नगर आयुक्त ने गुरुवार को उद्यान अधिकारी डॉ. वीके सिंह के साथ मिक्की हाउस का निरीक्षण किया। इस मौके पर जोनल स्वच्छता अधिकारी आशीष बाजपेयी भी मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने मिक्की हाउस के अन्दर के कबाड़ हो हटाये जाने के साथ ही उसे निष्प्रयोज्य सामग्रियों को तत्काल नीलामी के माध्यम से बेचे जाने के भी निर्देश दिया।

नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त अमित कुमार भारतीय की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। जिसमें प्रभारी अधिकारी वर्कशाप डा. अमित सिंह, जोन-3 के जोनल अधिकारी चन्द्र प्रकाश, एक्सईएन नानक चन्द्र और उद्यान अधिकारी डा. वीके सिंह कमेटी के मेंबर होंगे। कमेटी पूरे मिक्की हाउस का जायजा लेकर सभी काम को अपनी देख-रेख में मिक्की हाउस के उपयोग व इसकी सुंदरता के लिए डिजाइन, ड्राइंग को देखते हुए अपनी रिपोर्ट नगर आयुक्त को देनी होगी। तब तक मिक्की हाउस के अंदर की निष्प्रयोज्य सामग्रियों को तत्काल हटाये जाने का काम जल्द शुरू हो जाएगा।




मिक्की हाउस का निरीक्षण करते नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन।

- तीन साल पहले खत्म हो गई थी मिक्की हाउस की 30 साल की लीज
- कोर्ट ने मिक्की हाउस के कबाड़ को हटाने व निस्तारण का दिया है आदेश

### रिन्यूवल नहीं दिया था कोर्ट ने

नगर निगम ने कई बार कंपनी को नोटिस दी। 30 जून 2021 को लीज के 30 साल पूरे हो गए। कंपनी ने लीज रिन्यूवल के लिए कोर्ट में याचिका लगाई। लेकिन शर्तो के के उल्लंघन को ध्यान रखते हुए कोर्ट ने रिन्यूवल की परमीशन नहीं दी। जिसके बाद मिक्की हाउस नगर निगम ने अपने कब्जे में ले लिया था और पब्लिक के घूमने के लिए एक छोटा गेट खोल दिया था।



# इरफान गैंग पर ईडी का निशाना


विधायक इरफान सोलंकी और परिवार की कोठियां आस-पास हैं। अमृत विचार

## टाइम लाइन

**5:30** बजे सुबह विधायक इरफान सोलंकी के आवास पर टीम पहुंची और रात 8 .30 पर निकली।

**6:00** बजे सुबह रिजवान सोलंकी के आवास टीम पहुंची और रात 8 .30 पर निकली

**6:10** सुबह पर स्व. हाजी मुश्ताक सोलंकी के आवास पर टीम पहुंची और रात 7 .45 पर निकली।

**6:50** सुबह नूरी शौकत के यहां टीम पहुंची और शाम 5 .30 पर निकली।

**7:00** बजे सुबह भन्नानापुरवा में बिल्डर हाजी वसी के घर टीम पहुंची और शाम 5 .50 पर निकली।

- आयकर रिटर्न में केवल छह लाख प्रतिवर्ष औसत आय दिखाई
- इरफान के पिता मुलायम सिंह के करीबी साथी रहे थे

### विरासत में मिली राजनीति, अखिलेश के करीबी हैं इरफान

**कानपुर।** राजस्थान के अजमेर में इरफान सोलंकी का जन्म पांच जून वर्ष 1979 को हाजी मुश्ताक सोलंकी के घर हुआ था। इरफान को राजनीति विरासत में मिली है। उनके पिता स्व. हाजी मुश्ताक सोलंकी मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबी माने जाते थे। इरफान सोलंकी को अखिलेश यादव का करीबी माना जाता है। अपने पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए इरफान सोलंकी ने पहली बार वर्ष 2007 में कानपुर में आर्यनगर सीट से सपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा और जीते। 2012 और 2017 में भी इरफान सोलंकी को कोई हरा नहीं पाया। इरफान सोलंकी की वर्ष 2003 में नसीम सोलंकी के साथ शादी हुई थी। इससे उन्हें एक बेटा और दो बेटियां हैं। इरफान सोलंकी का लेदर का कारखाना है। उनके पास नागोरी टेनरी, मेराज टेनरी, राजस्थान टेनरी, आरएनजेड टेनरी है। साथ ही सोलंकी धर्म कांटा भी है। इरफान सोलंकी दिसंबर 2022 से जेल में बंद हैं। इरफान पांच भाई हैं। जिनमें रिजवान सोलंकी, इमरान सोलंकी, फैजान सोलंकी, अरशद सोलंकी हैं।

# आय नहीं बढ़ी पर संपत्ति 282 प्रतिशत बढ़ गई

## 2016 से 2022 तक विधायक रहने के दौरान इरफान सोलंकी का लेखा-जोखा, पांच वर्षों में 12 करोड़ रुपये मिलने के साक्ष्य मिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सपा विधायक इरफान सोलंकी पर ईडी के छापे के दौरान पता चला कि वर्ष 2016 से 2022 तक उनके विधायक रहने के दौरान उनकी संपत्ति 282 प्रतिशत बढ़ गई जबकि उनकी आय में कोई वृद्धि नहीं हुई है। जांच में इरफान की कई बेनामी संपत्तियां भी सामने आईं।

आरोप है कि राजनैतिक प्रभाव और अपराध से अवैधानिक रूप से कमाए गए धन को वैध करने के लिए इरफान सोलंकी कई फर्जी व्यवसायिक संस्थाएं भी बनाईं। बैंक अकाउंट की पड़ताल से पता चला है कि पिछले पांच वर्षों में इरफान को नकद और ट्रांसफर के माध्यम से लगभग साढ़े 12 करोड़ रुपये मिले। जबकि आयकर रिटर्न में केवल छह लाख रुपये प्रतिवर्ष औसत आय दिखाई थी।


इरफान सोलंकी। अमृत विचार


भाई रिजवान। अमृत विचार

### इरफान- रिजवान की 200 करोड़ की संपत्तियां

- सपा विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी की कानपुर में तकरीबन 200 करोड़ की संपत्तियां हैं। यह कमिश्नरेट पुलिस की जांच में सामने आया था। कई संपत्तियां पुलिस पहले ही सीज कर चुकी है। विधायक, रिजवान और उनकी पत्नी के नाम पर चकेरी स्वर्ण जयंती विस्तार योजना में 300 वर्ग मीटर के तीन प्लॉट थे। साथ ही विधायक के नाम पर गाजियाबाद में 300 वर्गमीटर का प्लॉट, ग्रेटर नोएडा स्थित फ्लैट समेत 25 से 30 करोड़ की संपत्तियां हैं। इरफान और उनके भाई रिजवान सोलंकी ने 10 सालों में टेनरी से लेकर कई बड़े व्यापार शुरू किए। जाजमऊ और आर्यनगर समेत कई बड़े हाउसिंग प्रोजेक्ट में भी करोड़ों रुपये का निवेश किया। इतना बड़ा निवेश कहां से आया, कैसे कमाया गया? इसको लेकर ईडी ने जांच शुरू की है। इरफान परिवार पर छापे में 13 नंबर वाली लग्जरी कारें भी ईडी को खड़ी मिली हैं। इनकी भी जांच की गई।

### अधिवक्ता ने छापे पर सवाल उठाया

- विधायक इरफान के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर ईडी की कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इरफान के जाजमऊ स्थित घर में परिजन मौजूद नहीं हैं। विधायक की पत्नी उनसे मिलने महराजगंज गई हैं। ईडी टीम ने घर के सभी कैमरों के कनेक्शन भी काट दिए हैं।

### बिल्डर के साथ दंगे का मास्टरमाइंड है हाजी वसी

तीन जून को नई सड़क पर हुए दंगे में बिल्डर हाजी वसी को जेल भेजा गया था। बेकनगंज थाना क्षेत्र स्थित यतीमखाना, नई सड़क में तीन जून 2022 को भाजपा नेता नुपुर शर्मा के विवादित बयान के बाद हिंसा भड़क गई थी। हिंसा को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया था। दोनों पक्षों के बीच जमकर पथराव, फायरिंग और पेट्रोल बम चले थे। बिल्डर हाजीवसी पर फंडिंग के आरोप लगे थे। नई सड़क हिंसा के बाद पुलिस ने उसे आरोपी बनाया था। इसके साथ ही उसकी कई बिल्डिंगों को सील कर दिया गया था। उसपर गैंगस्टर भी कार्रवाई की गई थी। वह जमानत पर बाहर चल रहा है।


हाजी वसी।

### फरारी में मदद की थी नूरी शौकत ने

हिस्ट्रीशीटर शौकत अली नूरी शौकत के पिता हैं। शौकत अली की फर्म वाशहस बिल्डर के नाम से थी। वाशहस बिल्डर फर्म में इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी पार्टनर थीं। ईडी की टीम ने नूरी शौकत और उनके पिता की फर्म से जुड़े कागजात भी देखे। नूरी शौकत से पूछताछ भी की गई। जाजमऊ आगजनी मामले में जब इरफान सोलंकी गिरफ्तारी से बचने के लिए फरारी काट रहे थे। उसी दौरान नूरी शौकत पर फर्जी आधार कार्ड बनवाने और हवाई जहाज की टिकट बुक कराने के आरोप लगे थे। पुलिस ने नूरी शौकत और इरफान सोलंकी समेत सात लोगों के खिलाफ ग्वालत्रटोली में मुकदमा दर्ज कराया था।


नूरी शौकत ।


सपा विधायक के घर ईडी कर्मी फोटो कॉपी मशीन लेकर जाते हुए ।


सपा विधायक के घर ईडी कर्मी कटर मशीन लेकर जाते हुए।

### रुपये गिनने की मशीन भी मंगाई

- इरफान के गैंग में नूरी शौकत के पिता हिस्ट्रीशीटर शौकत अली पहलवान भी शामिल है। इरफान और शौकत के बीच कारोबारी रिश्ते भी हैं। पुलिस ने बीते साल शौकत के 30 से ज्यादा अपार्टमेंट सील किए थे। सूत्रों ने बताया कि दोपहर के बाद ईडी की टीम ने दस्तावेजों की फोटोकॉपी कराने के लिए मशीन, डिजिटल तिजोरी तोड़ने काटने के लिए कटर मशीन और रुपये गिनने की मशीन भी मंगाई थी। अफसरों ने दस्तावेज और सामान की जांच की। सूत्रों ने बताया कि इरफान और उनके भाई के हाउसिंग प्रोजेक्ट में करोड़ों के निवेश को लेकर जांच शुरू हुई है। हालांकि, ईडी के अफसरों ने कुछ भी बोलने से साफ इंकार कर दिया।


घटना की आपबीती बतातीं नजीर फातिमा व बेटी कनीज। अमृत विचार

# ऊपरवाले पर हमें भरोसा है आरोपियों को मिलेगी सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

**अमृत विचार।** सात नवंबर की रात वो लोग कभी भूल नहीं सकते जब प्लॉट पर कब्जा करने के लिए रिजवान सोलंकी ने अपने साथियों के साथ दीवार गिराकर उनकी झोपड़ी में आग लगा दी थी। वे लोग भतीजे के वलीमे कार्यक्रम में गए हुए थे। उन लोगों को जैसे ही पता चला तो वे लोग मौके पर पहुंचे जहां रिजवान अपने साथियों के साथ मौजूद था। यह आरोप है प्लॉट मालिक नजीर फातिमा और उनकी बेटी कनीज का। उनका कहना था कि विधायक के परिवार से उन लोगों का विवाद काफी पुराना है। ऊपरवाले पर पूरा भरोसा है कि आरोपियों को सजा जरूर मिलेगी।

उन्होंने कहाकि उन लोगों को अभी भी जान का खतरा बना हुआ है। रहने का कोई ठिकना नहीं है, प्लॉट पर एक पन्नी है, वो भी फटी हुई। वो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रार्थना कर रहे हैं कि उनको इंसाफ मिले और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई हो। इस प्लॉट का ही विवाद सोलंकी परिवार से चल रहा है। इसके बाद भी रिजवान सोलंकी ने तीन माह पहले जेल में रहते हुए रजिस्ट्री करा ली।

### ड्राइवर बोला, अफसरों ने जब्त किए पुराने मोबाइल

- इरफान सोलंकी के पुराने ड्राइवर अनीस ने बताया कि उनसे यह पूछा गया कि परिवार के लोग कहां-कहां गए हुए हैं और घर में कहां-कहां क्या-क्या सामान रखा है। कुछ पुराने मोबाइल भी जब्त करके ले गई है और कुछ जमीन के कागजात भी अपने साथ ईडी के अधिकारी लेकर गए हैं। करीबियों ने बताया कि इरफान सोलंकी का परिवार उनसे मिलने महाराजगंज जेल गया हुआ है।

# उजाला होने से पहले घरों में दाखिल हुई थी ईडी

- मोबाइल जमा कराए सीसीटीवी कनेक्शन काटे
- दस्तावेज जांचे, फोटोकॉपी भी कराई गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

**अमृत विचार।** सपा विधायक इरफान सोलंकी, भाई रिजवान सोलंकी, पिता स्व. हाजी मुश्ताक सोलंकी, सपा नेत्री नूरी शौकत व बिल्डर व दंगे का मास्टरमाइंड हाजी वसी के घर ईडी उजाला होने से पहले ही दाखिल हो गई। सभी स्थानों पर दस्तावेज खंगाले गए। अफसरों ने घर में घुसते ही लोगों के मोबाइल जमा करा लिए। सीसीटीवी कनेक्शन काट दिए। देर शाम तक सभी की बेनामी संपत्ति की तलाश होती रही। ग्वालटोली सूटरगंज में सारा-2 अपार्टमेंट स्थित नूरी शौकत के घर टीम ने डेरा डाल दिया। 15 घंटे से ज्यादा समय तक टीमों ने दस्तावेजों के साथ पूरे घर में परिजनों से अलग-अलग पूछताछ की। फोटो कॉपी मंगाकर टीम ने कागजों को एकत्र किया।


सपा विधायक के आवास पर छापा मारने कार से पहुंचे ईडी अफसर। अमृत विचार

### हाजी वसी की कंपनी में इरफान की पत्नी डॉयरेक्टर

- विधायक इरफान सोलंकी के साथी बिल्डर हाजी वसी के चमनगंज के भन्नापुरवा स्थित घर पर भी ईडी की छापेमारी हुई। हाजी वसी की कंपनी मेराज कंस्ट्रक्शन में इरफान की पत्नी डॉयरेक्टर हैं। इसलिए उनके ठिकानों पर भी ईडी पहुंची। हाजी वसी तीन जून नई सड़क हिंसा के मामले में फंडिंग के मामले में भी मुख्य आरोपी बनाया गया था। इसके अतिरिक्त, विधायक के पेंचबाग स्थित पुराने मकान पर भी ईडी की टीमें मौजूद रहीं। यहां पर भी आय और खर्च से संबंधित दस्तावेज खंगाले गए।


सपा विधायक के आवास के अंदर मौजूद सीआरपीएफ जवान।

### 15 घंटे से ज्यादा चली छानबीन

- 15 घंटे से ज्यादा चली ईडी की कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा। गुरुवार रात करीब 8 .30 बजे के बाद ईडी टीम सीआरपीएफ की मौजूदगी में लखनऊ के लिए रवाना हुई। इससे कुछ देर पहले ही सभी अफसरों की गाड़ियों को आरोपियों के बंगलों के गेट के पास लगवा दिया गया था। ईडी अफसर के पास एक काले रंग का बैग था। अंदेशा जताया जा रहा है, कि इसमें में कैश है। अधिकारी फोटो कॉपी मशीन और कटर मशीन को लेकर बाहर निकले। मीडिया कर्मियों से ईडी अफसरों ने बात करने से इन्कार कर दिया।



नूरी शौकत के आवास पर ईडी के छापे के दौरान मौजूद सीआरपीएफ जवान।

# सपा नेत्री नूरी शौकत के घर पर हुआ हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सपा नेत्री नूरी शौकत के घर पर भी सुबह ईडी की टीम पहुंची। सीआरपीएफ गेट पर तैनात कर दी गई थी। किसी का भी घर में आना जाना बंद कर दिया गया था। परिवार के सदस्यों ने बताया कि उनके घर का बच्चा एडमिट है, उसे मां के दूध की जरूरत है। इसलिए उन लोगों ने टीम से हॉस्पिटल जाने की परमीशन मांगी थी। परमीशन मंजूर हो गई। तभी मां को बच्चे के पास भेजा गया।

नूरी शौकत के भाई अशरफ अली उर्फ शेखू ने मीडिया कर्मियों को जानकारी दी कि घर में केवल मां हैं, नूरी को कहीं दूसरी जगह ले जाकर पूछताछ की जा रही है। हंगामा होने लगा। उन्होंने बताया कि सुबह साढ़े छह बजे टीम आई थी। उनके मोबाइल जमा करा लिए थे। ये पूछने पर कि क्या आपके नाम पर ही आधार कार्ड बनाकर हवाई यात्रा की गई थी, इस पर शेखू ने कहा कि ये जांच का विषय है।

### हाजी पर टेरर फंडिंग का आरोप

- भाजपा नेता नुपुर शर्मा के बयान के विरोध में कानपुर में फैन्स एसोसिएशन के हयात जफर हाशमी के नेतृत्व में नई सड़क पर दंगा हुआ था। इस दंगे में हाजी वसी पर टेरर फंडिंग का आरोप लगा था। इसी वजह से ई+डी वसी के घर पहुंची और बैंक खातों के साथ आय के साधन तलाशे।

### और बढ़ीं इरफान की मुश्किलें

- बांग्लादेशी नागरिक डॉ. रिजवान और उसके बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सत्यापन लेटर जारी करने में इरफान का नाम सामने आया था। इस काम में आरोपी मतीन की जांच हुई तो हवाला कारोबार से जुड़े होने की बात सामने आई। मतीन के दाऊद इब्राहिम से संपर्क में रहने की बात सामने आई थी। नई सड़क हिंसा के मामले में हमराज कॉम्पलेक्स में पत्नी की हिस्सेदारी की बात खुलने और अशरफ अली उर्फ शेखू के नाम से फर्जी आधार कार्ड बनाकर मुंबई तक ट्रैवल करने की वजह से सपा विधायक इरफान सोलंकी लगातार मुश्किलों में फंसते चले गए। इरफान ने ही बांग्लादेशी नागरिक डॉ रिजवान के लिए भारत की नागरिकता के लिए पूर्व पार्षद मन्नू रहमान से लेटर जारी कराया था।

**दिक्कत में विधायक** इरफान और रिजवान के कई मुकदमे ट्रायल पर, एक केस में तो 6 मार्च को फैसला आना था पर टल गया

# तारीख पर तारीख, विधायक पर चल रहे 18 मुकदमे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अपने बंगले के पास गरीब की झोपड़ी में आग लगाने के मामले में फंसे सपा विधायक इरफान सोलंकी इसके बाद उबर नहीं पाए। एक के बाद एक, उन पर कई मुकदमे लगते गए। कई मुकदमों में तो ट्रायल चल रहा है। उन पर कुल 18 केस हैं। 2017 के आचार संहिता उल्लंघन के केस में तो 6 मार्च को ही फैसला आना था लेकिन सरकार के ऊपरी अदालत में याचिका दायर कर देने से फैसला लटक गया। अब इस मामले में 14 मार्च को सुनवाई है।

### 14 मार्च को आना है फैसला

- पिछले एक साल से ज्यादा समय से इरफान सोलंकी महराजगंज जेल में बंद हैं। उनके खिलाफ 14 मार्च को आगजनी और आचार संहिता उल्लंघन के मुकदमे में फैसला आना संभव है। उससे पहले इतनी बड़ी कार्रवाई से हड़कंप मचा पड़ा है।

### अशरफ के नाम से इरफान का फर्जी आधार बना

- आरोप था कि इरफान को गिरफ्तारी से बचाने के लिए नूरी शौकत ने अपने अकाउंट से अशरफ अली के नाम से हवाई जहाज का टिकट निकाला। अशरफ के नाम से इरफान का फर्जी आधार कार्ड बनवाया गया। नूरी ने अपने ड्राइवर के साथ मिलकर इरफान को दिल्ली एयरपोर्ट तक छोड़ा फिर इरफान खुद को अशरफ बताकर एयरपोर्ट में प्रवेश पा गया और 11 नवंबर 2022 को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मुंबई के छत्रपति शिवाजी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक का सफर इंडिगो की फ्लाइट से किया।

**आगजनी मामले में बहस पूरी:** नवंबर 2022 में जाजमऊ में एक महिला के प्लॉट पर आगजनी के मामले में इरफान सोलंकी को दिसंबर 2022 में जेल भेजा गया था। फिलहाल, इरफान महराजगंज जेल में हैं। बीते हफ्ते एडीजे-11 की कोर्ट में इस केस की बहस पूरी हो गई। **फर्जी आधार कार्ड पर यात्रा केस चल रहा:** इरफान के खिलाफ कोर्ट में फर्जी आधार कार्ड पर हवाई यात्रा करने का भी केस चल रहा है। इस मामले में सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत सात आरोपियों के खिलाफ एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश आलोक यादव ने आरोप तय कर दिए हैं। मुकदमे में 18 मार्च से गवाही शुरू हो जाएगी। जाजमऊ आगजनी मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए इरफान ने दिल्ली से मुंबई तक की हवाई यात्रा की थी।

पूर्व में जाजमऊ प्रभारी निरीक्षक रहे अशोक कुमार दुबे ने ग्वालटोली थाने में 26 नवंबर 2022 को नौ आरोपियों इरफान सोलंकी, उनके साले अनवर मंसूरी व अख्तर मंसूरी, सपा नेता नूरी शौकत, उसके भाई अशरफ अली उर्फ शेखू नूरी, नूरी के मौसा इशरत अली व ड्राइवर अम्मार इलाही उर्फ अली के अलावा रिजवान सोलंकी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### इरफान पर दर्ज हैं ये मुकदमे

- समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी पर 127/22, 151/22, 155/22, 156/22 थाना जाजमऊ, 286/10, 243/11, 198/22, 212/22 ग्वालटोली, 244/20, 23/22 चमनगंज, 10/17 कर्नलगंज, 40/14, 48/14, 42/14, स्वरूप नगर, 10/22 अनवरगंज, 54/22 मूलगंज, 1045/08 अचलगंज (उन्नाव) समेत 18 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें से कई मुकदमे में आरोप पत्र दाखिल हो गया है। वहीं कुछ में विवेचना की जा रही है, या फिर अंतरिम रिपोर्ट लग गई है।


रात साढ़े आठ बजे बैग लेकर निकली ईडी की टीम। अमृत विचार

एक नजर

### 12 मार्च को नीलाम किए जाएंगे 227 वाहन

**कानपुर।** ट्रैफिक पुलिस लाइन में खड़े 227 लावारिस व सीज वाहनों की 12 मार्च को नीलामी की जाएगी। नीलामी अपर नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में गठित समिति की निगरानी में होगी। डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने बताया कि 12 मार्च को 227 वाहनों की नीलामी होगी। जिनमें दो चार पहिया, 161 तीन पहिया व 64 दो पहिया वाहन हैं। नीलामी में शामिल होने के लिए जिस फर्म के पास जीएसटी नंबर, पेनकार्ड, आधार कार्ड होगा वही टोकन प्राप्त कर सकेगा। 50 रुपये जमा कर टोकन लेना होगा। नीलामी की धनराशि पर 18 प्रतिशत जीएसटी अलग से लिया जाएगा। नीलामी के बाद तीन चौथाई राशि तुरंत देनी होगी साथ ही तीन दिन के भीतर शेष राशि देनी होगी।

### रसायन विज्ञान का प्रश्न पत्र रहा कठिन

**कानपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान गुरुवार को इंटर रसायन विज्ञान का प्रश्न पत्र कठिन बताया गया। परीक्षार्थियों ने बताया कि बहुविल्पीय व लघु उत्तरीय प्रश्नों को करने में दिक्कत आई। 33,221 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी जिनमें 1,427 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं इंटर सामाजिक शास्त्र की परीक्षा में 5,025 परीक्षार्थियों में से 218 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 4807 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

# चेकिंग में लोडर सवार बदमाशों ने कर दी पुलिस पर फायरिंग

## मुठभेड़ में तीन बदमाश गिरफ्तार, जवाबी फायरिंग में एक आरोपी के पैर में लगी गोली

संवाददाता, सरसौल

**अमृत विचार।** महाराजपुर में लोडर सवार चार बदमाशों ने गुरुवार रात पुलिस पर फायरिंग कर दी। जिसके बाद पुलिस ने घेरकर बदमाशों से मोर्चा लिया और मुठभेड़ के बाद तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश की टांग में गोली लगी है जिसे सरसौल सीएचसी ले जाया गया। पुलिस पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ में जुट गई है।

गुरुवार रात एसएचओ महाराजपुर अपनी टीम के साथ प्रयागराज हाईवे पर वाहनों की रूटीन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान रात लगभग साढ़े आठ बजे कानपुर की ओर से एक तेज रफ्तार लोडर आता दिखाई दिया जिसमें नंबर प्लेट नहीं थी। संदिग्ध जानकर पुलिस कर्मियों ने लोडर को रुकने का इशारा किया तो चालक ने रफ्तार बढ़ा दी और फतेहपुर की ओर भागने लगा।

इस पर पुलिस पार्टी ने लोडर का पीछा किया, साथ ही सरसौल चौकी को इसकी सूचना दी। हाईवे पर पुलिस की बैरिकेडिंग देखकर बदमाश लोडर लेकर महुआ गांव वाली रोड पर भागने लगे जहां कुछ दूरी पर पुलिस ने पीछा करके उन्हें घेर लिया।

खुद को घिरा देखकर बदमाशों ने पुलिस पर फायर झोंक दिया और लोडर छोड़कर जंगल की ओर भागने लगे। इस दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश हिमांशु (20) पुत्र रामआसरे निवासी गुढ़ा गांव जनपद जालौन के पैर में गोली लग गई और वो वहीं गिर पड़ा। उसके दो अन्य साथी हर्ष (21) और अंकुश (20) भी पुलिस के हत्थे चढ़ गए जबकि इनका एक अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा। मुठभेड़ में घायल हुए बदमाश को पुलिस सरसौल सीएचसी इलाज के लिए लेकर गई। पकड़े गए तीनों बदमाशों के आपराधिक इतिहास खंगालने के साथ पुलिस इनसे पूछताछ में जुट गई है। घटना की सूचना पर डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार, एसीपी चकेरी दिलीप कुमार के अलावा सर्किल के तीनों थानों से भारी फोर्स मुठभेड़ वाली जगह पर पहुंच गया।



गोली लगने से घायल बदमाश। अमृत विचार

> संदिग्ध लोडर को चेकिंग के दौरान रोका तो उसने भागने का प्रयास किया। पीछा करने पर पुलिस पार्टी पर बदमाशों ने फायरिंग की। जवाब में पुलिस ने मुठभेड़ में तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इनसे पूछताछ की जा रही है।
>
> –श्रवण कुमार सिंह, डीसीपी पूर्वी

- महाराजपुर में हुई वारदात भारी फोर्स मौके पर पहुंचा

### ट्रेन की चपेट में आकर युवती की मौत

**कानपुर।** मैथा स्टेशन पर युवती ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वह घर से मामा रे घर मैथा जाने के लिए निकली थी। जीआरपी ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रावतपुर आदर्श नगर निवासी अर्पित ने बताया कि उसकी बहन रुचि बीए करने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करती थी। हाल में पुलिस कांस्टेबल भर्ती की परीक्षा दी थी। बहन अक्सर अकेले मैथा निवासी मामा के घर जाया करती थी। कल शाम बहन ट्रेन से मैथा गई थी। लेकिन मामा के घर नहीं पहुंची तो मामा का फोन आया। जिसके बाद रुचि को लगातार फोन मिलाया गया लेकिन फोन नहीं उठा। जिसके बाद रुचि की तलाश शुरू की लेकिन कोई पता नहीं चला।

गुरुवार सुबह रुचि के मोबाइल से पुलिस का फोन आया कि एक युवती का ट्रेन से एक्सीडेंट हो गया है। इस पर परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंकर उसकी शिनाख्त की। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

# महिला की जलकर मौत, पति पर आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की जलकर मौत हो गई। मायके पक्ष ने नशेबाजी में पति पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाने का आरोप लगाया है। आरोप लगाया गया कि पति ने नशे में पत्नी से गालीगलौज व मारपीट की। झुलसी महिला को पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर गुरुवार दोपहर में हैलट भेज दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पनकी क्षेत्र के कला का पुरवा निवासी अर्जुन सिंह उर्फ गिरधर सिंह की शादी 35 वर्षीय संध्या से हुई थी। जिससे उसकी बेटी आख्या व बेटा अभिनव है। बुधवार देर रात अर्जुन नशे में घर आया और किसी बात को लेकर पत्नी संध्या के साथ विवाद करने लगा। बगल में रहने वाली संध्या की जेठानी सुमन ने बताया कि रात लगभग 11 बजे संध्या अंदर से जलती हुई अवस्था में बाहर निकली। बेटे अंकुश और मोहल्ले के लोगों ने आग बुझाई और निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां से परिजन रावतपुर स्थित दूसरे नर्सिंग होम ले गए। गुरुवार दोपहर संध्या की हालत बिगड़ने पर हैलट रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद से पति अर्जुन फरार हो गया। एसीपी पनकी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### पत्नी के सिर पर मारी आरी, लहूलुहान

**कानपुर।** रावतपुर थाना क्षेत्र में कलह के चलते पति ने पत्नी के सिर पर आरी से वार कर दिया जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पत्नी के बेहोश होने के बाद पति फरार हो गया। पुलिस ने लहूलुहान अवस्था में महिला को हैलट में भर्ती कराया है। रावतपुर धुबियाना मोहल्ला निवासी बेटे राहुल ने बताया कि पिता विजय पाल प्लंबर है। पिता शराब के नशे में मां 28 वर्षीय निशा देवी के साथ अक्सर मारपीट करता है। मां के किसी से भी बात करने पर शक करता है। रात लगभग दस बजे इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा होने लगा। पिता ने मां के सिर पर आरी मार दी और घायल अवस्था में छोड़ फायर हो गया।

# होली पर तीन स्पेशल ट्रेनें चलेंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मुंबई गोरखपुर और पुणे रूट की हैं ये तीनों ट्रेनें



**अमृत विचार।** होली के त्योहार पर रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुंबई, पुणे, गोरखपुर रूट की तीन स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं। तीनों ट्रेनें कानपुर होकर जाएंगी।

01103 व 01104 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल/सीएसएमटी-गोरखपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन सीएसएमटी से हर गुरुवार को और गोरखपुर से हर शनिवार को चलेगी। ट्रेन 01103 सीएसएमटी से 22:35 बजे चलेगी। दादर, कल्याण, नासिक, भुसावल, इटारसी, भोपाल, झांसी व उरई होते हुए कानपुर सेंट्रल 19:18 बजे पहुंचेगी।

ठीक 10 मिनट के ठहराव के बाद रवाना होगी। जो लखनऊ, गोंडा, बस्ती होते हुए गोरखपुर शनिवार सुबह 9:30 बजे पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 01104 की वापसी शनिवार की दोपहर 3:30 गोरखपुर से होगी।

इसके अलावा 01123 व 01124 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-गोरखपुर साप्ताहिक स्पेशल हर शुक्रवार और गोरखपुर से हर शनिवार को चलेगी। ट्रेन नंबर 01123 शुक्रवार को 12:15 बजे एलटीटी से चलकर थाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक, भुसावल, इटारसी, भोपाल, झांसी व उरई होते हुए कानपुर सेंट्रल दोपहर 12:05 पर पहुंचेगी। इस ट्रेन का पांच मिनट ठहराव है। इसके बाद लखनऊ, गोंडा व बस्ती होते शनिवार को 18:55 पर गोरखपुर पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 01124 गोरखपुर से वापसी शनिवार रात 9:15 बजे करेगी। 01037 व 01038 पुणे-कानपुर सेंट्रल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनपुणे से हर बुधवार को और सेंट्रल स्टेशन से हर गुरुवार को चलेगी। ट्रेन नंबर 01037 पुणे से 6:35 बजे चलेगी। जो अहमदनगर, बेलापुर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, रानी कमलापति, झांसी व उरई होते हुए सेंट्रल गुरुवार सुबह 7:10 पर पहुंचेगी। वापसी में ये ट्रेन नंबर 01038 गुरुवार को सुबह 8:50 बजे स्टेशन से रवाना होगी।

# ज्वैलर्स की दुकान का ताला तोड़ चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में चोरों ने ज्वैलर्स की दुकान का ताला तोड़कर चोरी की। पुलिस, फोरेंसिक और डॉग स्वाक्ड ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

कल्याणपुर थाना बारासिरोही निवासी अमित कुशवाहा ने बताया कि बारासिरोही रोड पर उनकी अमित ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। कल रात वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह दुकान खोलने आए तो दुकान का ताला टूटा हुआ था। दुकान में रखे पांच हजार रुपये कैश, दो ग्राम सोना और ढाई सौ ग्राम चांदी गायब थी। लगभग तीस हजार की चोरी हुई है। पुलिस आस पास लगे कैमरे दिखवा रही है।

- कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बारासिरोही रोड पर हुई वारदात



चोरी की घटना के बाद बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

# दो बार सेमेस्टर परीक्षा समय की बर्बादी, आर्थिक बोझ भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू में दो बार कराई जाने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं से छात्र-छात्राओं को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन पर अधिक आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है। इसलिए परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन होना चाहिए। यह मांग गुरुवार को उत्तर प्रदेश महाविद्यालय एसोसिएशन ने कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक से मिलकर की।

एसोसिएशन का चार सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल विनय त्रिवेदी की अध्यक्षता में कुलपति से मिला। इस दौरान कहा गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ी है। लेकिन विश्वविद्यालय की ओर से वर्ष में दो बार आयोजित होने वाली सेमेस्टर परीक्षा से विश्वविद्यालय से संबद्ध 600 से अधिक महाविद्यालयों के लगभग पांच लाख छात्र परेशान हैं। परीक्षा शुल्क के रूप में दोगुना आर्थिक बोझ पड़ रहा है। दो बार लिखित और प्रायोगिक परीक्षा कराने तथा उत्तर पुस्तिकाएं जांचने में काफी समय बर्बाद हो जाता है। इससे पठन पाठन का समय कम बचता है। इसलिए वर्ष में एक बार विश्वविद्यालय को परीक्षा करानी चाहिए। प्रथम, तृतीय व पंचम की सेमेस्टर परीक्षा महाविद्यालय स्तर पर कराने की अनुमति दी जाए। प्रतिनिधिमंडल में डा. ब्रजेश भदौरिया, डा. मोहर सिंह यादव व सरल कटियार शामिल रहे।



कुलपति प्रो. विनय पाठक से मुलाकात करते विनय त्रिवेदी। अमृत विचार

# महिला के हत्यारोपी को मिल गई जमानत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आरोपी की याचिका जिला जज ने की मंजूर

**अमृत विचार।** गीता नगर स्थित हॉस्टल की महिला केयरटेकर की रेप के बाद हत्या मामले में गुरुवार को जिला जज कोर्ट ने सह आरोपी रोहित यादव की जमानत याचिका मंजूर की। 13 नवंबर 2023 को घटना हुई थी। परिजनों की तहरीर पर काकादेव थाने में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

गीता नगर स्थित हॉस्टल की तीसरी मंजिल में 35 वर्षीय महिला अपने चार बच्चों संग रह रहती थी। 16 वर्षीय बेटी ने बताया था मां हॉस्टल में केयरटेकर थीं। हॉस्टल में टिफिन सप्लाई का काम अर्जुन करता था। 13 नवंबर को अर्जुन, रोहित यादव समेत अन्य साथियों के साथ आया था और बेटी को दूध लाने की बात कहकर घर साथियों संग भेज दिया था। कई बार दरवाजा खटखटाने के बाद अर्जुन दरवाजा खोला तो महिला नग्न अवस्था में खून से लथपथ पड़ी हुई थी। महिला को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई थी। काकादेव थाने में अर्जुन, रोहित यादव, चिंटू तिवारी व रिंकू यादव के खिलाफ रेप व हत्या की धारा की मुकदमा दर्ज किया गया था।

# लैंगिक उत्पीड़न पर किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एसएनसेन कालेज में महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुआ।

उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम के तहत जागरूक किया गया।

विशिष्ट अतिथि एसीपी सृष्टि सिंह, मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. श्याम शंकर सिंह, प्राचार्या प्रो. सुमन, सचिव पीके सेन ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रो. निशि प्रकाश ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रो. मीनाक्षी व्यास ने मंच संचालन किया। एसीपी सृष्टि सिंह ने लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम से संबंधित सभी कानूनी धाराएं बताईं। आश्वासन दिया कि जरूरत पड़ने पर वह साथ हैं।

प्राचार्य प्रो. सुमन ने कहा कि आने वाले समय में छात्राओं, शिक्षिकाओं के लिए आवश्यक सुरक्षा के उपाय बढ़ाए जाएंगे। डॉ. रचना निगम के निर्देशन में छात्राओं ने पोस्टर बनाकर जागरूक किया। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर डॉ. रेखा चौबे ने धन्यवाद दिया। इस मौके पर प्रो. अल्का टंडन, प्रो. गार्गी यादव, डॉ. अनामिका व कालेज स्टॉफ मौजूद रहा।



जागरुकता कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ने किया। अमृत विचार

# जहरखुरान को 10 साल कैद, जुर्माना भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नशीला पदार्थ खिलाकर यात्रियों का सामान लूटने वाले जहरखुरान को अपर सत्र न्यायाधीश 14 की कोर्ट ने 10 साल कैद की सजा व एक लाख जुर्माना लगाया। वर्ष 2020 को युवक को जीआरपी ने गिरफ्तार किया था। जीआरपी ने 210 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया था।

जीआरपी थाने में तैनात दरोगा ने 16 दिसंबर 2020 को जीआरपी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि गेट नंबर दो के पास एक संदिग्ध युवक को पकड़ कर तलाशी ली तो उसके पास से 210 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद हुआ था। पूछताछ में युवक ने अपना नाम बिहार, चपांरन के मोतिहारी निवासी मो. नौशाद उर्फ शमशाद बताया था। मामला अपर सत्र न्यायाधीश दीपाली सिंह की कोर्ट में विचाराधीन था। एडीजीसी शिवभगवान गोस्वामी ने बताया कि मामले में नौशाद के खिलाफ छह पुलिसकर्मियों ने बयान दर्ज कराए थे। कोर्ट ने नौशाद को दोषी मानते हुए 10 साल के कारावास व एक लाख जुर्माने की सजा सुनाई।

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर**
नवीन मण्डी स्थल, हमीरपुर रोड़, नौबस्ता, कानपुर

पत्रांक: कृ0उ0म0स0/2023–24–346 दिनांक: 06.03.2024

**जैम–निविदा आमंत्रण सूचना**

नवीन खाद्यान्न मण्डी स्थल, नौबस्ता, हर्बल/पुष्प मण्डी, नौबस्ता के सम्पूर्ण परिसर की सफाई कार्य वित्तीय वर्ष 2024–2025 में ठेका पद्धति के आधार पर कराये जाने हेतु जैम पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित करते हुए सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.03.2024 से 18.03.2024 तक को सायंकाल 5:00 बजे तक ऑनलाईन जैम पोर्टल पर निविदा अपलोड की जा सकेगी। तकनीकी बिड़ दिनांक 19.03.2024 को खोली जायेगी। उक्त मण्डी स्थल हेतु प्रतिभूति के रूप में रू. 2,25,600.00 (रूपया दो लाख पच्चीस हजार छह सौ मात्र) की एफडीआर जो सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर के पक्ष में बन्धक करनी होगी। नियम व शर्तें ऑनलाईन/कार्यालय में देखी व पढ़ी जा सकती है।

(सुभाष सिंह)
सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर।

(डा0 राजेश कुमार)
अपर जिलाधिकारी (नगर)/सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर।

संदेश — सीएसजेएमयू में वार्षिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

# शिक्षकों को बताई नैतिक आचार संहिता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कहा, शिक्षकों को संस्थान और समाज को बेहतर बनाने में काम करना चाहिए

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू में गुरुवार को वार्षिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान शिक्षकों को नैतिक आचार संहिता की जानकारी दी गई। इस मौके पर शिक्षकों को बताया गया कि शिक्षकों को संस्थान और समाज को बेहतर बनाने के लिए कार्य करना चाहिए। इसके अलावा छात्र-छात्राओं की समस्याओं को भी जल्द दूर करने की अपील की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी ने की।

इस दौरान कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव, निदेशक, आईक्यूएसी प्रो संदीप कुमार सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो नीरज कुमार सिंह व कुलानुशासक डॉ. प्रवीन कटियार भी मंच पर मौजूद रहे। विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी ने कहा कि शिक्षक को संस्थान व समाज को बेहतर बनाने के लिये कार्य करना चाहिये। इसके साथ ही समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का पालन भी करना चाहिये। समाज के सुधार के लिए योगदान देना चाहिए।



कार्यशाला का उद्घाटन करते अतिथिगण। अमृत विचार

**ये बातें समझाई गईं**

- शिक्षक स्वीकार करें कि शिक्षा एक जनसेवा है
- शिक्षक को शिक्षा में सुधार करने का कार्य करना चाहिए
- शिक्षक को सामाजिक समस्याओं से अवगत होना चाहिए
- शिक्षक को नागरिक के कर्तव्यों का निवर्हन करना चाहिए
- जिम्मेदारी भरे आचरण व व्यवहार का पालन करना चाहिए
- अध्ययन और शोध के माध्यम से लगातार पेशेवर विकास जारी रखने चाहिए
- शिक्षण और शोध में साहित्य चोरी और अन्य अनैतिक व्यवहार में शामिल नहीं होना चाहिए
- छात्रों को विचार व्यक्त करने के उनके अधिकारों और प्रतिष्ठा का आदर करना चाहिए
- छात्रों के धर्म, जाति, लिंग, राजनीति, आर्थिक, सामाजिक और शारीरिक गुणों को ध्यान में नहीं रखते हुए उनसे निष्पक्ष और बिना भेद भाव व्यवहार करना चाहिए
- छात्रों के व्यवहार और क्षमताओं में अंतर को पहचानना चाहिए

### डिप्टी सीएम करेंगे हैलट के रेड जोन का उद्घाटन

**कानपुर।** हैलट इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को तत्काल इलाज मिल सके, इसलिए इमरजेंसी के परिसर में रेड जोन का निर्माण किया गया है। यहां पर 15 बेड की सुविधा है। इस जोन मेडिसिन, सर्जरी, आर्थो आदि विभागों की टीम रहेगी। इसका उद्घाटन डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक 10 मार्च को कर सकते हैं।

गुरुवार को जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने इमरजेंसी प्रभारी डॉ.विनय कटियार के साथ रेड जोन का निरीक्षण किया। जो कमियां हैं, उनको 10 मार्च से पहले पूरा करने के निर्देश संबंधित को दिए।

बता दें कि बारिश में रेड जोन की छत से पानी टपकने लगा था। ऐसे में प्रशासन ने रेड जोन का निर्माण करने वाली कंपनी के अधिकारियों को सुधार कार्य के निर्देश दिए गए थे।

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर**
नवीन मण्डी स्थल, हमीरपुर रोड़, नौबस्ता, कानपुर

पत्रांक: कृ0उ0म0स0/2023–24–347 दिनांक: 06.03.2024

**जैम–निविदा आमंत्रण सूचना**

नवीन खाद्यान्न मण्डी स्थल, नौबस्ता, हर्बल/ पुष्प मण्डी, नौबस्ता तथा नवीन फल–सब्जी मण्डी स्थल, सचेण्डी (चकरपुर), कानपुर 04 इलेक्टीशियन एवं 04 पम्प ऑपरेटर हेतु कार्यदायी संस्था/फर्म/कम्पनी का जैम पोर्टल के माध्यम से चयनित किया जाना है। जिस हेतु प्रतिभूति के रूप में रू. 1,83,500.00 (रुपया एक लाख तिरासी हजार पाँच सौ मात्र) एफ0डी0आर0 जो सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर के पक्ष में बन्धक करनी होगी। कार्यदायी संस्था/फर्म/ कम्पनी द्वारा दिनांक 08.03.2024 से 18.03.2024 तक ऑनलाईन जैम पोर्टल पर बिड अपलोड की जा सकेगी। तकनीकी विड़ दिनांक 19.03.2024 को खोली जायेगी। नियम व शर्तें ऑनलाईन/कार्यालय में देखी व पढ़ी जा सकती है।

(सुभाष सिंह)
सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर।

(डा0 राजेश कुमार)
अपर जिलाधिकारी (नगर)/सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर।

**आज का मौसम**
आसमान साफ रहेगा, बारिश की संभावना नहीं।

25.2° अधिकतम तापमान
9.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06 : 25
सूर्यास्त 06 : 14

**शहर में आज**

- **विवाह :** सोनी समाज विवाह परिचय समिति द्वारा विवाह व परिचय सम्मेलन कामदगिरी लॉन गुजैनी में नौ बजे से।
- **प्राण प्रतिष्ठा :** महाशिवरात्री पर बाबा भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा सैनिक चौराहा लालतेश्वर महादेव मंदिर में सुबह 9 बजे।
- **फाइनल मैच :** कानपुर सुपर प्रीमियर लीग के तहत फाइनल मुकाबला एचएएल हाल में सुबह नौ बजे।
- **बारात :** महाशिवरात्री पर आनंदेश्वर मंदिर में शिव बारात का आयोजन 10 बजे।
- **सम्मेलन :** घरेलू महिला कामगार यूनियन द्वारा गोविंद नगर बारातघर में मेधावियों का सम्मान समारोह एक बजे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


मेस्कर घाट का मुख्य द्वार। अमृत विचार


दक्षिण क्षेत्र में बने बाराहदेवी मंदिर में स्थापित देवी की मूर्ति। अमृत विचार

# ऐतिहासिक व पौराणिक छह मंदिरों का कायाकल्प, बनेंगे पर्यटन केंद्र

## पर्यटन विभाग की पहल, गंगा किनारे स्थित मेस्कर घाट का भी होगा सुंदरीकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **मंदिरों के धार्मिक महत्व, गौरवमयी इतिहास और संस्कृतिक विरासत को उकेरा जाएगा**
- **खेरेश्वर, बाराह देवी, राधाकृष्ण और रावज देवी मंदिर के साथ पिसनारिन मठ होंगे दर्शनीय**

**अमृत विचार।** शिवराजपुर में स्थित प्रसिद्ध खेरेश्वर महादेव मंदिर समेत शहर के छह मंदिर धार्मिक पर्यटन का केंद्र बनेंगे। इसके लिए मंदिरों के आसपास सौंदर्यीकरण करके पौराणिक इतिहास और महत्व को उकेरा जाएगा। इसी कड़ी में गंगा किनारे स्थित मेस्कर घाट को भी दर्शनीय छटा प्रदान की जाएगी।

पर्यटन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 की कार्ययोजना में इन सभी सात परियोजनाओं पर काम करना तय किया है। शहर में कई मंदिर गौरवमयी इतिहास, संस्कृति, स्थापत्य कला के कारण अद्वितीय हैं। इन्हें संसाधन और सुविधाएं बढ़ाकर बहुउद्देशीय आध्यात्मिक पर्यटन स्थलों में बदला जा सकता है। पर्यटन विभाग ने कार्ययोजना के तहत चिह्नित छह मंदिरों में फसाद लाइट लगाने, यात्री सुविधाएं बढ़ाने, शुद्ध पेयजल, सुलभ शौचालय, सोलर लाइट, श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था कराने का निर्णय लिया है। योजना के कार्यान्वयन के लिए उप निदेशक पर्यटन लखनऊ ने डीएम को पत्र लिखकर मंदिरों की भूमि की खसरा, खतौनी की प्रतिलिपि, मानचित्र, भू-स्वामी व संस्था का नाम और एनओसी मांगी है, ताकि उनका विभाग के पास उपलब्ध अभिलेखों से मिलान किया जा सके।

### किस विधान सभा क्षेत्र में किस मंदिर पर काम

बिल्हौर में खेरेश्वर महादेव मंदिर, सीसामऊ में राधा कृष्ण मंदिर, आर्यनगर में शक्तिपीठ राधाकृष्ण शिव मंदिर, किदवई नगर क्षेत्र में बाराह देवी मंदिर, महाराजपुर में रावज देवी मंदिर एवं तालाब का पर्यटन विकास, घाटमपुर के पिसनारिन मठ व मां भद्रकाली मंदिर का पर्यटन विकास तथा कैंट क्षेत्र में गंगा किनारे स्थित मेस्कर घाट।

# शहर से तीन स्वास्थ्य अधिकारियों का तबादला, मिला एक

**कानपुर।** शासन ने गुरुवार को कानपुर में तैनात मंडल स्तर के दो स्वास्थ्य अधिकारियों और उर्सला के निदेशक का स्थानांतरण कर दिया। इनके बदले सिर्फ एक अधिकारी की तैनाती की गई है।

उर्सला अस्पताल में निदेशक डॉ.सुशील प्रकाश चौधरी को अयोध्या में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण का अपर निदेशक बनाया गया है। कानपुर मंडल की चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की संयुक्त निदेशक डॉ.रचना गुप्ता को आगरा जिला महिला अस्पताल में प्रमुख चिकित्सा अधीक्षिका और संयुक्त निदेशक डॉ.विनीता राय वर्मा को बस्ती मंडल में अपर निदेशक बनाया गया है। इन तीन अधिकारियों के बदले कानपुर में सिर्फ एक अधिकारी की ही पोस्टिंग हुई है। उन्नाव जिला महिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.संजू अग्रवाल को कानपुर मंडल में चिकित्सा स्वास्थ्य अपर निदेशक बनाया गया है। उर्सला के निदेशक डॉ.सुशील प्रकाश ने कार्यकाल में सीटी स्कैन, कार्डियक यूनिट, बर्न वार्ड में छह बेड की वृद्धि, 15 बेड का आइसोलेशन वार्ड बनाया था।

# नलिनानन्द ने उद्यमियों को दिए सफलता के मंत्र


स्वामी नलिनानन्द का सम्मान करते उद्यमी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कोआपरेटिव इस्टेट सभागार में गुरुवार को अमेरिका से आए स्वामी नलिनानन्द गिरि ने उद्यमियों को वेदों की वाणी व उसकी महत्ता बताते हुए लगातार प्रगतिशील होने का आशीर्वाद व सफलता का मंत्र दिया।

चेयरमैन विजय कपूर ने स्वामी नलिनानन्द को अंगवस्त्र पहनाया और श्रीकृष्ण के रथ की अनुकृति वाला स्मृति चिह्न तथा तुलसी का पौधा भेंट किया। नलिनानन्द गिरि महाराज सनातन धर्म ध्वजा के उत्थान और प्रचार-प्रसार के लिए 88 देशों में भ्रमण कर चुके हैं। उन्हें अयोध्या में राम मंदिर समिति का ट्रस्टी भी बनाया गया है। कार्यक्रम में कोआपरेटिव इंडस्ट्रियल इस्टेट के चेयरमैन विजय कपूर, उपाध्यक्ष सुरेश पुरी, निदेशक हरीश इसरानी, आरपी सिंह, दिनेश कुशवाहा, विशाल खण्डेलवाल, उद्यमी प्रवीन पुरी, संदीप मल्होत्रा, अनिल मल्होत्रा (गप्पू), सुशील मोहन टकरू, अनिल श्रीवास्तव, अरविंद पिपरसेनिया, नवीन मल्होत्रा, नरेश पंजाबी, अनूप कुशवाहा, श्याम बिजलानी, श्याम लाल मूलचंदानी, हरेन्दर सिंह, महेश मखीजा, राजेन्द्र गुप्ता, पम्मी खन्ना, गोपाल सदाना, भीमसेन, अरूण जैन, गुलशन कपूर, गुरविन्दर सिंह गप्पी, शिव कुमार प्रजापति, सुरेश गोयल, सीताराम शुक्ला मौजूद रहे।

# सुरक्षा-सम्मान से महिलाओं का समर्थन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



क्षेत्र अध्यक्ष प्रकाश पाल, सांसद भोले, मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने रवाना किया मोदी रथ।

- **अकबरपुर लोकसभा संचालन समिति की बैठक के बाद मोदी रथ किया गया रवाना**

**अमृत विचार।** अकबरपुर लोकसभा संचालन समिति की बैठक गुरुवार को चौहान ढाबा भौंती में हुई। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, सांसद देवेंद्र सिंह भोले, प्रदेश सरकार में मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने मोदी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कहा कि इस बार यह सीट पांच लाख से अधिक मतों से जीतेंगे।

बैठक में कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पीएम मोदी के शक्ति वंदन और सीएम योगी से मिली सुरक्षा के चलते आधी आबादी का शत प्रतिशत मत इस बार भाजपा को ही मिलेगा। पहली बार मतदान करने वालों के लिए युवा चौपाल लगाई जाएगी। कार्यकर्ताओं को अधिकाधिक मतदान कराने के लिए तै?ार करना है। सांसद भोले ने कहा मोदी का परिवार हम सब का परिवार है। इस परिवार को मजबूत करने में पूरी ताकत लगानी है। अध्यक्षता कानपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा व संचालन उमेश निगम ने किया। प्रमुख रूप से लोकसभा संचालन समिति के प्रभारी राजेश तिवारी, संयोजक दिनेश राय, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह, मंत्री प्रतिभा शुक्ला, जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, दीपू पांडे, मनोज शुक्ला, हरीश मतरेजा, राधेश्याम पांडे, शीलू पांडे, अशोक सिंह दद्दा, दीप अवस्थी, विधानसभाओं के प्रभारी संयोजक उपस्थित रहे।

# इंडिया गठबंधन भी जुटा चुनावी रणनीति बनाने में

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में गुरुवार को हुई इंडिया गठबंधन की बैठक में समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, माकपा के पदाधिकारी, पूर्व विधायक, पूर्व अध्यक्ष, विधानसभा और प्रकोष्ठ अध्यक्षों की बैठक हुई। तय हुआ कि गठबंधन कार्यकर्ता भाजपा की जन विरोधी नीतियों को घर-घर बताएंगे।

सपा जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद व कांग्रेस नगर अध्यक्ष नौशाद अलम मंसूरी ने कहा कि आज लोकतंत्र खतरे में है, जनता की आवाज को दबाया जा रहा है। केंद्र सरकार संविधान के साथ छेड़छाड़ कर रही है। वर्ष 2019 के चुनाव में किए वादे भाजपा ने पूरे नहीं किए हैं और फिर से जनता को लोक लुभावन सपने दिखा रही है। बैठक में सपा उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, विधायक अमिताभ बाजपेई व हाजी मोहम्मद हसन रूमी, कांग्रेस नेता आलोक मिश्रा, संजीव दरियाबादी, पवन गुप्ता, अपर्णा जैन, नरेश त्रिपाठी, नीतेंद्र यादव, महेश दीक्षित, डॉ. आरके जगत, दीपा यादव मौजूद रहीं।

### कल तिलक हाल में होगा सम्मेलन

नौ मार्च को कांग्रेस कार्यालय तिलक हाल में इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं का सम्मेलन होगा। बैठक में तय हुआ कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को मात देने के लिए गठबंधन में शामिल दलों के नेता व कार्यकर्ता वार्ड स्तर पर बैठकै करेंगे। इन बैठकों में सपा-कांग्रेस नगर संगठन के दो-दो पदाधिकारी प्रभारी रहेंगे।

# शक्ति केंद्र से बूथों तक केसरिया पलटन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



भाजपा की बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह। अमृत विचार

- **कानपुर लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा चुनाव संचालन समिति, कोर कमेटी की बैठक**

**अमृत विचार।** कानपुर लोकसभा सीट पर तैयारी के तहत गुरुवार को केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह की अध्यक्षता में किदवई नगर और छावनी विधानसभा चुनाव संचालन समिति की कोर कमेटी बैठक में मंडल, वार्ड, शक्ति केंद्र से लेकर बूथों तक कार्यकर्ताओं की फौज जमीन पर उतारने का फैसला लिया गया।

बैठक में तय हुआ कि बूथ स्तर तक युवा, प्रबुद्ध वर्ग, व्यापारी, मातृशक्ति, संस्कृति एवं धर्माचार्य, सामाजिक, छात्र-छात्रा टोली, अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा अपार्टमेंट प्रमुख बनाए जाएंगे। लोकसभा चुनाव के सह प्रभारी रमाकांत त्रिपाठी ने कहा कि पार्टी रामलीला कमेटी, गणेश पूजा समिति, दुर्गा पूजा कमेटी, मठ व मंदिर प्रमुख, शिक्षकों, व्यापारियों, उद्योगपतियों, चिकित्सकों, वकीलों, मार्निंग वाकर के साथ डेढ़ हजार से अधिक ड्राइंग रूम बैठकें करेगी। संपर्क एवं सौहार्द के लिए होली मिलन समारोह आयोजित होंगे। पार्टी पूर्व जनप्रतिनिधियों, पूर्व पदाधिकारियों, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के अनुभव का चुनाव में लाभ लेगी। 25 मार्च तक शक्ति केंद्रों की बैठकें होंगी। छह अप्रैल को स्थापना दिवस बूथ स्तर पर मनाया जाएगा। लोकसभा चुनाव संयोजक मणिकांत जैन ने कहा कि पीएम मोदी ने 10 वर्षों में सनातन धर्म को मजबूत बनाने के लिए अनेकों काम किए हैं। लोकसभा प्रभारी रामशरण कटियार, कौशल किशोर दीक्षित, विनीत चंदेल, संजय, पूनम द्विवेदी, सुनील तिवारी, रामदेव शुक्ल, अनिल दिक्षित, संतोष सिंह रहे।

# स्त्री घर को मंदिर बनाती और परिवार संवारती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


नारायना ग्रुप के कार्यक्रम में भाग लेने वाली युवतियां और महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्त्री घर की नींव कहलाती है और घर को मंदिर बनाकर परिवार संवारती है। ऐसे में जब स्त्री स्वस्थ रहेगी तभी परिवार की सेहत को लेकर भी सजग प्रयास कर सकती है। यह बात महिला दिवस को लेकर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में नारायना कॉलेज की शिवानी सिंह ने कही।

नारायना ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में गुरुवार को कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. रोहिणी ने गीत से की। म्यूजिकल चेयर, रैंप वॉक, डांस, गायन, शेरो-शायरी के आयोजन हुए। डॉ.रोहिणी ने कहा कि अधिकतर महिलाएं हीमोग्लोबिन की कमी से जूझ रही हैं। प्री-मेनोपॉज वाली महिलाओं में इसकी कमी 50 प्रतिशत तक होती है, जो चिंतनीय है। दस प्रतिशत महिलाएं गंभीर रूप से एनीमिया की शिकार रहती हैं। इसे खानपान से दूर कर सकते हैं। उप प्राचार्य डॉ.अंकिता ने कहाकि महिलाएं हर मोर्चे पर आगे बढ़ रही हैं। प्रो.सोनल ने कहा कि कामकाजी हो या घरेलू, सभी महिलाओं को तनाव लेने से बचना चाहिए।


सखी केंद्र की थिरकती महिलाएं।

### ... तू खुद को बदल तब तो जमाना बदलेगा

कानपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पूर्व सखी केंद्र ने गांधी प्रतिमा फूलबाग पर एक बिलियन राइजिंग अभियान का समापन किया। तू खुद को बदल तब तो जमाना बदलेगा गीत गाकर सखी केंद्र की महामंत्री नीलम चतुर्वेदी ने समारोह की शुरूआत की। कार्यक्रम में 60 बस्तियों व क्षेत्र की 250 महिलाओं ने भागीदारी की। महिला अधिकार रक्षक व लीडर्स जो बस्तियों में महलाओं की मदद करती हैं, उनकी हौसला अफजाई की गई। महिलाओं ने कई तरह के खेल जैसे मटकी फोड़, कुर्सी दौड़, नींबू दौड़ अंगूर गेम और डांस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया 52 प्रतिभागियों ने पुरस्कार जीते।



कार्यक्रम में डॉ. दिव्या, चैप्टर अध्यक्ष सीएस रीना जाखोदिया, सीएस रूमा चतुर्वेदी व डॉ. रूबी चावला।

# महिलाओं को समान अधिकार और अवसर से ही होगा समावेशी विकास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **अंतरर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर शहर भर में गोष्ठियां और समारोह**

**अमृत विचार।** अंतरर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को शहर में हुए विभिन्न आयोजनों में महिलाओं को और सशक्त तथा निडर बनाने को लेकर मंथन किया गया।

भारतीय कंपनी सचिव संस्थान कानपुर चैप्टर की गोष्ठी आर्यनगर स्थित एक होटल में हुई। इसमें एनआईआरसी कानपुर चैप्टर की अध्यक्ष सीएस रीना जाखोदिया कहा कि महिला दिवस उस ताकत और अनुग्रह को समर्पित है, जो दुनिया भर में महिलाओं को परिभाषित करती है। सीएस रूमा चतुर्वेदी ने कहा कि नारी को अपनी शक्ति पहचान कर समाज के दवाब में न आकर सही निर्णय लेना चाहिए। महिलाएं अपना एक सपोर्ट नेटवर्क बनाकर समय पड़ने पर एक-दूसरे की मदद करने में आगे आकर स्वावलंबन की मिसाल कायम करें। डॉ.रूबी चावला ने कहा कि महिलाओं को नकारात्मक पहलुओं को नजरअंदाज करना चाहिए। डॉ.दिव्या चौधरी ने कहा कि तनाव प्रबंधित करने का सबसे प्रभावी तरीका आत्म देखभाल है। गोष्ठी में जागरण इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट की निदेशक डॉ. रूबी चावला, सीएस आशीष बंसल, सीएस मनीष कुमार पाल, सीएस श्वेता अग्रवाल, सीएस जानवी मूरजानी, सीएस ईशा कपूर, सीएस जागृति मिश्रा, सीएस मनीष शुक्ला, सीएस राकेश श्रीवास्तव ,सीएस अरविंद कटियार, सीएस मनोज यादव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### सुरक्षित स्वस्थ भविष्य का अधिकार मिले

महिलाओं को सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य देने के लिए स्वास्थ्य एवं प्रजनन संबंधी अधिकारों तक उनकी पहुंच बहुत आवश्यक है। यह बात मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक रंजन ने सीएमओ कार्यालय में हुए आयोजन में व्यक्त की।

### महिलाओं की गिनाईं उपलब्धियां

सीएसजेएमयू में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने की। बीलिब व एमलिब के छात्र- छात्राओं ने समाज की महान महिलाओं की उपलब्धियों व कार्यों पर विचार व्यक्त किए। शिक्षिकाओं तथा स्टाफ ने रैम्प वॉक किया, तो विद्यार्थियों के लिए गेम्स हुए।

### स्वच्छता व स्वास्थ्य को लेकर किया जागरूक

सीएसजेएमयू के शिक्षक शिक्षा विभाग में हुई गोष्ठी में भारतीय महिला उद्यमी परिषद की उपाध्यक्ष डॉ. जयश्री राजपूत ने कविताओं से सभी को मंत्रमुग्ध किया। डॉ. शिव चरण पटेल, डॉ. तनुजा भट्ट, डॉ. कल्पना अग्निहोत्री, विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि गोरे ने विचार रखे। सीएसजेएमयू के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में हुए कार्यक्रम में महिलाओं को स्वच्छता और स्वास्थ्य पर जागरूक किया गया। निदेशक प्रो. अंशू यादव, गौरी भदौरिया, डॉ. बारशी सिंह, अनुराधा सिंह व शुभम वर्मा ने विचार रखे।

**कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र** — अब तक नौ महिलाओं ने किया संसद में प्रतिनिधित्व, 10 सीटों पर अभी भाजपा-सपा ने दिया एक-एक टिकट

# नारी शक्ति वंदन से हिचकते रहे सभी राजनीतिक दल

मनोज त्रिपाठी, कानपुर




साध्वी निरंजन ज्योति, सुभाषिनी अली, अन्नू टंडन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कानपुर-बुंदेलखंड को वीरांगनाओं की धरती कहा जाता है। वीरांगना लक्ष्मीबाई, अजीजन बाई, मैनावती, आजाद हिंद फौज की सेनानी लक्ष्मी सहगल जैसे तमाम नाम इस इलाके में आज भी शौर्य के प्रतिमान हैं, और गर्व से लिए जाते हैं। लेकिन महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को आगे बढ़ाने में राजनीतिक दलों ने कभी बड़ी दिलचस्पी नहीं दिखाई। यहां तक कि नारी शक्ति वंदन बिल पारित होने के बाद होने जा रहे लोकसभा चुनाव में अभी तक महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने में सभी दल पुराने ढर्रे पर ही नजर आ रहे हैं।

कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में 10 लोकसभा सीटें आती हैं। भारातीय जनता पार्टी इनमें कानपुर को छोड़कर बाकी नौ सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। लेकिन महिला प्रतिनिधित्व की बात करें तो फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति को ही टिकट दिया गया है। गठबंधन में सपा ने जो टिकट दिए हैं, उनमें उन्नाव से अन्नू टंडन का ही नाम सामने आया है, जबकि कांग्रेस ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र का राजनैतिक इतिहास देखें तो भाजपा, कांग्रेस, सपा और बसपा जैसे सभी प्रमुख दल महिलाओं को लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाने को लेकर हिचकते ही रहे हैं। यही वजह है कि वर्ष 1952 से अब तक इस क्षेत्र से नौ महिलाएं ही संसद में अवाज बुलंद करने पहुंच सकी हैं।

### यही महिला नेता पहुंची संसद

सावित्री निगम, सुशीला रोहतगी, शीला दीक्षित, अन्नू टंडन (सभी कांग्रेस), सुखदा मिश्रा, साध्वी निरंजन ज्योति, कमल रानी वरुण (सभी भाजपा), सुभाषिनी अली (माकपा), डिंपल यादव (सपा)

### कानपुर में माकपा व बसपा ने दिया टिकट

कानपुर लोकसभा सीट पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी को छोड़कर किसी दल ने महिलाओं पर भरोसा नहीं जताया। वर्ष 1989 में माकपा ने कैप्टन लक्ष्मी सहगल की पुत्री सुभाषिनी अली को कानपुर सीट से प्रत्याशी बनाया। वह चुनाव जीत गईं। लेकिन वर्ष 1991 में भाजपा के जगतवीर सिंह द्रोण के सामने उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद माकपा उन पर भरोसा नहीं टूटा। वर्ष 1996 और 2004 में पार्टी ने उन्हें फिर टिकट दिया गया। लेकिन वह दोबारा चुनाव नहीं जीत नहीं सकीं। वर्ष 2009 में बसपा ने सुखदा मिश्रा को प्रत्याशी बनाया था।

### अकबरपुर सीट से सिर्फ बसपा ने दिया मौका

कानपुर से जुड़ी बिल्हौर सीट परिसीमन के बाद 2009 में अकबरपुर लोकसभा सीट में बदल गई थी। तब से तीन चुनाव हो चुके हैं, लेकिन 2019 में बसपा से उतरीं निशा सचान के अलावा किसी दल ने महिला प्रत्याशी नहीं उतारा है। निशा को भाजपा के देवेंद्र सिंह भोले ने हरा दिया था। जब यह क्षेत्र बिल्हौर लोकसभा सीट के रूप में जाना जाता था, तब सुशीला रोहतगी को कांग्रेस ने 1967 में चुनाव में उतारा था। सुशीला वर्ष 1971 के लोकसभा चुनाव में भी यहां से चुनाव जीती थीं। इसी तरह घाटमपुर सीट से भाजपा के टिकट पर वर्ष 1996 और 1998 में कमल रानी वरुण सांसद बनी थीं।

### दुकानदारों के अतिक्रमण से गुम हुए आठ-आठ फिट के फुटपाथ, आधी सड़कों तक खड़े होते वाहन, आधे-आधे घंटे में लगता जाम

# पार्किंग और यूरिनल की समस्या से त्रस्त है जवाहर नगर बाजार

बेजार बाजार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स के लिए प्रख्यात जवाहर नगर, नेहरू नगर बाजार की सबसे बड़ी समस्या पार्किंग व यूरिनल है। पूरे बाजार में एक भी यूरिनल न होने के कारण व्यापारियों व ग्राहकों को पार्क व गलियों में लघुशंका के लिए जाना पड़ता है। जिस कारण रिहायशी क्षेत्र के लोगों को गंदगी व दुर्गंध की समस्या उठानी पड़ती है। पार्किंग न होने से सड़कों पर वाहन खड़े होते हैं, जिस कारण थोड़ी-थोड़ी देर में जाम की समस्या होती है। अतिक्रमण के कारण फुटपाथ पूरी तरह से गुम है।

बाजार में करीब 150 इलेक्ट्रानिक्स व इलेक्ट्रिकल्स दुकाने होने के साथ ही जनरल मर्चेंट, रेस्टोरेंट, फर्नीचर के साथ अन्य प्रतिष्ठान हैं। प्रदेश भर में इनवर्टर, स्टेपलाइजरों की सप्लाई होती है। बाजार में आम दिनों में एक से डेढ़ हजार तक ग्राहकों का आवागमन होता है।

करीब 10 से 15 लाख का रोजाना का टर्नओवर देने वाली जवाहर नगर बाजार में सबसे प्रमुख यूरिनल व पार्किंग की समस्या है। अतिक्रमण भी एक प्रमुख समस्या है। ब्रह्म नगर चौराहे से बाला जी मंदिर तक दोनों ओर आठ-आठ फिट के फुटपाथों पर स्ट्रीट वेंडर्स व दुकानदारों का कब्जा है।


मेन रोड पर वाहन रेंगते हैं। अमृत विचार


सड़क पर ठेले वालों का कब्जा। अमृत विचार

**पार्किंग सबसे बड़ी समस्या व्यापार होता प्रभावित**

बाजार में सबसे बड़ी समस्या पार्किंग व्यवस्था की है। 24 फिट चौड़ी सड़क के दोनों ओर बाइकें व कारें खड़ी होती हैं। इससे जाम की समस्या बनी रहती है। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने बताया कि पार्किंग न होने के कारण बाहरी जिलों के अधिकांश व्यापारियों ने बाजार में आना छोड़ दिया है। क्षेत्रीय पार्षद व महापौर से गीता पार्क में पार्किंग के लिए कहा गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

**यूरिनल की मांग, सफाई कराएगा व्यापार मंडल**

व्यापारियों ने बताया कि बाजार में नगर निगम धर्मशाला में यूरिनल है। महापौर को पत्र लिख कर यूरिनल का आधा हिस्सा देने की मांग की गई है। व्यापार मंडल की ओर से यूरिनल के लिए अलग रास्ता बनाने का भी प्रस्ताव दिया गया है, जिससे धर्मशाला में होने वाले समारोह में व्यवधान न हो। यूरिनल की सफाई की व्यवस्था भी व्यापार मंडल उठाने को तैयार है।



यूरिनल बाजार की सबसे बड़ी समस्या है। कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। व्यापारियों को कई बार दुकान छोड़ कर घरों की ओर भागना पड़ता है। सबसे अधिक समस्या महिला ग्राहकों व बाहर से आने वाले व्यापारियों को होती है।

–संजय अग्रवाल, अध्यक्ष जवाहर नगर व्यापार मंडल



रोजाना लाखों का व्यापार करने वाला बाजार समस्याओं की जद में है। पार्किंग की समस्या सबसे बड़ी है। करीब 24 फिट चौड़ी रोड पर दोनों ओर कार व दोपहिया वाहन खड़े होते हैं। जिससे एक चार पहिया वाहन भी बमुश्किल से निकल पाता है। पल भर में जाम लगना आम बात है। पार्किंग की समस्या हल हो तो व्यापार को बल मिले।

–प्रमोद पांडे, महामंत्री



त्योहारों में बाजार में भीषण जाम की स्थिति रहती है। वाहन तो दूर बाजार में पैदल निकलना भी मुश्किल होता है। बाजार में एक भी यूरिनल नहीं है। महापौर व पार्षद से यूरिनल की मांग की है, लेकिन कोई निदान नहीं हो पाया है। बाजार में ई टॉयलेट की व्यवस्था ही हो जाए तो काफी राहत मिलेगी।

–सौरभ तिवारी, कोषाध्यक्ष



दुकानों के बाहर फुटपाथ पर लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। कई बार अभियान भी चलाया गया, लेकिन कुछ ही दोबारा लोग कब्जा कर लेते है। फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को चिन्हित किया जाया। बार–बार अतिक्रमण करने पर दुकानदारों पर चालान करने की कार्रवाई की जाए।

–विनोद गुप्ता, कारोबारी

# दुखता जीवन, रोज उधड़ जाती सीवन...

- वीएसएसडी कॉलेज में कवियों ने बहाई काव्य रस की गंगा
- हिंदी विभाग की ओर से हुए आयोजन में कविताएं सराही गईं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विक्रमाजीत सिंह सनातन धर्म कॉलेज में गुरुवार को कवियों ने काव्य रस की गंगा बहाई। 'हिंदी विभाग' और 'हिन्दवी' संस्था की ओर से हुए आयोजन में सभी श्रोताओं ने कविताओं को सराहा। 'कैम्पस कविता' शीर्षक समकालीन कविताओं ने वाहवाही लूटी।

समारोह की अध्यक्षता कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव वीरेंद्रजीत सिंह ने की। प्राचार्य प्रो. बिपिन चन्द्र कौशिक ने समाज और जीवन में साहित्य की मूल्यवत्ता पर अपनी बात रखी। हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ. पंकज चतुर्वेदी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

उन्होंने केदारनाथ सिंह की रचित मशहूर कविता 'दुखता रहता है अब जीवन' का पाठ किया। कार्यक्रम के पहले सत्र में समकालीन हिंदी कविता की कवि अनीता वर्मा, रूपम मिश्र और मृत्युंजय ने कविता पाठ किया। अनीता वर्मा की पढ़ी गई कविता 'अभी मैं प्रेम से भरी हुई हूं, पूरी दुनिया शिशु-सी लगती है' को सराहना मिली।

इसी तरह रूपम मिश्र ने 'बथुवे जैसी लड़कियां ' सुनाकर सभी को आकर्षित किया। उधर कवि मृत्युंजय ने 'सोच रहा हूं कवि हूं तो दुनिया से ही ले लूं छुटकारा' सुनाकर तालियां लूटीं। दूसरे सत्र में आई हुई काव्य-प्रविष्टियों में आयोजक मंडल ने दस युवा-कवियों को पाठ के लिए चुना। इनमें ज्योति यादव, आफताब, अभिनन्द अवस्थी, अनन्या वाजपेयी, अमरजीत यादव, पूजा यादव, संतोष कुमार यादव, सुरेन्द्र अंकुश और रूपा त्रिपाठी प्रमुख रही। प्रतिभागी कवियों में संतोष कुमार यादव, ज्योति यादव और रूपा त्रिपाठी को निर्णायक मंडल की ओर से पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. अनिल मिश्र, डॉ. अतुल कुमार, डॉ. मंजरी श्रीवास्तव, डॉ. एबी जायसवाल, डॉ मनोज अवस्थी, डॉ. इंद्रमणि, भावना मिश्रा, डॉ. मधुरबाला यादव, डॉ. आनन्द शुक्ल, डॉ. राकेश शुक्ल, डॉ. दीप्तिरंजन बिसारिया सहित अन्य मौजूद रहे।

# शिवालयों में रात भर गूंजा हर-हर, बम-बम

### पट खुलते ही दर्शन करने की अभिलाषा लिए रात में ही लाइन में लग गए भक्त, आज महाशिवरात्रि

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भोले के भक्तों ने गुरुवार देर शाम शिव शंभू के चरणों में हाजिरी लगाई तो पूरी रात डटे रहे। शिवरात्रि पर शिवालयों के बाहर रातभर बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। प्रमुख शिवालयों का यही हाल रहा। भोले के पहले दर्शन की अभिलाषा लिए भक्त रात से ही मंदिरों के द्वार पर डटे रहे।

आनंदेश्वर मंदिर, जागेश्वर मंदिर, सिद्धनाथ मंदिर, वनखंडेश्वर मंदिर के बाहर हजारों भक्त रातभर डटे रहे। परमट में गुरुवार रात 10 बजे के बाद ही लाइन लगा ली। प्रमुख शिवालयों में सुरक्षा के लिए तैनात पुलिसकर्मी भी रात दो बजे से ही जुट गए।


पंडित मनोज द्विवेदी। अमृत विचार

**पार्किंग फ्री**

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने शिवरात्रि को लेकर गुरुवार को आनंदेश्वर मंदिर का निरीक्षण किया। पार्किंग स्थल पर मार्किंग का कार्य पूरा मिला। नगर आयुक्त ने बताया कि मंदिर में भक्तों के लिए पार्किंग पूरी तरह फ्री होगी।


यशोदानगर से भोलेनाथ की बारात निकाली गई।

**महाशिवरात्रि से जुड़ीं कथाएं**

पं. मनोज द्विवेदी ने बताया कि फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी पर शिव सबसे पहले शिवलिंग के स्वरूप में प्रगट हुए थे। शिव के ज्योतिर्लिंग प्रकाट्य पर्व को हर साल महाशिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। कथा के अनुसार महाशिवरात्रि पर शिव और पार्वती का मिलन हुआ था। शिव ने वैराग्य छोड़कर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया था। इस दिन शिवभक्त शिव बारात निकालते हैं। इसके साथ ही महाशिवरात्रि के दिन ही सभी द्वादश ज्योतिर्लिंग प्रगट हुए थे। इस कारण से 12 ज्योतिर्लिंग के प्रगट होने की खुशी में महाशिवरात्रि का त्योहार मनाया जाता है।

**महाशिवरात्रि पर पूजा का शुभमुहूर्त**

**प्रथम प्रहर की पूजा का समय :** 8 मार्च शाम 06 .25 बजे से रात्रि 09 .28 बजे तक

**दूसरे प्रहर की पूजा का समय :** रात 09 .28 बजे से 9 मार्च मध्य रात्रि 12 .31 बजे तक

**तीसरे प्रहर की पूजा का समय :** 9 मार्च मध्य रात्रि 12 .31 बजे से सुबह 03 .34 बजे तक

**चतुर्थ प्रहर की पूजा का समय :** 9 मार्च को सुबह 03 .34 बजे से सुबह 06 .37 बजे तक

## भोलेनाथ की भव्य शोभायात्रा निकली

**कानपुर।** यशोदा नगर क्षेत्र गुरुवार को हर हर महादेव, बम बम भोले के जयकारों से गूंज उठा। श्री लालतेश्वर महादेव मंदिर की पुनः प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के अवसर पर भोलेनाथ की भव्य बारात शोभायात्रा निकाली गई। भूत, प्रेतों के वेश में चल रहे बारातियों के साथ हजारों श्रद्धालु जयकारे लगाते निकले। शोभायात्रा लालतेश्वर मंदिर से महादेवन मंदिर, पातालेश्वर सैनिक चौराहा होते हुए प्राण प्रतिष्ठा स्थल पहुंची। यहां यज्ञाचार्यों ने मंत्रोचारण के बीच भोलेनाथ विराजमान हुए। शोभायात्रा का कई स्थानों पर भव्य स्वागत हुआ। इस मौके पर संरक्षक लालता प्रसाद शुक्ला, चंदन प्रसाद शुक्ला, मुख्य आयोजक मनोज कुमार शुक्ला बबलू, संतोष कुमार शुक्ला, पुत्तन शुक्ला, कृष्ण कुमार शुक्ला, सत्यम शुक्ला, सौरभ शुक्ला, संजू दुबे डब्बू, बउअन आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

**सदर्न क्लब ने आठ विकेट से जीता मैच**

**कानपुर।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) की ओर से आयोजित केडीएमए क्रिकेट लीग के तहत मंधना स्थित चंद्रा मैदान में सी–डिवीजन के मैच में सदर्न क्लब ने सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल को आठ विकेट से पराजित किया और पांच अंक प्राप्त किए। आनंदराम जयपुरिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट 31 ओवरों में पर 82 रन बनाए। जवाब में सदर्न क्लब ने दो विकेट के नुकसान व 10 .2 ओवरों में 83 रन बना लिए। इस तरह सदर्न क्लब आठ विकेट से विजयी रही।

**राजेंद्र कुरील टी-20 प्रतियोगिता 13 से**

**कानपुर।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन से आबद्ध खेरापति एथलेटिक्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित प्रथम राजेंद्र कुमार कुरील स्मारक टी–20 क्रिकेट प्रतियोगिता 13 मार्च से पालिका मैदान में शुरू होगी। सचिव डॉ. प्रदीप अवस्थी ने बताया कि प्रतियोगिता में संघ से पंजीकृत बी–डिवीजन की टीमें भाग लेंगी।

**कानपुर नगर निगम**

**निविदा सूचना**

**निविदा संख्या–85/मु0अभि0/2023–24**

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2023–24 में पंजीकृत / नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अन्तर्गत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2023–24 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्यो हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :–

1. ई–निविदा पद्धति से आमन्त्रित निविदाओं की संख्या :– 10 दिनांक 13.03.2024

उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यो का पृथक–पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्तें कानपुर नगर निगम की बेवसाइट kmc.up.nic.in पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम कानपुर

Ro no. 418 दिनांक : 07.03.2024

**ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत**

**रूरा।** ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। गुरुवार को दिल्ली–हावड़ा रेल लाइन के डाउन ट्रैक पर अलियापुर गांव के पास खंभा नंबर 1047/1214 के पास रनियां थाना क्षेत्र के सिहुराभावन गांव निवासी अनंतू (28) की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

## अब एआई से चेक किए जाएंगे पैराशूट

**कानपुर।** ग्लाइडर्स इंडिया लिमिटेड (जीआईएल) ने पैराशूट की गुणवत्ता को अचूक बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का इस्तेमाल करने का फैसला लिया है। इस काम में आईआईटी दिल्ली का सहयोग लिया जाएगा। अभी आर्डनेंस पैराशूट फैक्ट्री में क्वालिटी कंट्रोल टीम पैराशूट की गुणवत्ता परखती है। कि 'एआई' तकनीक से पैराशूट के कपड़े का निश्चित स्पेसीफिकेशन के आधार पर निरीक्षण किए जाने से चूक की आशंका खत्म हो जाएगी।

**13 थानों में 11 ने प्राप्त किया प्रथम स्थान**

**कानपुर।** फरवरी के आईजीआरएस निस्तारण में कमिश्नरेट रैंकिंग का निर्धारण किया गया। जिसमें चकेरी थाना व महाराजपुर थाना को छोड़कर पूर्वी जोन के सभी 11 थानों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि फरवरी में थानों के सभी आईजीआरएस नोडल उनि. व आरक्षियों को बुलाकर मीटिंग में निर्देश दिया गया था। हर आईजीआरएस शिकायत पर व्यक्तिगत रूप से मिलकर बात करने व शिकायतकर्ता की समस्या के संबंध में मोबाइल काल से वार्ता के लिए निर्देश दिए गए थे। प्रत्येक आईजीआरएस शिकायत पर 2–3 पुलिस अधिकारियों ने मिलकर व मोबाइल फोन से वार्ता कर समस्या का निस्तारण किया था।

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर**
नवीन मण्डी स्थल, हमीरपुर रोड़, नौबस्ता, कानपुर

पत्रांक : कृ0उ0म0स0/(सब्जी खण्ड)/2023–24–348 दिनांक : 07.03.2024

**जैम–निविदा आमंत्रण सूचना**

नवीन फल–सब्जी मण्डी स्थल, सचेण्डी (चकरपुर) कानपुर के ''सब्जी खण्ड़'' के सम्पूर्ण परिसर की सफाई कार्य वित्तीय वर्ष 2024–2025 में ठेका पद्धति के आधार पर कराये जाने हेतु जैम पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित करते हुए सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.03.2024 से 18.03.2024 तक को सायंकाल 5:00 बजे तक ऑनलाईन जैम पोर्टल पर निविदाए अपलोड की जा सकेगी। तकनीकी बिड़ दिनांक 19.03.2024 को खोली जायेगी। उक्त मण्डी स्थल हेतु प्रतिभूति के रूप में रू.4,50,000.00 (रूपया चार लाख पचास हजार मात्र) की एफडीआर जो सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर के पक्ष में बन्धक करनी होगी। नियम व शर्ते ऑनलाईन/कार्यालय में देखी व पढ़ी जा सकती है।

(सुभाष सिंह)
सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर।

(डा0 राजेश कुमार)
अपर जिलाधिकारी (नगर)/सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर।

बिकरू कांड

8 पुलिसवालों की हत्या मामले में मुखबिरी का आरोपी है

# दरोगा केके शर्मा को जमानत नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** बिक रू कांड में आरोपी बनाए गए तत्कालीन दरोगा के के शर्मा की ओर से बचाव पक्ष ने अदालत में दूसरी जमानत अर्जी को पेश किया था। जिसकी सुनवाई करते हुए कोर्ट ने खारिज कर दिया।

चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर दी थी। घटना में आठ पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी, जबकि कई घायल हो गए थे।मामले में पुलिस ने तत्कालीन चौबेपुर थाना में तैनात थाना प्रभारी विनय कुमार तिवारी व दरोगा के के शर्मा उर्फ कृष्ण कुमार शर्मा को पुलिस दबिश की सूचना अपराधियों तक पहुंचाने व उनसे संबंध होने के साक्ष्य दौरान विवेचना मिलने पर उन्हें भी आरोपी बना कर जेल भेज दिया था। आरोपी की पूर्व में जमानत अर्जी खारिज हो जाने के बाद पुनः दूसरी जमानत अर्जी दाखिल की गई थी ।जिसकी सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट अमित मालवीय की अदालत में चल रही थी।

सुनवाई में बचाव पक्ष की ओर चीफ डिफेंस काउंसिल संजय शुक्ला ने अदालत में तर्क रखे कि आरोपी तीन साल से ज्यादा समय से जेल में बंद हैं वह किसी अभियोजन गवाह को प्रभावित नहीं करेगा साथ ही मुकदमे में सहयोग करेगा। वहीं बचाव पक्ष के तर्कों का विरोध करते हुए सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रशांत कुमार मिश्रा व विकास सिंह ने अदालत को बताया कि आरोपी का अपराध गंभीर है पुलिस सेवा में होते हुए पुलिस की दबिश देने की सूचना विकास दुबे को दी जिसके फलस्वरूप इतनी बड़ी घटना हुई जिसमें कई पुलिस कर्मियों को अपनी जान गंवानी पड़ी।

**मामले की सुनवाई टली**

**कानपुर देहात ।** बिकरू कांड के मुख्य मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। गुरुवार को मामले की सुनवाई टल गई अब अदालत ने मामले में 11 मार्च की तिथि नियत की है। चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर दी थी। घटना में आठ पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी, जबकि कई घायल हो गए थे ।जिसकी सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है ।मामले में अभियोजन गवाह दरोगा कुंवरपाल से बचाव पक्ष की जिरह चल रही है । सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रशांत कुमार मिश्रा व विकास सिंह ने बताया कि गुरुवार को मामले की सुनवाई आगे बढ़ गई है अब अदालत ने मामले में सुनवाई के लिए 11 मार्च की तिथि नियत की है ।इस दौरान सभी आरोपी कोर्ट में उपस्थित रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**आवश्यकता है**

यूबीएस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूट, बक्शी का तालाब, कठवारा, लखनऊ को बी.ए. संकाय हेतु आवश्यकता हैं। प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं की, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, इतिहास, गृह विज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, हिन्दी हेतु, **योग्यता लखनऊ विश्वविद्यालय मानकानुसार, सम्पर्क – प्रबंधक मो.: 9454716161**

**सूचना**

मेरा नाम रामसागर आधार कार्ड व पैन कार्ड में दर्ज है, जबकि मेरे पुत्र सुनील कुमार के नौकरी के अभिलेखों में मेरा नाम रामसागर तिवारी दर्ज हो गया है। रामसागर व राम सागर तिवारी दोनों मेरे ही नाम हैं। मुझे इन दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है। **नाम– रामसागर पता– निवासी ग्राम तेजीपुर पोस्ट मल्लावां तहसील बिलग्राम, जनपद– हरदोई पिन कोड 241303, जिला– हरदोई, उत्तर प्रदेश।**

**सूचना**

मेरा नाम प्रेमलता आधार कार्ड व पैन कार्ड में दर्ज है, जबकि मेरे पुत्र सुनील कुमार के नौकरी के अभिलेखों में मेरा नाम प्रेमलता देवी दर्ज हो गया है। प्रेमलता व प्रेमलता देवी दोनों मेरे ही नाम हैं। मुझे इन दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है। **नाम– प्रेमलता पता– निवासी ग्राम तेजीपुर पोस्ट मल्लावां तहसील बिलग्राम जनपद– हरदोई पिन कोड 241303 जिला– हरदोई, उत्तर प्रदेश।**

**पं. ओंकार नाथ महाविद्यालय**
बखत का पुरवा बस्तीदेई गौरीगंज जनपद अमेठी
(सम्बद्ध– डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या)

**आवश्यकता है**

संस्था में संचालित बी.ए., एम.ए. एवं बी.एड्. पाठ्यक्रम में निम्न स्टाफ की– **प्रवक्ता बी.ए. –** हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, चित्रकला, मध्यकालीन इतिहास एवं भूगोल प्रत्येक विषयो के लिए 01 पद। **प्रवक्ता एम.ए.–** शिक्षा शास्त्र एवं गृहविज्ञान में 02–02 पद। **प्रवक्ता बी. एड्.–** 04 पद। **योग्यता–** यू.जी.सी./राज्य सरकार/ विश्वविद्यालय के मानकानुसार। **वेतन–** राज्य सरकार के स्ववित्तपोषी शासनादेश के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर आवेदन करें।

प्रबन्धक– डॉ. श्रीमती गीता पांडेय
मो0– 8004232988

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर**
नवीन मण्डी स्थल, हमीरपुर रोड़, नौबस्ता, कानपुर

पत्रांक : कृ0उ0म0स0/(फल खण्ड)/2023–24–349 दिनांक : 07.03.2024

**जैम–निविदा आमंत्रण सूचना**

नवीन फल–सब्जी मण्डी स्थल, सचेण्डी (चकरपुर) कानपुर के ''फल खण्ड़'' के सम्पूर्ण परिसर की सफाई कार्य वित्तीय वर्ष 2024–2025 में ठेका पद्धति के आधार पर कराये जाने हेतु जैम पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित करते हुए सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.03.2024 से 18.03.2024 तक को सायंकाल 5:00 बजे तक ऑनलाईन जैम पोर्टल पर निविदाए अपलोड की जा सकेगी। तकनीकी बिड़ दिनांक 19.03.2024 को खोली जायेगी। उक्त मण्डी स्थल हेतु प्रतिभूति के रूप में रू.3,40,000.00 (रूपया तीन लाख चालीस हजार मात्र) की एफडीआर जो सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर के पक्ष में बन्धक करनी होगी। नियम व शर्ते ऑनलाईन/कार्यालय में देखी व पढ़ी जा सकती है।

(सुभाष सिंह)
सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर।

(डा0 राजेश कुमार)
अपर जिलाधिकारी (नगर)/सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर।

# मजदूरों के गांव में ठेकेदार के परिवार का खासा वर्चस्व

## बीहड़ की जिंदगी

बृजेश श्रीवास्तव, कानपुर

- ठेकेदार पति के जेल जाने के बाद भी रुतबा कम नहीं
- पति से ज्यादा गांव वालों पर बीवी का दबदबा कायम

**अमृत विचार:** घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के बरौली के ईंट भट्ठे में दो किशोरियों को जबरन बीड़ी-शराब पिलाने, फिर गैंगरेप करने और अश्लील वीडियो बनाने के बाद दोनों किशोरियों की पेड़ पर लाशें टंगी मिलने की सनसनीखेज घटना से गांव वाले सन्न हैं। जिस ठेकेदार और उसके बेटे व भांजे ने इस वारदात को अंजाम दिया, उसका पूरे गांव में वर्चस्व कायम है। ऐसा वर्चस्व कि कोई उसके खिलाफ जुबान खोलने की हिम्मत नहीं जुटा पाता। खास बात यह है कि अकेले ठेकेदार ही नहीं, गांव वालों में उसकी बीवी का खासा दबदबा है।

पहले बरौली के ईंट भट्ठे में गैंगरेप और फिर दोनों किशोरियों की 29 फरवरी को बेरी के पेड़ पर लाशें टंगी मिलने के बाद बुधवार को एक किशोरी के पिता द्वारा गांव में आत्महत्या करने से यह मामला लगातार सुर्खियों में है। हमीरपुर जिले के सिसोलर थाना क्षेत्र के जिस गांव का मजदूर परिवार है, वह अति पिछड़ा इलाका है। बांदा जनपद का यह सीमावर्ती गांव केन नदी के किनारे बीहड़ में स्थित है, जहां तक पहुंचने के लिए सलामत रास्ता तक नहीं है। मौदहा से करीब 35 किलोमीटर दूर इस गांव में सिर्फ निषाद बिरादरी के ही लोग रहते हैं। करीब 200 घरों वाले इस डेरा में लगभग 300 मतदाता हैं।

गांव के ज्यादातर लोग अनपढ़ हैं और मजदूरी करके अपना गुजारा करते हैं। इनमें अधिकांश लोग भट्ठों में ईंट पथाई का काम करते हैं और ज्यादातर अपने गांव से दूर भट्ठों में ही परिवार के साथ दिन गुजारते हैं। अनपढ़ और गरीबी का फायदा उठाकर ही गांव का ठेकेदार रामरूप निषाद इनका शोषण करता है। उसके इस काम में पहली पत्नी का बेटा रज्जू और भांजा संजू हाथ बंटाता है और काम देने के नाम पर गांव वालों पर दबदबा बनाकर रौब गांठता है। यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा है।

यूं कह सकते हैं कि निषादों के डेरा में सबसे धनाड्य होने के कारण ठेकेदार रामरूप और उसके परिवार की तूती बोलती है। जो उसके हिसाब से नहीं चलता, उसे काम नहीं देता है, जिससे मजबूरी में गांव वाले उसके इशारों पर नाचते हैं। उसकी नामौजूदगी में उसकी बीवी गांव वालों पर दबदबा बनाए रखती है। उसका इस कदर वर्चस्व है कि गांव वाले उसके सामने भी मुंह खोलने की हिम्मत नहीं जुटा पाते। जो विरोध करने की जुर्रत करता है, उसके खिलाफ थाने और पुलिस अधिकारियों तक फर्जी शिकायत कर इतना परेशान कर देती है कि लोग अपना मुंह बंद रखने को मजबूर हो जाते हैं। यही उसने किशोरी के पिता के साथ करने की कोशिश की, जिससे आहत होकर उसने कानूनी लड़ाई लड़ने के बजाय मौत को गले लगा लिया।

### ठेकेदार ने पत्नी की मौत के बाद की दूसरी शादी

मजदूरों के ठेकेदार रामरूप निषाद की पहली पत्नी की करीब 15 साल पहले मौत हो गई थी। उससे एक लड़का रज्जू (गैंगरेप का आरोपी) और दो बेटियां हैं। पहली पत्नी की मौत के बाद उसने निर्मला से दूसरी शादी की, जिससे तीन लड़के और एक लड़की है। करीब 35 वर्षीया निर्मला ही गांव में परिवार संभालती है और पैसे के दम पर गांव वालों को दबाकर रखती है। उसकी जुबान ऐसी है कि लोग अपना मुंह बंद रखने को मजबूर रहते हैं। उसकी आदतों और हरकतों के पारिवारिक लोग भी नाखुश हैं, लेकिन उसके दबदबा के आगे शांत रहकर सब कुछ बर्दाश्त करने को मजबूर हैं।

### एडवांस रुपये देकर गांव वालों को बनाता बंधुआ

गांव वालों का कहना है कि ठेकेदार रामरूप निषाद लोगों की गरीबी का फायदा उठाता है। वह मजदूरीपेशा लोगों को एडवांस में रुपये देता है और फिर उन्हें बंधुआ बनाकर अपना गुलाम बना लेता है। कर्ज में दबे मजदूर हमेशा अपना मुंह बंद रखने को मजबूर हो जाते हैं। मजदूरों से ईंट भट्ठों में लगातार काम लिया जाता है। साल में सिर्फ होली और दीपावली पर ही गांव जाने की छूट मिलती है। ईंट भट्ठा मालिकों से ठेकेदार रामरूप ही पूरी रकम लेता है और फिर मजदूरों को अपने हिसाब से मेहनताना का भुगतान करता है। बिना काम बीच की कमाई से ही वह मालामाल रहता है और गांव वालों पर रुतबा बनाए रखता है।



पुलिस ने गांव वालों से घटना के बारे में छानबीन की। अमृत विचार

### गांव में किया गया अंतिम संस्कार

गैंगरेप का शिकार एक किशोरी के पिता द्वारा बुधवार को आत्महत्या किए जाने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिवार के सुपुर्द कर दिया। शव को गांव ले जाया गया। पीड़ित परिवार के हालात देखकर ग्राम प्रधान जगतपाल सिंह ने मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया और अपने निजी ट्रैक्टर से लकड़ी भिजवाई। इसके बाद गांव के किनारे शव का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान सिसोलर पुलिस भी मौजूद रही। अंतिम संस्कार के दौरान गांव वालों में ठेकेदार के खिलाफ गुस्सा था, लेकिन भय इतना कि कोई कुछ बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था।

# अभी भी किसी के गले नहीं उतर रही खुदकुशी की बात

## किशोरियों की हत्या की बात कह रहे लोग, पोस्टमार्टम रिपोर्ट दबाने से गहराया शक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार:** घाटमपुर क्षेत्र के बरौली के ईंट भट्ठे में जबरन बीड़ी-शराब पिलाने, फिर गैंगरेप कर वीडियो बनाने और बाद में दोनों किशोरियों की बेरी के पेड़ में लाशें लटकी मिलने के बाद से ही पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। आत्महत्या की बात किसी के गले नहीं उतर रही है। पुलिस की ओर से पोस्टमार्टम रिपोर्ट को दबाने से शक और गहरा रहा है।

परिवार वालों की नामौजूदगी में 14 और 16 वर्षीया किशोरियों की इज्जत के साथ जिस तरह खेल खेला गया और फिर दूसरे दिन दोनों की जिन हालात में कांटों भरे बेरी के पेड़ में एक ही दुपट्टे से दोनों की लाशें लटकी मिलीं, उसने हर किसी को हिलाकर रख दिया, लेकिन इस पूरे मामले में पुलिस ने जितनी जल्दबाजी दिखाई, उसी का ही नतीजा रहा कि एक किशोरी का पिता मौत को गले लगाने के लिए मजबूर हो गया। पुलिस ने गैंगरेप, अश्लील वीडियो बनाने और बीड़ी-शराब पिलाने की बात तो स्वीकारी, लेकिन आत्महत्या मानकर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजने में जितनी जल्दबाजी दिखाई, वह पुलिस की भूमिका पर लगातार सवाल उठा रही है।

घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अफसरों ने बराबर आत्महत्या की ही बात दोहराई। अभी भी पुलिस के अधिकारी इस मामले में उठ रहे सवालों के सीधे जवाब देने से कतरा रहे हैं। किशोरियों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। पुलिस का सबसे ज्यादा जोर मामले की गहराई से जांच करने में नहीं, बल्कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट को दबाने में है।

पुलिस की लीपापोती से ही उसकी भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। किशोरियों के आत्महत्या करने की बात किसी के गले नहीं उतर रही है। गांव वाले भी दबी जुबान कहते हैं कि किशोरियों ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि उनकी हत्या कर शवों को पेड़ पर टांगा गया है। पीड़ित परिवार इतना पढ़ा-लिखा या सक्षम नहीं है कि वह इंसाफ के लिए कानूनी लड़ाई लड़ सके। पचड़े से बचने के लिए पुलिस ने भट्ठा मजदूरों को झोपड़ियां खाली करने का फरमान सुना दिया, जिसके बाद वह पलायन कर अपने गांव पहुंच गए।

### पुलिस की भूमिका और धमकियों से टूट गया पिता

इस सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस की भूमिका ने गरीब पीड़ित परिवार को बेसहारा कर दिया। भट्ठा छोड़ने के बाद पूरा परिवार गांव चला गया, जहां उसे समझौता करने की धमकियां मिलने लगीं। एक तरफ समझौते के लिए धमकियां दूसरी ओर पुलिस की ओर से सुरक्षा और न्याय की कोई उम्मीद नहीं दिखने पर ही एक किशोरी का पिता आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो गया। जिस दिन किशोरियों का गांव में अंतिम संस्कार किया गया, उस दिन तो घाटमपुर पुलिस ने गांव को छावनी बना दिया था, लेकिन उसके बाद पीड़ित परिवार की कोई सुधि नहीं ली। वारदात घाटमपुर क्षेत्र में होने के कारण सिसोलर पुलिस ने भी कोई वास्ता नहीं रखा। अलबत्ता पिता के आत्महत्या करने पर सीओ और सिसोलर पुलिस गांव पहुंची।

### बच रहे पुलिस अफसर

घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह का कहना है कि इस पूरे मामले की रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बारे में विवेचक ही कुछ बता सकते हैं, जबकि विवेचक खुर्शीद अहमद का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट को लेकर अधिकारी ही जानकारी दे सकते हैं।

### राहुल, प्रियंका ने ट्वीट कर सरकार को घेरा

दो बेटियों के साथ हुई दरिंदगी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने ट्वीट किया है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा है कि नरेंद्र मोदी की डबल इंजन सरकारों में हो रहे 'डबल अन्याय' को इन दो घटनाओं से समझिए, जहां यूपी में दो बहनों ने अपने साथ हुए दुष्कर्म के बाद फांसी लगा ली, अब न्याय न मिलने और मुकदमा वापस लेने के दबाव पर उनके पिता को भी फांसी लगानी पड़ी, डबल इंजन की सरकार में न्याय मांगना गुनाह है।

### अभी नहीं हुई गिरफ्तारी

एक किशोरी के पिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में नामजद मुकदमा दर्ज होने के बाद भी अभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

> मामले को गंभीरता से लेते हुए मौदहा क्षेत्राधिकारी और सिसोलर थाना प्रभारी को मौके पर भेजा गया था। दो के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की गहराई से जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
>
> –दीक्षा शर्मा, एसपी हमीरपुर

# ठेकेदार की बीवी- बेटी पर केस

संवाददादा, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार:** गैंगरेप की शिकार किशोरी के पिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में ठेकेदार की बीवी और बेटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो गई है। आरोप है कि गैंगरेप के मुकदमे में समझौते का दबाव डालने के लिए एक दिन पहले ठेकेदार की बीवी उसके घर पहुंची थी और सुलह नहीं करने पर दुराचार में फंसाने की धमकी दी थी। इसी से आहत होकर उसने जान दे दी।

करीब एक सप्ताह पहले ईंट भट्ठे में किशोरियों के साथ गैंगरेप और फिर मौत के गम में डूबा पिता अपने आपको संभाल भी नहीं पाया था कि उसके ऊपर मुकदमे में समझौता करने का दबाव पड़ने लगा था। इस मुकदमे में ठेकेदार रामरूप, उसके बेटे संजय उर्फ रज्जू और भांजे संजू के जेल जाने के बाद उसके परिवार ने पीड़ित परिवार पर दबाव बनाना शुरू कर दिया था। इधर, पुलिस ने भी आरोपियों को जेल भेजने के बाद अपनी जिम्मेदारी से पल्लू झाड़ लिया था, जिससे परिवार मानसिक रूप से पूरी तरह टूट गया था।

पीड़ित परिवार को मुकदमे में राजीनामा करने की लगातार धमकियां मिल रही थीं। परिवार वालों का कहना है कि पांच मार्च को आरोपी ठेकेदार रामरूप की पत्नी निर्मला पीड़ित परिवार के घर आई और मुकदमे को वापस लेने की धमकी देने लगी। इतना ही नहीं, मुकदमा वापस नहीं लेने पर दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर गई थी। इसी से आहत होकर अगले दिन बुधवार को एक किशोरी के पिता ने गांव के बाहर पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सिसोलर पुलिस ने बेटे की तहरीर पर ठेकेदार रामरूप की पत्नी निर्मला, उसकी बेटी के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।




दो दिन से गांव में सिसोलर थाने की पुलिस दस्तक दे रही है। अमृत विचार

### उधारी मांगने पर रेप का दंश झेलता रहा प्रताप

डेरे में ठेकेदार रामरूप सबको दबा कर रखता है। गांव के प्रताप निषाद ने ठेकेदारी शुरू करने का प्रयास किया तो उसे परेशान किया जाने लगा। वह ठेकेदारी का रास्ता छोड़ खेती-किसानी में लग गया। प्रताप बताता है कि उसके नलकूप से ठेकेदार रामरूप अपने खेतों की सिंचाई करता था। सिंचाई का करीब सात हजार रुपये उधार हो गया तो उसने पैसे की मांग की। मामूली विवाद हुआ तो ठेकेदार की पत्नी अपने कपड़े फाड़ कर थाने पहुंच गई और दुराचार का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की। पुलिस जांच के लिए गांव पहुंची तो मामला फर्जी निकला। पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी। यह वाक्या करीब दो साल पहले का है। इसके बाद वह पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देती रही। अदालत में 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र देने की कोशिश की। प्रताप दो साल तक अपने को निर्दोष साबित करने के लिए जूझता रहा। वह कहता है, अगर पुलिस ने सच का साथ नहीं दिया होता तो जेल में होता।

# आज निकलेगी भोले की बारात

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान भोलेनाथ की बारात को लेकर गुरुवार को कूष्मांडा देवी मंदिर तेल और मातृ पूजन का कार्यक्रम हुआ, जिसमें महिलाओं ने शादी की रस्में पूरी की। वहीं महादेव मंदिर में भोलेनाथ की बारात को लेकर तैयारियां पूरी की गईं। शुक्रवार को भोलेनाथ मंदिर से बारात नगर पालिका रोड होते हुए कूष्मांडा देवी मंदिर पहुंचेगी, जहां पर बारात का भव्य स्वागत एवं अन्य रस्में पूरी जाएंगी।

महादेव मंदिर से निकलने वाली शिव बारात मां कूष्मांडा देवी मंदिर पहुंचने के बाद शिव-पार्वती का विवाह होगा। इसके बाद नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी। कूष्मांडा देवी मंदिर में सनातन धर्म के अनुसार शादी की सारी रस्में निभाई जाती हैं। शुक्रवार को कूष्मांडा देवी मंदिर परिसर में भगवान भोलेनाथ की बारात के स्वागत के लिए इंतजाम किए गए हैं। कस्बे में शिव बारात के भव्य स्वागत के लिए तोरण द्वार और जगह-जगह स्टाल लगाकर बारातियों के जलपान व नाश्ता आदि की भी व्यवस्था की गई है। शिव बारात में कस्बे के बैंड बाजा ग्रुप अपना-अपना प्रदर्शन करते हैं और इसका कोई शुल्क नहीं लेते हैं। अदभुत शिव बारात में कस्बे के ही नहीं बल्कि दूरदराज से हजारों की संख्या में भक्त लोग शिव बारात में शामिल होने आते हैं।



कूष्मांडा देवी मंदिर में गुरुवार को तेल पूजन का कार्यक्रम हुआ। अमृत विचार

- कूष्मांडा देवी मंदिर में दुल्हन की तरह सजाया गया दरबार
- भोलेनाथ मंदिर में भी सजावट के साथ शिव बारात की तैयारी

# आर्थिक तंगी में युवक ने दी जान

**सरसौल।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बौसर में आर्थिक तंगी से ऊबकर एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी।

बौसर के मजरा सेरुआ निवासी राजेंद्र पासवान (35) पिछले कुछ समय से आर्थिक संकट से जूझ रहा था। साथ ही उसे शराब की भी लत लग गई थी। इसके चलते गुरुवार सुबह गांव के बाहर आम के बगीचे में उसने अंगौछे के सहारे फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि कुछ समय पहले राजेंद्र की पत्नी की भी बीमारी के चलते मौत हो गई थी। इसके बाद से ही वह अत्यधिक शराब पीने लगा था। एसओ सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दीवार तोड़ स्कूल में घुसी गाड़ी, शिक्षिका घायल

संवाददाता, सरसौल

- अमौली के प्राथमिक विद्यालय में हादसे से मचा हड़कंप
- हादसे के बाद गाड़ी छोड़कर भागा चालक, तलाश शुरू

**अमृत विचार:** महाराजपुर थाना क्षेत्र के अमौली गांव के प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री तोड़ते हुए तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी अचानक स्कूल के अंदर जा घुसी। हादसे में विद्यालय की एक सहायक अध्यापिका श्रेया सिंह गायल हो गईं। गनीमत रही कि गाड़ी की चपेट में स्कूल का कोई बच्चा नहीं आया। एक बड़ा हादसा होते बचा।

बताया जा रहा है कि हादसे के समय बोलेरो गाड़ी का चालक नशे में था। दुर्घटना के बाद वह गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और गाड़ी नंबर के आधार पर चालक और वाहन स्वामी की तलाश कर रही है। हादसे में घायल शिक्षिका श्रेया सिंह को अस्पताल भिजवाया गया।



हादसे में घायल शिक्षिका श्रेया सिंह।

# पति की पिटाई से थम गई सांस, पकड़ा गया

संवाददाता, बिधनू

- अवैध संबंधों के शक में दोनों के बीच हुआ था विवाद

**अमृत विचार:** सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के ईंट भट्ठे में मंगलवार की रात विवाद में पति की पिटाई से बेहोश हुई पत्नी की गुरुवार को हैलट अस्पताल में इलाज के दौरान सांसें थम गईं। पीटने के बाद पति ने भागने की कोशिश की थी, जिसे लोगों ने दबोच लिया था। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लिया है।

मूलरूप से छत्तीसगढ़ का रहने वाला मजदूर दिलीप ने आठ माह पहले पड़ोस की 22 वर्षीय रत्ना से प्रेम विवाह किया था। इसके बाद वह नवंबर महीने में पत्नी रत्ना को लेकर कोरियां स्थित सूर्या ईंट भट्ठे में मजदूरी करने आया था। दोनों ईंट भट्ठे में बनी झोपड़ी में रहते थे। बीते मंगलवार को दिलीप ने पत्नी रत्ना पर दूसरे युवक से संबंध रखने का आरोप लगाते हुए गालीगलौज की। इसको लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। दिलीप ने डंडे से रत्ना के सिर पर कई वार करके लहूलुहान कर दिया, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ी। रत्ना को मारा समझकर दिलीप भागने लगा तो मजदूरों और मुनीम ने उसे पकड़कर पुलिस को सूचना दी। पड़ोसी मजदूरों ने रत्ना को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां गुरुवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि रत्ना की मौत के बाद दिलीप और उसके बहनोई सुरेश को हिरासत में ले लिया गया है।

लापरवाही | पतारा ब्लाक की पड़री लालपुर ग्राम पंचायत की गोशाला में गोवंशों की दुर्दशा

# सूखा पयार खाकर प्यास से मर रहे गोवंश

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार:** पतारा विकास खंड क्षेत्र की पड़री लालपुर ग्राम पंचायत की गौशाला अनदेखी का शिकार है। पयार मिला सूखा भूसा खाकर गोवंश दम तोड़ रहे हैं। यहां अब तक कई गोवंश मर चुके हैं, लेकिन गौशाला में गोवंशों को सलामत बचाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। एक तरफ पानी की अव्यवस्था है तो दूसरी तरफ उनके चारे का कोई मुकम्मल इंतजाम नहीं है।

पड़री लालपुर गौशाला भीतरगांव रोड पर बंबा के किनारे करीब पांच बीघे में फैली है। करीब एक बीघे में गोवंशों को बांधने लिए दो टीनशेड और चारा भंडारण के लिए एक स्टोर बना हुआ है। करीब चार बीघा जमीन गोवंशों के चारे की व्यवस्था के लिए खाली पड़ी है। वर्तमान में गौशाला में 75 गोवंश पंजीकृत हैं, जिनके चारे के लिए सिर्फ सूखे पयार और भूसा की व्यवस्था है। सर्द हवाओं में गोवंशों को बचाने के कोई इन्तजाम नहीं किए गए, जिसकी वजह से ठंड से कमजोर गोवंश बीमार पड़ने लगे। एक गोवंश ने गुरुवार की सुबह दम तोड़ दिया।



गोवंशों की हालत देखकर गौशाला की व्यवस्थाएं समझी जा सकती हैं। अमृत विचार

### बीमार गोवंशों का चल रहा इलाज

ग्राम पंचायत सचिव रिचा उमराव का कहना है कि 65 गोवंशों के बीच 1300 रुपये का चोकर खरीदा जाता है और रोजाना गोवंशों को दिया जाता है। 30 रुपये के हिसाब से भूसा दिया जाता है। मौसम में बदलाव के कारण शनिवार को दो गोवंश बीमार हुए थे, जिनका उपचार हो रहा था। गुरुवार को एक गोवंश की मौत हो गई। पंचनामा नहीं भरा गया है। ग्राम प्रधान का दबदबा है। कोई अधिकारी यहां हाल देखने नहीं आता है।

> जनवरी और फरवरी में तीन गोवंशों की मौत हुई थी, जिनका पंचनामा भरा गया था। मौसम में उतार-चढ़ाव की वजह से गोवंश बीमार हो रहे हैं। गुरुवार सुबह एक गोवंश की मौत हो गई है, दूसरे की हालत भी नाजुक है।
>
> –डॉ.राहुल तिवारी, पशु चिकित्सक

> सभी गौशालाओं में गोवंशों के भूसे और चोकर का इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण में कमियां पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> –रविशंकर प्रधान, बीडीओ पतारा

## सार-संक्षेप

### उपहार पाकर चहके नवविवाहित जोड़े

**घाटमपुर।** बिधनू में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लाभार्थियों को गुरुवार को घाटमपुर में उपहार दिए गए। सभी नवविवाहित जोड़ों को पायल, बिछिया, कपड़े, श्रृंगारदान, अटैची, कुकर, डिनर सेट आदि भेंट किए गए। समाज कल्याण अधिकारी संजय गुप्ता की देखरेख में ब्लॉक प्रमुख इंद्रजीत सिंह राजावत ने जोड़ों को उपहार वितरण किया। यहां बीडीओ चंद्रमणि, विनोद कुमार सिंह, शोभित सेंगर, एडीओ पंचायत विनोद कुमार झा आदि रहे। नगर पालिका में आठ जोड़ों को अध्यक्ष गज़ाला तबस्सुम ने उपहार वितरण कर आशीर्वाद दिया।

### ठेके में सेंध लगाकर शराब उठा ले गए चोर

**भीतरगांव।** साढ़ क्षेत्र के अमौर गांव में देशी शराब की दुकान में चोरों ने पीछे से दीवार काट कर 22 पेटी देशी शराब के 990 क्वार्टर उठा ले गए। चोरों ने एक दुकान से कोल्ड ड्रिंक की तीन पेटी उठा ले गए। दुकान संचालक की सूचना पर पुलिस ने मकान मालिक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। फिलहाल जांच चल रही है।

### शिव धाम की रासलीला में कंस वध की लीला

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत बिच्छीपुर के शिव हरि धाम मंदिर में रासलीला का आयोजन किया गया, जिसमें वृंदावन धाम से पधारे आदर्श रासलीला मंडल श्रीधाम वृंदावन के कलाकारों ने बेहतरीन अभिनय कर लोगों का दिल जीत लिया। कृष्ण के नृत्य रास के बाद भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध किया। आसपास के गांवों से पहुंचे लोग रासलीला देखकर मंत्र मुक्त हो गए।

### बिल्हौर में छात्राओं ने तैयार किए प्राकृतिक रंग और गुलाल

**बिल्हौर।** आईटीआई की छात्राओं ने होली के लिए स्वदेशी रंग तैयार किए हैं। नवाचार के रूप में तैयार किए गए हर्बल रंगों से त्वचा को कोई नुकसान नहीं होगा। अनुदेशक दीपा सोनी के निर्देशन में छात्राओं ने चुकंदर, हल्दी, पालक आदि से प्राकृतिक रंग तैयार किया है। प्रधानाचार्य मयंक मिश्र ने कहा कि रंग-गुलाल हर्बल हैं और बाजार से कम कीमत पर उपलब्ध हैं। छात्राओं ने कड़ी मेहनत कर रंग तैयार किए हैं।

### कूष्मांडा नगर में सड़क निर्माण के लिए भूमि पूजन

**घाटमपुर।** कुष्मांडा नगर में सड़क निर्माण के लिए मिथिला शरण दुबे ने भूमि पूजन किया। नगर पालिका ईओ महेंद्र कुमार के साथ सभासद सत्यम चौहान, गुड्डू पंडित भी मौजूद रहे। सड़क का काम शुरू होने से कूष्मांडा नगर के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। मोहल्ले वासी काफी समय से सड़क बनाने की मांग कर रहे थे।

### अविष्कार प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**चौबेपुर।** गुरुवार को कस्बे के लवकुश पब्लिक स्कूल में अविष्कार प्रतियोगिता हुई, जिसमें विभिन्न पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के 216 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्राथमिक विद्यालय प्रेम के अभिषेक मिश्रा ने कक्षा 6, कंपोजिट विद्यालय मालौ के लवकुश ने कक्षा 7 और पूर्व प्राथमिक विद्यालय पचोर के अक्षत ने कक्षा 8 में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अव्वल बच्चों को बीईओ आनंद पटेल ने सम्मानित कर हौसला बढ़ाया।

### पॉवर एंजेल टीम के लिए शिक्षिकाओं को दिया प्रशिक्षण

**चौबेपुर।** महिलाओं को पावर एंजेल सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान करने के लिए बीआरसी में तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित कर शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित किया गया। बीईओ आनंद पटेल ने बताया कि प्रत्येक पूर्व माध्यमिक विद्यालय में नए सत्र से पॉवर एंजिल का गठन किया जाएगा। ट्रेनर आशा कटियार ने प्रशिक्षण दिया।

### मनुष्य का हृदय साफ, तभी ईश्वर की कृपा संभव

**बिठूर।** मनुष्य को काम, क्रोध, लोभ, मोह अपने हृदय से दूर करने पर भक्ति मिलती है। हृदय में ज्ञान रूपी झाड़ू से सफाई हो गई तो मां विराजमान हो जाती है। भक्ति देवी हैं, भगवान देवता है। जहां भक्ति होगी, वहीं भगवान होंगे। यह बात बिठूर के कुरसौली हनुमान मंदिर में भागवत कथा के दूसरे दिन आचार्य विष्णु कांत त्रिवेदी ने कही। उन्होंने कहा कि ज्ञान, भक्ति बैराग्य जल्दी नहीं आता है। प्रभु का निरंतर ध्यान लगाना पड़ता है। आचमन तीन बार किया जाता है। अंतर्मन की शुद्धि करने से ही भक्त और भगवान का प्रेम होता है। रामनाम लेने से मुख पवित्र होता है ब्रम्ह का ज्ञान प्राप्त होता है।

# महाशिवरात्रि आज, मंदिरों में गूंजेगा बम-बम भोले

## मंदिरों की सफाई के साथ हुई सजावट, झालरों की रोशनी से नहा उठे शिवालय

संवाददाता सफीपुर, उन्नाव

**अमृत विचार।** हिंदू आस्था का प्रतीक महापर्व महाशिवरात्रि शुक्रवार को बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके चलते पर्व की पूर्व संध्या पर कस्बे के प्रमुख शिवालयों व मंदिरों में तैयारियां पूरी हो गई हैं।

क्षेत्र के प्रसिद्ध मोटेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों द्वारा महाशिवरात्रि को श्रृंगार किया जाएगा। वहीं कस्बा स्थित शंकरी देवी मंदिर में ही शिव मंदिर में पुजारी देवकी नंदन सैनी ने समस्त तैयारियां शाम तक ही पूरी करा दी थीं। बाबा भोलेनाथ का अद्भुत श्रृंगार महाशिवरात्रि को किया जाता है। जिसमें हजारों भक्त श्रृंगार हेतु आते हैं। प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. ऋषिकांत मिश्रा के अनुसार इस बार शिवरात्रि पर विशेष महासंयोग बन रहा है। प्रदोष व्रत के साथ-साथ महाशिवरात्रि का पर्व भी मनाया जाएगा। भगवान शिव को समर्पित ये दोनों ही दिन पूजा के लिए बहुत ही शुभ माने जा रहे हैं।



शिवरात्रि पर्व की पूर्व संध्या पर सजाया गया शिवालय।

### महाशिवरात्रि पर कैसे करें पूजन


ज्योतिषाचार्य पं. ऋषिकांत मिश्रा।

ज्योतिषाचार्य पं. ऋषिकांत मिश्रा के अनुसार, भगवान शिव के विवाहोत्सव व महाशिवरात्रि पर्व व भगवान वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग जयंती पर्व का महापर्व फाल्गुन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी को चतुर्दशी तिथि प्राप्त होने पर ही सफलता दायक होता है। इसे सभी सनातनी धर्मावलंबी भक्तों को शुभ मुहूर्त में ही करना चाहिए। जो शुक्रवार को सर्वार्थ सिद्धि योग में प्रथम प्रहर सायंकाल 6 बजकर 24 मिनट से 9 बजकर 28 मिनट तक और द्वितीय प्रहर की पूजा 9 बजकर 28 मिनट से 12 बजकर 30 मिनट और तृतीय प्रहर 12 बजकर 30 मिनट से 3 बजकर 34 तक रहेगा। इसके बाद शनिवार सुबह 3 बजकर 34 मिनट से 6 बजकर 37 मिनट तक करने से विशेष पुण्य प्राप्त होगा।

### पालिका ने कराई घाटों की साफ-सफाई

महाशिवरात्रि के शाही स्नान को देखते हुये पालिका ने गुरुवार को नगर के सभी घाटों की साफ सफाई कराई। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी घाटों पर मुस्तैद रहेगा। महाशिवरात्रि को देखते हुये गुरुवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देश पर एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला ने नगर के सभी घाटों का जायजा लिया। जिसके बाद मिश्रा कॉलोनी से लेकर बालूघाट तक अतिरिक्त सफाई कर्मियों को लगाकर गंगा विशुन घाट, शिव घाट, रेलवे पुल के नीचे, मोनू घाट, बालूघाट, आनंद घाट, आदि घाटों की साफ सफाई कराई गई। इसके साथ ही स्नानार्थियों के लिए सभी घाटों पर चेंजिंग रूम, पानी का टैंकर, मोबाइल टॉयलेट आदि की व्यवस्था की गई है। वहीं सभी घाटों पर पुलिस भी तैनात रहेगी।


घाटों की सफाई करते पालिका कर्मी।


रात के समय झालरों से जगमगाता बालूघाट का आनंदेश्वर मंदिर। अमृत विचार

### सज गये नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिर

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर व ग्रामीण क्षेत्र के शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए देवारा कलां स्थित वीरभद्रेश्वर मंदिर, राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर, गोपीनाथ पुरम भाग्येश्वर मंदिर, सिद्धिधात्री मंदिर, सोमा गौरी मंदिर, बालूघाट स्थित आंनदेश्वर मंदिर, बालूघाट शक्तिपीठ स्थित महाकालेश्वर मंदिर, कंचनामाई मंदिर, चंपापुरवा शिव मंदिर समेत तमाम मंदिरों में साफ-सफाई के अलावा रंगरोगन का कार्य किया गया और मंदिरों की सजावट का कार्य भी बड़े स्तर पर किया गया। शाम होते ही सारे मंदिर झालरों की रोशनी से जगमगा उठे। रोशनी से नहाये मंदिरों की आभा देखते ही बन रही है।

# आज निकलेगी शोभायात्रा इन रूटों पर होगा डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर शहर में निकलने वाली शोभायात्रा के दौरान किसी प्रकार का व्यवधान न हो इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मियों को एएसपी व सीओ सिटी ने ब्रीफ किया। बताया कि यात्रा को लेकर रूट परवर्तित भी किया गया है। महाशिवरात्रि शोभायात्रा के दिन शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इसे लेकर सदर कोतवाली में एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह व सीओ सिटी सोनम सिंह ने मातहतों संग बैठक की। जिसमें शहर में रुट डायवर्जन पर चर्चा की गई। लखनऊ-कानपुर हाईवे से हरदोई व शहर से जाने वाले भारी वाहनों के आने पर रोक रहेगी। हरदोई से शहर आने वालो वाहनों को चकलवंशी से मियागंज की ओर डायवर्ट किया गया। हरदोई जाने वाली रोडवेज बसों को शहर में आने की छूट रहेगी। हरदोई ओवर ब्रिज से गांधी नगर तिराहा के मध्य दोपहिया व चौपहिया वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी। लखनऊ-कानपुर हाईवे से आने वाले चौपहिया वाहनों को प्रवेश नहीं मिलेगा। सफीपुर से आने आने वाले चौपहिया वाहनों को कब्बाखेड़ा तिराहा से न्यायालय गेट तिकुनिया पार्क से प्रकाश गेस्ट हाउस तिराहा की ओर डायवर्ट किया जाएगा। शुक्लागंज से उन्नाव शहर आने वाले वाहनों को मरहला चौराहा से हाईवे की ओर भेजा जाएगा।

### अचलगंज में शोभायात्रा मार्ग का लिया जायजा

अचलगंज कस्बे में भी शिवरात्रि पर शोभायात्रा निकलती है। गुरुवार को एएसपी अखिलेश सिंह कस्बा पहुंचे और यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। हड़हा रोड स्थित रामेस्वर मंदिर जाकर आयोजकों से चर्चा करने के साथ यहां भी रूट डायवर्जन व सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। एसओ संजीव ने बताया कि पुलिस बल तैयार है। साथ ही सुबह 10 से शाम चार बजे तक कस्बे में चौपहिया व अन्य भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी।


पुलिस कर्मियों को संबोधित करते एसपी अखिलेश सिंह और सीओ।

# सम्मानित हुए निपुण बच्चे व अभिभावक

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र में हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम मनाया गया। बीईओ नवाबगंज इंद्रा देवी के निर्देशन व मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप की अध्यक्षता में कार्यक्रम में को-लोकेटेड आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री और सहायिका, को-लोकेटेड विद्यालयों के नोडल शिक्षक, नोडल संकुल शिक्षक और हर न्याय पंचायत से चुने गए पांच निपुण छात्र शामिल हुए।

कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी (प्रभारी) सरिता, डॉयट मेंटर अमित राय, नोडल एसआरजी अखिलेश शुक्ल, बाल विकास पुष्टाहार विभाग से सुपरवाइजर व आईसीडीएस के कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की दीप प्रज्वलन के साथ शुरुआत हुई और अतिथियों का स्वागत बैच अलंकरण के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रत्येक न्याय पंचायत से चुने गए तीन निपुण प्राथमिक कक्षाओं 1, 2 व 3 के छात्रों व आंगनबाड़ी से दो निपुण बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। संचालन आशुतोष सिंह एआरपी व स्नेहिल पांडे ने किया। कार्यक्रम में माता उन्मुखीकरण, स्कूल रेडीनेस व चहक जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर एआरपी गजेंद्र सिंह द्वारा चर्चा की गई। एआरपी बृजेश वर्मा द्वारा समुदाय की भूमिका पर गहन चर्चा की गई। एआरपी अनूप अवस्थी व सूर्य प्रकाश पांडे द्वारा प्री-प्राइमरी शिक्षा संबंधी पुस्तकों व उपकरणों की संक्षिप्त सूची प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में शिक्षक अरुण कुमार, प्रमोद कुमार, शमीम खान, तनवीर ,ओम शुक्ल व अब्दुल आदि रहे।



पुरस्कृत बच्चों के साथ मौजूद अधिकारी व जन प्रतिनिधि। अमृत विचार

- विकासखंड नवाबगंज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# जहरीला पदार्थ निगलने से कारोबारी की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** मौरावां थानांतर्गत टेंट संचालक ने गांव में जहरीला पदार्थ निगल लिया। अचेत अवस्था में खेत में पड़ा देख परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए। जहां उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे लखनऊ ले जा रहे थे। रास्ते में उसकी मौत हो गई।


रजनीश।

युवक के गांव की ही एक दूसरे सम्प्रदाय की युवती से प्रेम-संबंध थे। चर्चा रही कि इसी बात को लेकर युवती के परिजनों से कहासुनी हुई थी। वहीं युवक की बहन ने मौखिक रूप से भाई की हत्या का शक जताया है। मौरावां थानाक्षेत्र के चंदा खेड़ा गांव के मजरा प्रसाद खेड़ा निवासी रजनीश रावत (25) पुत्र स्व. श्रीपाल गांव में ही टेंट हाउस चलाता था। बीते बुधवार उसने प्रेम-प्रसंग में जहरीला पदार्थ निगल लिया। बुधवार को एक शादी समारोह में उसका टेंट किराए पर लगा था। इससे संबंधित किसी कार्य के लिए मजदूरों ने उसे फोन किया तो फोन रिसीव नहीं हुआ। इस पर परिजनों ने उसकी तलाश की तो दुकान के पीछे एक खेत में वह अचेत पड़ा मिला। उसे रायबरेली जिले के बछरावां स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। लेकिन वहां उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ तो परिजन उसे लखनऊ ले जा रहे थे। लेकिन, रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

# करंट की चपेट में आकर युवती झुलसी

**बांगरमऊ।** रूबी (22) गुरुवार को घर में काम कर रही थी। तभी अचानक वह खुले तार में आ रहे करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। यह देख परिजन उसे तार से अलग कर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख युवती को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810464
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

# दुष्कर्म का आरोपी किशोर को भेजा बाल सुधार गृह

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** एक किशोर ने दो दिन पूर्व स्कूल से घर लौट रही प्राइमरी की छात्रा को रास्ते में दबोचकर दुष्कर्म किया था। छात्रा के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार को पुलिस ने बाल अपचारी को किशोर न्यायालय भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी प्राइमरी की छात्रा गांव लहरापुर के स्कूल से मंगलवार छुट्टी होने पर घर लौट रही थी। तभी बड़ा बाग के निकट गांव निवासी एक किशोर उसे झाड़ियों में ले गया और दुष्कर्म किया। पिता ने उसे लहूलुहान हालत में सीएचसी में भर्ती कराकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार को कोतवाली प्रभारी ने सिपाहियों के साथ बाल अपचारी के खिलाफ कार्यवाही कर किशोर न्यायालय भेज दिया।

### मासूम को युवक ने बदनीयती से खींचा, रिपोर्ट दर्ज

**फतेहपुर चौरासी।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बुधवार शाम उसकी आठ वर्षीय बेटी दुकान से सामान लेने गई थी। तभी गांव पटपरगंज निवासी सोनू ने उसे दबोच लिया और घर के बाहर बने शौचालय की ओर ले जाने लगा। बेटी के शोर मचाने पर लोग उधर जाने लगे। लोगों को आता देख वह भाग निकला। मां की तहरीर पर पुलिस ने युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बूथों पर बनाए जाएंगे रैंप, तैयारी शुरू की

**पुरवा उन्नाव।** चुनाव में मतदाताओं को मताधिकार में कोई असुविधा न हो सके और मूल सुविधाओं को सही कराने के लिए एसडीएम रनवीर सिंह ने 17 बूथों का निरीक्षण किया और बाबू रामपाल सिंह डिग्री कालेज मौरांवा में तीन बूथों पर रैंप न होने पर कालेज प्रशासन को रैंप बनवाने के निर्देश दिये।

बीकेएचआरइ कालेज मौरावां में प्राथमिक विद्यालय मौरावां नवीन, प्राथमिक विद्यालय मौरांवा प्राचीन 4, बीएएएस इंटर कालेज 4 व एमआरआरएस इंटर कालेज पुरवा, बाबू रामपाल सिंह महाविद्यालय में छाया, पानी, शौचालय, रैंप व अन्य सुविधाओं को जांचा। जिसमें बाबू रामपाल सिंह महाविद्यालय मौरावां में रैंप न होने पर कालेज प्रशासन को इसे बनवाने के निर्देश दिये।

**सियासत** सपा व भाजपा ने घोषित किए 65 वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्याशी

# 48 फीसद युवा चुनेंगे वृद्ध सांसद

अमृत विचार विशेष

प्रकाश तिवारी, उन्नाव

**अमृत विचार।** एक कहावत है कि जिस ओर जवानी चलती है उस ओर जमाना चलता है। ऐसा कहीं तक सही भी है और इसे आमजन से लेकर उद्योग जगत के लोग और देश भर के राजनेता भी मानते हैं। लेकिन, वह इसे सिर्फ अपने भाषणों तक ही सीमित रखते हैं। इसे धरातल तक नहीं लाते हैं। इस बार भी तीन राष्ट्रीय पार्टियों ने जिन्हें संसद भेजने का फैसला लेते हुए टिकट दिये हैं वे वृद्ध हैं।

देश व प्रदेश की सभी बड़ी पार्टियों के राजनेता युवाओं को देश का भविष्य बताते हैं और उन्हीं के दम पर देश की राजनीति, उद्यम, विकास के अलावा अन्य प्रगति के रास्ते खुलने की बातें भी करते हैं। लेकिन, वे युवाओं को किसी भी हाल में संसद नहीं भेजना चाहते। ऐसा हम इसलिये कह रहे हैं कि अब तक दो बड़ी पार्टियों द्वारा उतारे गए प्रत्याशी अपनी उम्र के 65 वर्ष पार कर चुके हैं। भाजपा द्वारा घोषित प्रत्याशी व मौजूदा सांसद साक्षी महाराज वर्तमान में 68 वर्ष के हो चुके हैं। वहीं, सपा और कांग्रेस की ओर से घोषित प्रत्याशी अन्नू भी 66 वर्ष पार हैं। ऐसे में अब जो भी अन्य पार्टियां अपने प्रत्याशी उतारेंगी भी उनका जिले से जीत पाना आसान नहीं है। क्योंकि लोकसभा चुनाव में सीधी टक्कर साक्षी महाराज और अन्नू में ही मानी जा रही है और इन्हीं में से किसी एक का संसद पहुंचना तय माना जा रहा है। इसके चलते जिले के 48 फीसद युवाओं को जिले का संसद में प्रतिनिधित्व करने को वृद्ध नेता ही चुनना मजबूरी होगी।


सांसद साक्षी महाराज।


पूर्व सांसद अन्नू टंडन। अमृत विचार

**कब जन्मे थे बड़ी पार्टियों के प्रत्याशी**

| पार्टी | प्रत्याशी | जन्मतिथि |
|---|---|---|
| भाजपा | साक्षी महाराज | 12 जनवरी 1956 |
| सपा-कांग्रेस | अन्नू टंडन | 15 नवंबर 1957 |

- भाजपा के साक्षी महाराज 68 तो सपा-कांग्रेस गठबंधन से अन्नू टंडन हैं 66 पार

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।
**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।
**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।
**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैंगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।
**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।
**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।
**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।
**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
**ब्लड बैंक:** - ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।
**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।
**न्यूरो सर्जरी विभाग** - सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।
**प्लास्टिक सर्जरी विभाग** - जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।
**स्किन विभाग** - लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**
★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध
मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

# बच्चों से भरी अनफिट वैन पलटी एक बच्चे की मौत, आठ घायल

## कानपुर-लखनऊ हाईवे पर हुई घटना, फिटनेस, बीमा व प्रदूषण के बिना दौड़ रही थी वैन

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव



क्षतिग्रस्त वैन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सोहरामऊ थानांतर्गत कानपुर-लखनऊ हाईवे पर गुरुवार सुबह उस समय चीत्कार मच गई जब बच्चों को ले जा रही वैन आशा खेड़ा गांव के पास डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इसमें एक पांच वर्षीय छात्र की मौत हो गई। वहीं अन्य आठ छात्र घायल हो गए। लोगों की मदद से घायल बच्चों को निजी मेडिकल कालेज लाया गया। जहां से इलाज के बाद सभी को घर भेज दिया गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया है। वहीं छात्र की मौत से परिजन रो-रोकर बेहाल रहे। जांच में वैन का बीमा, फिटनेस व प्रदूषण तक एक्सपायर मिला है।


सक्षम।

सोहरामऊ थानाक्षेत्र स्थित श्री राममूर्ति स्मारक विद्यालय के 10 छात्रों को लेकर जा रही एक वैन गुरुवार सुबह कानपुर-लखनऊ हाईवे पर कुशहरी तिराहा पार करते समय आशाखेड़ा गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। वैन सोहरामऊ के भजनखेड़ा निवासी बसंत सिंह चला रहा था। हादसा देख आसपास मौजूद लोग दौड़े और बच्चों को वैन से बाहर निकाला। सभी घायलों को स्कूल प्रबंधन की एम्बुलेंस से श्रीराम मूर्ति अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मिश्रीगंज गांव निवासी वीरेंद्र रावत के नर्सरी में पढ़ने वाले पांच वर्षीय बेटे सक्षम उर्फ रुद्र को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर बदहवास परिजन पहुंचे और शव लेकर घर चले गए।

एसओ सोहरामऊ कमल दुबे व नवाबगंज चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र नाथ मिश्रा के समझाने पर परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार हुए। पिता वीरेंद्र की तहरीर पर सोहरामऊ पुलिस ने चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर दी है। सीओ संतोष सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में बच्चे की मौत हुई है। जिसका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। अन्य छात्र सुरक्षित हैं। पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। विद्यालय की प्रधानाचार्य नेहा अवस्थी ने बताया कि छात्र की मौत से सभी आहत हैं। अभिवावक खुद अपने बच्चों को वैन से स्कूल भेजते थे। स्कूल प्रबंधन से इसका कोई लेना देना नहीं है। घायल छात्रों का स्कूल की तरफ से इलाज कराया गया है।

### आठ बच्चे हुए घायल

वैन में दिवंगत सक्षम की बड़ी बहन कक्षा पांच की छात्रा वानी (11) भी घायल हुई। इसके अलावा प्रखर (11), अभिषेक (13), अंश (12), अयांश (7), वैष्णवी (13), कुणाल (13) व कृष्णा (14) सवार थे। सभी को मामूली चोटें आई हैं। जिन्हें इलाज के बाद घर भेज दिया गया।

### बिना बीमा, फिटनेस और प्रदूषण के दौड़ रही थी वैन

स्कूली छात्र-छात्राओ को ले जाने वाली वैन सोहरामऊ थानाक्षेत्र के गांव भजनखेड़ा निवासी श्यामलाल के नाम से रजिस्टर्ड है। जिसे उसका बेटा राम सिंह चलाता था। गुरुवार को इसे उनका दूसरा बेटा बसंत चला रहा था। जांच में वैन के कोई भी कागजात पूरे नहीं मिले हैं। वैन की फिटनेस 19 जून-2023 को खत्म हो चुकी थी। बीमा एक जनवरी-2024 को खत्म हो चुका था। प्रदूषण प्रमाणपत्र भी 27 अगस्त-2023 को समाप्त हो चुका था। वहीं वैन में अवैध तरीके से सीएनजी किट भी लगी थी। जो एआरटीओ कार्यालय में रजिस्टर्ड नहीं है।

### दस मार्च को छात्र के चाचा की है शादी

दिवंगत छात्र सक्षम के चाचा अजय की 10 मार्च को शादी है। विवाह से पूर्व भतीजे की मौत से चाचा व अन्य परिजनों में कोहराम मचा है। शादी के घर में खुशियों का माहौल बच्चे की मौत से गमगीन हो गया। वहीं दिवंगत की मां शिवानी बेटे को याद कर बार-बार अचेत हो रही थी।

### जागरुकता अभियान और लापरवाही दोनों जारी

परिवहन विभाग की ओर से तमाम जागरुकता अभियान चलाये जा रहे हैं। समय-समय पर स्कूलों में भी विभाग कार्यवाही करता है। बावजूद इसके क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों की हालत यही है। निजी वैनों चालक अपनी मनमानी क़र क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाते हैं। जिससे लगातार हादसे हो रहे हैं।

# देवर पर लगाया दुष्कर्म करने का आरोप, केस दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला ने बताया कि पति की बीमारी का फायदा उठाकर उसके देवर ने उसके साथ जबरियां कई बार शारीरिक संबंध बनाये। इस दौरान वह गर्भवती हो गई और बच्चे को जन्म दिया। जब उसने शादी करने को कहा तो देवर भाग गया। पीड़िता ने कोर्ट में शिकायत की। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गांव निवासी महिला ने बताया कि उसके पति के बीमारी के दौरान देवर ने जबरियां उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि इस दौरान उसकी अश्लील फोटो भी बना ली। जिसके बाद फोटो वायरल करने की धमकी देते हुये उसके साथ बराबर दुष्कर्म करता चला आ रहा था। इस दौरान वह गर्भवती हो गई तो उसने देवर से शादी करने की बात कही।

इस दौरान उसने बच्चे को जन्म दिया। जिसके बाद देवर भाग निकला। जिसके बाद पति ने उसे और उसके बच्चे को घर से भगा दिया। आरोप है कि देवर बराबर उसे अलग-अलग मोबाइल नंबरों से फोनकर धमकी दे रहा है। पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। जिस पर कोर्ट के निर्देश पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** शादी समारोह में शामिल होकर लौटते समय सदर कोतवाली अंतर्गत कानपुर-लखनऊ हाईवे पर वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

दही थानांतर्गत तारगांव निवासी शुभम सिंह (23) पुत्र श्याम सुंदर दही औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में श्रमिक था। बुधवार को वह क्षेत्र के कुमेदान खेड़ा में एक शादी में आया था। इसके बाद वह सदर क्षेत्र में अपने एक अन्य रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल हुआ। जहां से देररात लौटते समय उसे सदर कोतवाली अंतर्गत नवीन मंडी के सामने अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल हालत में उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर घर चले गए। दही पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दिवंगत युवक चार भाई-बहनों में बड़ा था। उसकी मौत से मां गीता, बहन सुषमा व लक्ष्मी और भाई शिवम बेहाल रहे।


शुभम।

**अलग-अलग हादसों में दो लोग घायल : नवाबगंज।** लखनऊ के कृष्णा नगर निवासी रोहित (22) पुत्र संतोष कुमार की ससुराल कानपुर में है। वह पत्नी को लेने गुरुवार शाम ससुराल जा रहा था। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में कानपुर-लखनऊ हाईवे स्थित प्रधान ढाबा के पास उसकी बाइक अचानक सामने आए मवेशी से टकरा गई। इसमें घायल बाइक चालक का नवाबगंज सीएचसी में इलाज चल रहा है।

वहीं अजगैन कोतवाली क्षेत्र के रवनहार निवासी विमल गुप्ता (25) पुत्र धर्मराज शाम को कानपुर से घर लौट रहे थे। हाईवे पर ही चमरौली मोड़ के पास उनकी बाइक भी मवेशी से टकरा गई। सूचना पुलिस उन्हे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।

- शादी से लौटते समय कानपुर-लखनऊ हाईवे पर हुआ हादसा

### गैस टैंकर ने बाइक सवार को रौंदा

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चौकी अंतर्गत कानपुर जा रहे बाइक सवार को पीछे से आ रहे अनियंत्रित गैस टैंकर ने रौंद दिया। इसमें बाइक सवार की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांचकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। इस दौरान कुछ देर तक हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही। कानपुर के महाराजगंज थानांतर्गत शेखपुर निवासी यूनुस (26) पुत्र मो. रियाज जाजमऊ अंतर्गत एक टेनरी में काम करता था। गुरुवार शाम वह बाइक से ड्यूटी से वापस घर लौट रहा था। इस दौरान हाईवे पर पीछे से आ रहे अनियंत्रित गैस टैंकर ने उसे रौंद दिया। इसमें यूनुस की मौके पर मौत हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों की मानें तो टैंकर चालक ने ओवरटेक करने के चलते बाइक सवार को रौंद दिया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके पास मिले कागजों के आधार पर परिजनों को घटना की जानकारी दी। हाईवे पर हादसा होने से कुछ देर के लिये जाम भी लग गया। पुलिस कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम हटवाया और जांचकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

- जाजमऊ स्थित एक टेनरी में काम कर लौट रहा था युवक
- सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

### पेड़ से लटका मिला युवक का कई दिन पुराना शव

**गंजमुरादाबाद।** कोतवाली क्षेत्र में हरदोई-उन्नाव मार्ग स्थित गांव सुल्तानपुर के पश्चिम रेलवे लाइन किनारे एक बाग में गुरुवार दोपहर एक युवक का शव पेड़ की डाल से गमछे के फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और आसपास के लोगों से उसकी पहचान कराने की कोशिश की। लेकिन, इसमें पुलिस को सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद पुलिस ने शव को मोर्चरी भेज दिया।

# पुराने बंद पुल को चालू करने की उठाई मांग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** पुराना यातायात पुल बंद होने के कारण पिछले तीन सालों से नवीन पुल पर आये दिन पीक ऑवर में भीषण जाम लग रहा है। यहां तक जाम में फंसकर दो मरीजों की जान भी जा चुकी है। जिसे देखते हुये संदेश फाउंडेशन के अध्यक्ष ने गुरुवार को कानपुर डीएम से मुलाकात कर जाम की समस्या को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। जहां उन्होंने पुराने पुल को हल्के वाहनों के लिये चालू कराये जाने की मांग की।

डॉकतार कॉलोनी निवासी पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और उनके पति, पूर्व नौ सैनिक पूर्व रणजी खिलाड़ी, संदेश फाउंडेशन के अध्यक्ष संदीप पांडे ने कानपुर डीएम राकेश सिंह को ज्ञापन देते हुये बताया कि अप्रैल 2021 में पुराने यातायात पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण बंद करा दिया गया था। जिससे आये दिन नवीन पुल पर जाम लग रहा है। जिससे शुक्लागंज की लाखों की आबादी को प्रतिदिन जाम का दंश झेलना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कानपुर नगर निगम द्वारा कानपुर की ओर पुराने पुल की दसवीं कोठी तक पिकनिक स्पॉट बनाया जा रहा है। जब पिकनिक मनाने के लिये पुल खोला जा सकता है तो हल्के वाहनों को आने जाने के लिये क्यों नहीं चालू किया जा सकता है। डीएम ने गंभीरता से लेते हुये आश्वासन दिया है कि क्यों न मरम्मत कराना पड़े। उनका पूरा प्रयास रहेगा कि पुल हल्के वाहनों के लिये खोला जाये।

### कहा, पुल न खुला तो जाएंगे हाईकोर्ट

पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने कहा कि नगर पालिका गंगाघाट की ओर से दो करोड़ रुपये तक पुल के चालू होने के लिये खर्च किया जायेगा। जिससे पुल चालू हो सके और शुक्लागंजवासियों को जाम से निजात मिल सके। संदीप ने कहा कि इसके बावजूद यदि फिर भी नहीं चालू होता है तो वह हाईकोर्ट की शरण लेंगे।

# लापरवाही से बदल गया महिला का शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- लखनऊ में पोस्टमार्टम होने के बाद एक ही नाम होने से बदल गए थे महिलाओं के शव
- एक उन्नाव के हसनगंज की और दूसरी लखनऊ के मड़ियांव की निवासी थी महिला

**अमृत विचार।** लखनऊ के पोस्टमार्टम हाउस में तैनात कर्मियों की लापरवाही से परिजन अपनी बेटी का मौत के बाद उसका मुंह तक नहीं देख सके। इसके अलावा शव न मिल पाने से उसका अंतिम संस्कार भी नहीं कर सके। इसे लेकर परिजन गुरुवार को भी सिसकते रहे।


संध्या प्रजापति।

बता दें कि हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के अकबरपुर गांव निवासी विपिन प्रजापति की 26 वर्षीय पत्नी संध्या प्रजापति ने घरेलू कलह के चलते बीती सोमवार रात घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया था। परिजनों ने उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां हालत में सुधार न होने पर मंगलवार को वे उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर ले गए थे। जहां देरशाम उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मेडिकल कालेज चौकी पुलिस ने परिजनों को पोस्टमार्टम के लिए बुधवार सुबह नौ बजे बुलाया था। संध्या का पति विपिन व अन्य परिजन पंचनामा के बाद पीएम हाउस पहुंचे। जहां पोस्टमार्टम हाउस के जिम्मेदारों ने बताया कि संध्या का शव जा चुका है। यह सुनकर परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो पता चला कि लखनऊ जिला के मडियांव निवासी 24 वर्षीय संध्या त्रिवेदी की भी जहर खाने से मौत हुई थी। उसका शव भी चार फरवरी को पीएम के लिए आया था। पीएम हाउस के कर्मचारियों ने संध्या त्रिवेदी की जगह संध्या प्रजापति का शव उनके परिजनों को सौंप दिया। जब तक पुलिस पहुंचती तब तक जलाल घाट पर परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। इसके बाद परिजन से दिवंगत संध्या प्रजापति के शव को पोस्टमार्टम कर्मियों की लापरवाही से कंधा तक नसीब नहीं हो सका। इसे लेकर परिजन सिसकते रहे।


रोते-बिखलते परिजन। अमृत विचार

# चेयरमैन पति से फोन पर मांगी गई रंगदारी

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के डॉकतार कॉलोनी निवासी चेयरमैन के पति को फोन कर एक व्यक्ति ने एक लाख की रंगदारी मांगी। जिस पर वह उससे बात करने लगे और उसकी जानकारी लेने का प्रयास किया। इस दौरान आरोप है कि उसने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रंगदारी मांगने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

डॉकतार कॉलोनी मोहल्ला निवासी पूर्व नौसैनिक, पूर्व रणजी खिलाड़ी, संदेश फाउंडेशन के अध्यक्ष व नगर पालिका गंगाघाट की चेयरमैन कौमुदी पांडे के पति संदीप पांडे ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार दोपहर उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने उनसे एक लाख रुपये तुरंत ट्रांसफमर करने को कहा। आरोप है कि जब फोन करने वाले से उसकी जानकारी मांगी तो उसने कहा कि वह उन्हें सोशल साइट पर बदनाम कर देगा।


यज्ञ में आहुतियां देते भक्त। अमृत विचार

# माखन चोरी व श्याम सगाई देख झूमे भक्त

संवाददाता परियर उन्नाव

- बाबा बलखंडेश्वर धाम में चल रहे महामृत्युंजय गायत्री संगीतमय यज्ञ का हुआ समापन

**अमृत विचार।** बाबा बलखंडेश्वर धाम में चल रहे महामृत्युंजय गायत्री संगीतमय यज्ञ का समापन गुरुवार को 'ऊँ पूर्णमदः पूर्णमिदम् पूर्णमेल विसिस्यते स्वाहा' मंत्र के साथ यज्ञाचार्यों ने यजमानों से आहुतियां समर्पित कराकर कराया।

यज्ञ के अंतिम दिन शिव प्रज्ञा पुराण की कथा को आगे बढ़ाते हुए कथावाचक ने महादेव को सभी मनोरथ पूर्ण करने वाले कामधेनु गाय के समान बताया। इधर श्रीकृष्णलीला का मंचन कर रहे कलाकारों ने माखन चोरी व श्याम सगाई की लीला का दृश्य जीवंत करते हुए दर्शकों को भक्ति सागर में डूबने के लिए मजबूर किए रखा। गुरुवार दोपहर रामलीला चरित्र में राम वनगमन का संजीव मंचन कर दर्शकों का मन मोह लिया।

# ट्रांसफार्मर लीकेज से गुल हुई बिजली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** फोरलेन कोतवाली चौराहे के पास रखा 630 केवीए के ट्रांसफार्मर से तेल रिस रहा था। जिसकी जानकारी क्षेत्रीय लोगों ने बिजली विभाग को दी।

सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य शुरू किया। इस दौरान तीन फीडरों की आपूर्ति बंद कर दी गई। जिससे करीब दस हजार घरों की घंटों बिजली गुल रही। गंगाघाट कोतवाली चौराहे के पास लगे एक 630 केवीए ट्रांसफार्मर का गुरुवार सुबह तेल रिस रहा था। जिसकी जानकारी क्षेत्रीय लोगों ने बिजली विभाग को दी। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों दोपहर बारह बजे कार्य शुरू किया। वहीं मुख्य मार्ग पर एचटी लाइन होने के कारण बिजली कर्मियों ने फीडर 2, 4 और शक्तिनगर फीडर की सप्लाई बंद करा दी।


ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

जिसके बाद मरम्मत कार्य शुरू किया। कार्य के चलते तीनों फीडरों के करीब दस हजार घरों की बिजली गुल रही। तीन बजे के बाद मरम्मत कार्य पूरा हो सका। जिसके बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू की गई।

# नवीन पुल पर फिर लगा भीषण जाम

**शुक्लागंज।** गुरुवार को पीक ऑवर के समय एक बार फिर भीषण जाम लग गया। वहीं दोपहर और शाम को भी रुक-रुककर जाम लगने से लोग परेशान रहे। सुबह करीब नौ बजे कानपुर ड्यूटी जाने वाले लोग अपने-अपने वाहनों से निकले। इधर बालूघाट से नवीन पुल का मार्ग संकरा होने के कारण जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में नवीन पुल से लेकर फोरलेन तक भीषण जाम लग गया।

# मांगों को लेकर शिक्षकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार बांगरमऊ

- शिक्षकों को कैशलेश सुविधा दिलाने की उठाई मांग

**अमृत विचार।** गुरुवार को उप्र जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र ने शिक्षकों की 18 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन विधायक श्रीकांत कटियार को दिया।

मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में शिक्षकों की आईडी से सिम कार्ड, इंटरनेट उपलब्ध कराना, पदोन्नतियों द्वारा प्रधान शिक्षकों के पद भरना, 17140 व 18150 वेतनमान की विसंगति दूर करना, अंतर्जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण प्रक्रिया को अविलंब पूर्ण करना, कैशलेस चिकित्सा का लाभ देना, शिक्षकों को मध्याह्न भोजन के कार्य से मुक्त रखना, गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करना, योग्यताधारी शिक्षामित्रों को शिक्षक के पद पर समायोजित करना, शिक्षामित्र व अनुदेशकों के मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि करना, प्रोन्नत वेतनमान देना, शिक्षकों को कैशलेश सुविधा का लाभ देना समेत तमाम मांगों को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा।


विधायक को ज्ञापन देते शिक्षक। अमृत विचार

मनमानी | बच्चों को भूसे की तरह भरकर ले जा रहे प्राइवेट वाहन, स्कूली वाहनों की नगर में कभी नहीं होती चेकिंग

# बिना मानकों के दौड़ रहे स्कूली वाहन, आफत में जान

संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्लागंज से तमाम बच्चे कानपुर के अलावा आस पास पढ़ने के लिये जाते हैं। जिसमें अधिकांश बच्चे स्कूली वैन और प्राइवेट वैन के सहारे अपने विद्यालयों तक पहुंच रहे हैं। अगर देखा जाये तो अधिकांश वैन मानक विहीन हैं। वैन में आग बुझाने के साधन भी नहीं है। जिससे गंगाघाट क्षेत्र में भी कानपुर और उन्नाव के सोहरामऊ जैसी घटना हो सकती है।

शुक्लागंज के अलावा आस पास क्षेत्रों के अधिकांश बच्चे कानपुर में पढ़ाई करने जाते हैं। जिन्हें ले जाने के लिये अभिभावकों ने प्राइवेट और स्कूली वैन लगवा रखी हैं। अधिकांश वैन मानक विहीन चल रही हैं। इतना ही नहीं वैन चालक अपने निजी हितों को देखते हुये कम जगह में अधिक से अधिक बच्चों को भूसे की तरह बैठाकर ले जाते हैं। मानक विहीन स्कूल वाहन सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं, जो मासूमों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। सड़क पर डग्गामार टेंपो और वैन मनमाने ढंग से बच्चों को बिठाकर ले जाते देखे जाते हैं। सबसे बड़ा खतरा स्कूल वैन में लगी गैस किट बन रही है। जिसमें गैस किट लगी हुई है लेकिन आग बुझाने के कोई ससांधन नहीं उपलब्ध हैं। गुरुवार को उन्नाव के सोहरामऊ स्थित हाईवे में वैन पलटने से एक छात्र की मौत हो गई। वहीं कई गंभीर रूप से घायल हो गये। शुक्लागंज में ऐसे स्कूली वाहनों की एआरटीओ कभी चेकिंग नहीं करता है।



वैन में भूसे की तरह भरे गए बच्चे। अमृत विचार

### यह हैं स्कूली वैन के मानक

स्कूली वैन का रंग सुनहरा पीला होना चाहिये, बस में इमरजेंसी दरवाजे होने चाहिये, वैन और बस में सीट के नीचे बैग रखने की व्यवस्था होनी चाहिये, स्कूली वाहनों में स्पीड अलार्म लगा हो जिससे स्कूल संचालक को वाहन की गति का पता चल सके, वाहन में प्राथमिक उपचार का सामान होना चाहिये, वाहनों में आग बुझाने के संयंत्र होने चाहिये, अनुभव वाले चालक ही स्कूली वैन को चलायें।

### बोले जिम्मेदार

एआरटीओ प्रवर्तन को निर्देश दिये गये हैं कि स्कूलों में जायें, पता लगायें कि कितने बच्चे स्कूली वैन में आते और जाते हैं। साथ ही आने जाने वाली वैन, स्कूली बस, मैजिक की चेकिंग सख्ती से होगी।

-आदित्य त्रिपाठी, एआरटीओ प्रशासन

# दीक्षा एप डाउनलोड कर बच्चों को घर में पढ़ने के लिए करें प्रेरित

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- बांगरमऊ के नसिरापुर ब्लॉक संसाधन केंद्र में उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव नसिरापुर स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में गुरुवार को विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष,सचिव व ग्राम प्रधानों की संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित हुई।

इसमें बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे विधायक श्रीकांत कटियार ने कहा कि शिक्षा के बगैर विकसित भारत का संकल्प अधूरा है। संगोष्ठी में विधायक ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा गरीब बच्चों को बेहतर व निःशुल्क शिक्षा के लिए प्रत्येक ब्लॉक में पीएम श्री विद्यालय बनाए जायेंगे। कहा कि देश को विकसित बनाने में हमारे शिक्षकों की अहम भूमिका है। खंड शिक्षाधिकारी देवेंद्र सिंह पटेल ने मौजूद रहे अभिभावकों से अपने फोन में दीक्षा एप डाउनलोड कर बच्चों को घर में पढ़ने के लिए प्रेरित करने की अपील की। कहा कि बांगरमऊ क्षेत्र को शिक्षकों के प्रयास से हरसंभव निपुण ब्लॉक बनाना है। इसके पूर्व खंड शिक्षाधिकारी व प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामसिंह कनौजिया ने विधायक व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अर्जुन लाल दिवाकर को पुष्प भेंटकर सम्मान किया। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामचंद्र सिंह, उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ,चौधरी प्रमेश सिंह, अजय पटेल, पप्पू त्रिवेदी, देवेंद्र प्रताप सिंह, अमित पटेल, अखिलेश कनौजिया, छत्रपाल, वंदना पाल, रमेश चंद्र, ठाकुर प्रसाद, रजनीश कटियार, सुधीर यादव, दीपक सिंह, अभिषेक तिवारी, रजिया खातून, अजय पाल, अर्चना गौतम, सेविना दीक्षित, लाल बहादुर, प्रदीप कुमार, रमेश द्विवेदी, खेमराज यादव, अजय सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

न विश्वसेत्कुमित्रे च मित्रे चापि न विश्वसेत्।
कदाचित्कुपितं मित्रं सर्वं गुह्यं प्रकाशयेत् ॥

कुमित्र पर विश्वास नहीं करना चाहिए और मित्र पर भी विश्वास नहीं करना चाहिए । कभी कुपित होने पर मित्र भी आपकी गुप्त बातें सबको बता सकता है ।

## संपादकीय

# विकसित जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर देश का मुकुट है और विकसित जम्मू-कश्मीर के निर्माण का रास्ता पर्यटन की संभावनाओं और किसानों के सशक्तिकरण से निकलेगा। भारत के लिए विकसित जम्मू-कश्मीर सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। विकास की शक्ति, पर्यटन की संभावनाएं, किसानों का सामर्थ्य और जम्मू-कश्मीर के युवाओं के नेतृत्व से विकसित जम्मू-कश्मीर का रास्ता निकलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्वतंत्र रूप से सांस ले रहा है। इस नए जम्मू कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है। पीएम मोदी ने श्रीनगर में रैली के दौरान 6400 करोड़ की 52 विकास परियोजनाओं का शुभारंभ व लोकार्पण किया। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद यह पीएम मोदी की कश्मीर घाटी की पहली यात्रा रही। उन्होंने कहा कि 370 का फायदा आम कश्मीरी को था या फिर कुछ राजनीतिक परिवार अपने फायदे के लिए लोगों को गुमराह कर रहे थे। अब युवा प्रतिभाओं का पूरा सम्मान हो रहा है और उन्हें विकास के लिए नए अवसर मिल रहे हैं। इस बीच सरकार जम्मू-कश्मीर को एक ऐसे क्षेत्र के रूप में विकसित करने में लगी रही है जिसे वह आतंकवाद और भ्रष्टाचार से शांति और स्थिरता की ओर ले आई है। रैली के दौरान जो विकास परियोजनाएं समर्पित की गईं, उनसे कृषि अर्थव्यवस्था और पर्यटक उद्योग को गति मिलेगी। जम्मू-कश्मीर के विकास को बल मिलेगा। रोजगार सृजन होगा जिससे जम्मू-कश्मीर के लाखों परिवारों को लाभ होगा। उधर लोकसभा चुनाव करीब आने के साथ, चुनाव आयोग द्वारा जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की घोषणा की संभावना को लेकर विपक्षी दलों के बीच नए सिरे से राजनीतिक दिलचस्पी पैदा हो गई है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि वे हर मुद्दे को चुनावी कैनवास के केंद्र में ले आते हैं। हालांकि प्रधानमंत्री ने श्रीनगर रैली के दौरान चुनाव के बारे में कुछ भी उल्लेख नहीं किया। परंतु उन्होंने परिवारवाद के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा जम्मू-कश्मीर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का बहुत बड़ा शिकार रहा है। वे राजनीतिक लाभ के लिए पीड़ित होने का उपयोग बेहतर तरीके से कर जाते हैं। यह सच है कि विपक्ष के पास कोई ऐसा नेता नहीं है जो प्रधानमंत्री मोदी के कद की बराबरी कर सके। कहा जा सकता है यह रैली भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन साबित होगी।

# किशोरवय लड़कियां और उनका स्वास्थ्य




डॉ.कृष्णा नन्द पाण्डेय
वरिष्ठ विज्ञान लेखक, दिल्ली

इस वर्ष भारत सरकार के वार्षिक बजट में देश की किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर निवेश करने का प्रावधान किया गया है। किशोरवय लड़कियों को सशक्त और सक्षम बनाने के प्रयास उनकी मौलिक दक्षता और डिजिटल साक्षरता पर केंद्रित होंगे।

प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर दुनिया भर के सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों द्वारा अनेक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। लगभग सभी देशों में महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, कामकाजी महिलाओं के प्रति भेदभाव, यौन हिंसा एवं प्रताड़ना जैसी विषम परिस्थितियों के परिणामस्वरूप उनकी पारिवारिक, सामाजिक एवं आर्थिक कठिनाइयों को दूर करने के लिए नियम और कानून हैं। उनके बावजूद विश्व की बड़ी संख्या में महिलाएं शोषण का शिकार बनती रही हैं। इस अवसर के लिए विशेष निर्धारित थीम के अनुरूप दुनिया भर में महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके स्वास्थ्य तथा उनकी सामाजिक-आर्थिक समस्याओं के विषय में उन्हें जागरूक बनाने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

इस वर्ष भारत सरकार के वार्षिक बजट में देश की किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर निवेश करने का प्रावधान किया गया है। किशोरवय लड़कियों को सशक्त और सक्षम बनाने के प्रयास उनकी मौलिक दक्षता और डिजिटल साक्षरता पर केंद्रित होंगे। जिससे उनकी भावी उत्पादकता और डिजिटल संबंधी क्षमता को विकसित करने में सहायता मिलेगी। भारत में किशोरवय के विकास के संबंध में उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से मूल्यों और सिद्धांतों के अनुपालन का प्रावधान है। ये नीतियां विभिन्न मंत्रालयों जैसे की शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, युवा एवं खेल, तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा विकसित की जाती हैं।

किशोरवय वर्ग के संदर्भ में प्रमुख नीतियों में सम्मिलित हैं : राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017, राष्ट्रीय युवा नीति 2003 और 2014, तथा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति 2014। इनमें प्रत्येक नीति का उद्देश्य एक दूसरे से जुड़ा और विशिष्ट है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी कहीं-न-कहीं किशोरवय से जुड़े पहलुओं से परोक्ष रूप से जुड़ी हुई हैं।



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

किशोरवय लड़कियां और उनका स्वास्थ्यः वर्ष 2019-21 के दौरान संपन्न पांचवें 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण' के अनुसार 10 से 19 वर्षीय भारतीय किशोरवय पांच लड़कियों में तीन लड़कियां एनीमिया से पीड़ित हैं जब कि ऐसे लड़कों की संख्या लगभग 28 प्रतिशत है। यह किशोरवय लड़कियों के दीर्घकालिक गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं से प्रभावित होने की एक विशेष स्वास्थ्य चुनौती है, जो उनके बौद्धिक और शारीरिक विकास में बाधक हो सकती है।

लौह की कमी से उत्पन्न एनीमिया व्यक्तियों और संपूर्ण आबादी की कार्य क्षमता घटा देती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इस स्थिति से उत्पन्न गंभीर आर्थिक संकट राष्ट्र की विकास में बाधक होता है। जर्नल ऑफ़ न्यूट्रिशन में वर्ष 2002 में संपन्न एक अध्ययन पर प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार एनीमिया के कारण कठोर शारीरिक श्रम करने वाले मजदूरों की उत्पादक क्षमता में लगभग 17 प्रतिशत और मध्यम श्रेणी के कार्यों से जुड़े व्यक्तियों में 5 प्रतिशत की गिरावट पाई गई। 15 से 19 वर्षीय प्रति 1000 महिलाओं में प्रजनन क्षमता दर 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4' (2015-16) में 51 से घटकर 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5' (2019-21) में 43 पाई गई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार 15 से 19 वर्षीय आयु वर्ग की लगभग 6.8 प्रतिशत किशोरवय लड़कियों पर मातृत्व भार पड़ गया था।

'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4' के अनुसार इस इस आयु वर्ग में पोषण में कमी के कारण बौनापन और शरीर भार कम होने की व्यापकता है। स्कूल जाने वाली लगभग 42 प्रतिशत लड़कियों का शरीर भार कम पाया गया। इस सर्वेक्षण के अनुसार बिहार, झारखंड, गुजरात में देखी गई इस स्थिति से पोषण में क्षेत्रीय असमानता का संकेत मिलता है। भारत सरकार के 'नवीन पोषण अभियान 2.0' के अंतर्गत किशोरवय लड़कियों को पौष्टिक आहार के माध्यम से पोषक तत्वों का संपूर्ण प्रदान किया जा रहा है। बढ़ती आयु की लड़कियों के लिए मासिक धर्म (मेंस्ट्रूअल साइकिल) के दौरान स्वच्छता उत्पादों के प्रयोग में बढ़ोतरी देखी गई है। वर्ष 2015-16 के दौरान इन स्वच्छता उत्पादों का प्रयोग 58 प्रतिशत से बढ़कर वर्तमान में 78 प्रतिशत हो गया है। हालांकि, देश की सभी किशोरवय लड़कियों के लिए व्यापक रूप से स्वच्छता उत्पादों की उपलब्धता और इससे जुड़ी जागरूकता को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। लड़कियों में मानसिक विकारों से जुड़ी आधी समस्याओं की शुरुआत 14 वर्ष की आयु में हो जाती है। पन्द्रह से 19 वर्षीय लड़कियों में मृत्यु का प्रमुख कारण स्वयं को क्षति पहुंचाना अथवा जीवन स्वयं समाप्त करना होता है। भारत के 'राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2015-16' के अंतर्गत 13 से 17 वर्षीय युवा लड़कियों में मानसिक विकारों की व्यापकता लगभग 7.3 प्रतिशत पाई गई थी। लड़कों की तुलना में लड़कियों में तनाव से संबंधित विकारों की व्यापकता अधिक थी। भारत में युवा लड़कियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण पर यूनिसेफ की वर्ष 2019 की रिपोर्ट के अनुसार टीनएजर्स में अवसाद और व्यग्रता जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

लड़कियों की किशोरावस्था में प्राथमिक से सेकेंडरी शिक्षा तथा शिक्षा से कार्य पर जाने जैसी स्थितियां बदलती हैं। उनकी शिक्षा के अवसर में कोताही उनके भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। वर्तमान में भारत में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों में महिलाओं की संख्या लगभग 37 प्रतिशत है, जो जी-20 देशों में सबसे कम है। लड़कियों द्वारा उच्च शिक्षा प्राप्त करना एक कारण हो सकता है, वहीं पर्याप्त ज्ञान, दक्षता और शिक्षा में कमी जैसी स्थितियां दक्ष महिलाओं की संख्या बढ़ने में बाधक हैं। स्कूल छोड़ने वाली किशोरवय लड़कियों की संख्या अभी भी बहुत है। कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान भारत की किशोरवय लड़कियों का अध्ययन गंभीर रूप से प्रभावित हुआ था। हालांकि, सरकारी विद्यालयों में लड़कियों की फीस कम होने के कारण कहीं-न-कहीं लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने में उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत देश में मातृ, शिशु एवं किशोरवय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जारी कार्यक्रमों में जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, प्रसूति सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 'लक्ष्य' योजना, मातृ एवं शिशु ट्रैकिंग प्रणाली, एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गर्भवती एवं दुग्धपान कराने वाली महिलाओं, बच्चों एवं किशोरवय लड़कियों को लौह एवं फोलिक एसिड का संपूर्ण, बच्चों को जानलेवा रोगों से बचाने के लिए व्यापक टीकाकरण (इम्यूनाइजेशन) कार्यक्रम, संपूर्ण टीकाकरण हेतु मिशन इंद्रधनुष, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, संस्थानगत शिशु जन्म, पोषण, प्रतिरक्षीकरण, आदि पहलुओं पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सूचना, शिक्षा एवं संचार, आदि जैसे कार्यक्रम प्रमुख हैं।

किशोरावस्था की लड़कियों को मानसिक विकारों से बचाने के लिए देश में बड़े पैमाने पर जागरूकता फैलाने और परामर्श देने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम और पोषण अभियान 2.0 जैसे कार्यक्रमों की प्रभावी पहुंच के प्रति स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की प्रतिबद्धता है।

देश की प्रगति नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य पर निर्भर करती है। भारत सरकार की वित्तीय एवं तकनीकी सहायता के आधार पर देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में स्वास्थ्य से संबंधित अनेक कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें महिलाओं, बच्चों एवं किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में अनेक कार्यक्रम सम्मिलित हैं। 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य के संबंध में जागरूकता फैलाना प्रासंगिक है।

## प्रसंगवश

# कुछ अनुसुने किस्से कहानी


मिलेवा मिरका


सोफिया

बीसवीं सदी में जब लड़कों के स्कूल में एक लड़की ने साइंस स्कूल में प्रवेश लिया। बेहतरीन दिमाग इतना शानदार कि सदी का सबसे प्रसिद्ध वैज्ञानिक भी उससे प्रभावित और आकर्षित हो गया। विवाह हुआ और आज हम उस जीनियस लड़की का नाम भी शायद ही कहीं सुनते हो। मैं बात कर रही हूं आइंस्टीन की पत्नी मिलेवा मिरका की जो खुद उसी स्तर की वैज्ञानिक थी जिस स्तर के आइंस्टीन खुद थे। उसका मानसिक स्तर ही आइंस्टीन को उसके पास खींच कर ले गया था। मिलेवा न अपने वैज्ञानिक सामर्थ्य को प्रमाणित कर पाई ,न ही अपने शैक्षिक सामर्थ्य को। और घरेलू मोर्चे पर तो वह थी ही असफल। वह एक अवैतनिक कर्मचारी बन गई जिसे आइंस्टीन नौकरी से निकाल नहीं सकते थे पर बतौर पत्नी उसका कोई स्थान नहीं था।

अगला किस्सा ऑस्ट्रिया फिजिसिस्ट मरेटा ब्लाऊ का है, ब्लाउ और उनकी महिला साथी हेर्था और अन्य ने न्यूक्लियर एक्सप्लोजन पर रिसर्च की 1937में। ये सभी विएना में इंस्टीट्यूट ऑफ रेडियम रिसर्च में काम करती थी, पर इन वैज्ञानिकों को कभी भी नियमित वेतन नहीं मिला जैसा कि बाकी वैज्ञानिकों को मिलता था। फलस्वरूप ये अपनी रिसर्च को निरंतर नही कर सकी। इनकी मृत्यु के समय तक इनके द्वारा किए गए रिसर्च वर्क भुला दिए गए थे।

अगला किस्सा ऑस्ट्रिया फिजिसिस्ट मरेटा ब्लाऊ का है, ब्लाउ और उनकी महिला साथी हेर्था और अन्य ने न्यूक्लियर एक्सप्लोजन पर रिसर्च की 1937में। ये सभी विएना में इंस्टीट्यूट ऑफ रेडियम रिसर्च में काम करती थी, पर इन वैज्ञानिकों को कभी भी नियमित वेतन नहीं मिला जैसा कि बाकी वैज्ञानिकों को मिलता था। फलस्वरूप ये अपनी रिसर्च को निरंतर नही कर सकी। इनकी मृत्यु के समय तक इनके द्वारा किए गए रिसर्च वर्क भुला दिए गए थे।



प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

अगला किस्सा जर्मन मूल की स्वीडिश वैज्ञानिक मेंटनर का है जिनका कई बार नोबल के लिए नॉमिनेशन हुआ पर अपने देश स्वीडन जिसके लिए उन्होंने काम किया, उस देश ने उन्हें तवज्जो नहीं दी।

प्रसिद्ध लेखक जिनके नाम से कोई भी साहित्य प्रेमी अछूता नही होगा लियो टॉलस्टाय की पत्नी सोफिया का है , जो खुद एक रशियन राजकुमारी थी। लियो के तेरह बच्चों की मां थी। जो खुद भी एक इंटेलेक्चुअल थी । जिसकी डायरी ने ही उसे पहचान दे दी। पर उसकी व्यक्तिगत क्षमता केवल टॉलस्टाय के उपन्यासों की पांडुलिपियां बनाने में खर्च हो गई।

ये सभी किस्से पाश्चात्य देशों के हैं, जहां से फेमिनिज्म का बीज पड़ा। हर किस्से की एक ही त्रासदी है ; स्त्री की क्षमता को पेटेंट करा लेना। उसे उसके हक की इज्जत न मिल पाना। उसकी क्षमताएं व्यक्तिगत न होकर सामुदायिक हो गई और पहचान शून्य। केवल पश्चिम ही नही भारत आदि एशियाई देशों में हाल और बदतर है। विविध कार्य क्षेत्रों में उपेक्षित नारी प्रजाति को आज भी अपने आत्मोत्थान के लिए बहुत संसाधन उपलब्ध नहीं हैं।

ये स्त्रियां जो आज गिनवा रही हूं, ये सभी अपने क्षेत्र की हस्तियां हो सकती थी, ऐसी ही लाखों स्त्रियां जो अपनी पहचान के लिए भटकती रही और खप गईं। इन्हीं स्त्रियों का संयुक्त प्रयास फेमिनिज्म की चौथी लहर तक पहुंच गया। शायद ये उकसावा ही महिला दिवस मनाने को प्रेरित कर देता है।


भारतीय समाज में फेमिनिज्म के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण देखने को कम मिलता है। हमारा सामाजिक और सांस्कृतिक ढांचा स्त्री का मूल स्वरूप देवी का बना देता है। ये देवी बनना ही एक फंदा है जहां से भारतीय नारी को निकलने में समय लगेगा। अतः नारी दिवस पर गोलगप्पे की पार्टी से ही भारतीय नारी अभी खुश है ।

# स्त्री, स्त्रीवाद और स्त्री-सशक्तिकरण

ऋषि याज्ञवल्क्य ने अपनी पत्नी गार्गी के लगातार सवाल करने पर गुस्से से कहा था, 'ज्यादा पूछा तो तुम्हारा मस्तक फट जाएगा।'प्राचीन युगों की तरह वर्तमान युग में भी स्त्रियां ज्यादा सवाल करने से रोकी जाती हैं। उनके साहस की हद प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से बांध दी जाती है। आमतौर पर वे राष्ट्र में वीरांगना, समाज में धर्म-संस्कृति की मशाल और बाजार में कभी 'कमोडिटी-कभी कंज्यूमर' सब एक साथ हैं। क्या उनके सवालों की हद का निर्धारण स्त्री विमर्श को आत्मनिरीक्षण के लिए प्रेरित करता है?

भारत में स्त्रीवाद पश्चिम के गोरे स्त्रीवाद की कार्बन कॉपी है। वह स्त्री-पुरुष असमानता के कुछ रूपों को अनावृत्त करने के बावजूद आम भारतीय स्त्रियों से संवाद करने में सक्षम न हो सका। एलीट मध्यवर्गीय स्त्रियों तक सीमित बौद्धिक संवाद स्त्रीवाद की पहली सीमा है। दूसरी सीमा है, उसकी उग्रता ने देश के दूसरे वंचित समुदायों और विमर्शों से उसका अंतर्संपर्क विकसित होने नहीं दिया, जैसा कि पश्चिमी देशों में चौथी लहर के स्त्रीवाद ने किया। तीसरी सीमा है, स्त्रीवाद की दृष्टि स्त्रियों पर होने वाले अदृश्य अत्याचारों की ओर नहीं गई। इसने पुरुष सत्ता के विस्तृत रूपों और अत्याचारों पर ध्यान नहीं दिया। इस तरह स्त्री विमर्श शैक्षिक-व्यापारिक क्षेत्र में लोकप्रियता के बावजूद वैचारिक स्तर पर एक छोटी बाउंडरी में रह गया।

भारत में स्त्रीवाद मुख्यतः सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व या एलीट महत्वाकांक्षाओं की सीढ़ी बन गया है। उस पर अंततः स्त्री की धार्मिक मातृ छवि भारी पड़ गई। इसके तहत स्त्रियों का ध्यान पुरुषसत्तात्मक व्यवस्था से हटा कर 'भिन्नता' की धारणाओं की ओर आसानी से मोड़ दिया गया। ये बातें बार-बार दुहराई जाती हैं- 'गरीबों की उन्नति करनी है', 'स्त्रियों की उन्नति करनी है'। लेकिन गरीबों और स्त्रियों की उन्नति में लगे व्यक्तित्व कभी समझ नहीं पाए कि 'गरीब स्त्रियों' की उन्नति एक अलग मामला है!



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

आम स्त्री के यथार्थ : भारतीय स्त्रियों के यथार्थ विचित्र से भी अधिक विचित्र हैं। वे विविधतापूर्ण भी हैं। स्त्री की पहचान 'घर की इज्जत' के रूप में होती है।

आम स्त्री के यथार्थः भारतीय स्त्रियों के यथार्थ विचित्र से भी अधिक विचित्र हैं। वे विविधतापूर्ण भी हैं। इस देश में स्त्री की पहचान 'घर की इज्जत' के रूप में होती है। वह परिवार ही नहीं, जाति, जनजाति और कई बार 'राष्ट्र' के लिए भी 'प्रतिष्ठा चिह्न' बना दी जाती है। उसके आज्ञा पालन की जगह जरा भी बराबरी दिखाने, सवाल करने या अधिक स्वतंत्रता लेने पर उसे 'कुलटा', 'परिवार और जाति की प्रतिष्ठा पर दाग' आदि कहकर अपमानित किया जाता है। इधर संस्कृति की दुहाई देकर भी स्त्रियों को जड़ हो चुके पुराने विश्वासों और रीतियों की ओर लौटाने की कोशिश हो रही है। एक बागेश्वरी बाबा हैं, वे कुआंरी लड़कियों को 'खाली प्लॉट' कहते हैं और स्त्रियां चुपचाप सुनती हैं। स्त्रियों का एक अपना आत्मसम्मान है, आधुनिक गरिमा है और उनमें खुद निर्णय लेने की क्षमता है, अब इन चीजों की जम कर उपेक्षा होने लगी है। ऐसी विडंबनाएं भी हैं कि किसी स्त्री की डाइन छवि निर्मित करने और उसे सजा देने के पुरुषसत्तात्मक सुख में कई बार खुद स्त्रियां शामिल रहती हैं। मीडिया स्त्रियों से मनोरंजन करने के लिए किसी स्त्री की 'डाइन-छवि' बनाता है तो किसी स्त्री की 'वीरांगना-छवि'। ये एक ही पुरुषसत्तात्मक सिक्के के दो पहलू हैं।

आम परिवारों में सामान्यतः वधू 'ग्रेजुएट और गृहकार्य में निपुण' चाहिए! कई लड़कियां जानती हैं कि वे सिर्फ इसलिए पढ़ती हैं कि उन्हें अच्छा वर मिले। दहेज एक बड़ी समस्या है। यह लज्जा की बात है कि 2021 में दहेज न देने पर सताई जा रही 6.8 हजार स्त्रियों ने आत्महत्या की। आज भी शादी से पहले प्रश्न होता है- कितना खर्च करेंगे? एक बिस्कुट कंपनी के विज्ञापन में था-वर को उपहार में ज्यादा से ज्यादा बिस्कुट दें, पैकेट में सोना मिल सकता है! दहेज सभ्य भाषा में उपहार है।

इधर एक नया यथार्थ यह है कि कई लड़कियां खुद 'डिस्टिनेशन मैरेज' की मांग करती हैं, माता-पिता की पर्याप्त क्षमता न हो, तब भी। दूसरी तरफ, आज भी लाखों लड़कियों की शादी 18 साल से कम उम्र में कर दी जाती है। गांवों-कस्बों में माना जाता है कि उनके लिए उच्च शिक्षा जरूरी नहीं है। स्त्रियां बीमार होने पर कह नहीं पातीं कि वे बीमार हैं। रोजगार करने वाली स्त्रियों की स्थिति देखें तो शहरवासी स्त्रियों में वे 21 प्रतिशत से भी कम हैं। बहुत से कामों के लिए स्त्रियों को उपयुक्त नहीं समझा जाता और इनका वेतन पुरुषों की तुलना में कम होता है। इस तरह भी सोचा जाता है कि नौकरियां कम हैं। अतः इनके लिए पुरुष को ही प्रधानता मिलनी चाहिए। इसके अलावा, गरीब और वंचित स्त्रियां आवाजहीन हैं। मध्यवर्गीय स्त्रीवाद की चिंताओं के दायरे में स्त्रियों के यथार्थ का एक बड़ा संसार नहीं है।

## सोशल फोरम

# हुआ क्या मुझे रे तौबा

सुबहे से अपने भीतर एक गजब का परिवर्तन पा रहा हूं। मुझे हर स्त्री बेहद आकर्षक मालूम पड़ रही है। बेहद। एक भी अपवाद नहीं। क्या हो गया मुझे। इतना आनंद क्यों उमड़ रहा है। सारी स्त्रियां इतनी मोहक कैसे हो उठी हैं। क्यों खिंचा चला जा रहा हूं। किसी देवता ने मुझे कहीं सोमरस तो नहीं पिला दिया है। आह। हुआ क्या मुझे रे तौबा। झूम उठा रे मैं मस्ताना, दीवाना। जाने क्या पिलाया तूने, बड़ा मजा आया।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इसी रसदशा में फेसबुक खोला। मालूम हुआ आज महिला दिवस है। महिलाओं को उनकी ताकत का एहसास दिलाने का दिन। मैं उसी महिला को शक्तिशाली मानता हूं जो पुरुष को अपने अमोघ आकर्षण के बल पर घुटने टेकवा दे और हर सार्थक काम उससे करवा ले। महिला की शक्ति पुरुष-सा होने में नहीं, पूर्ण महिला होने में है। स्त्रियोचित गुण जब पूरी तरह खिल जाएं, तो पुरुष उनके सामने नतमस्तक हो जाते हैं और पुरुषोचित गुण पूर्णतः विकसित हो जाएं, तो उनके समक्ष महिलाएं झुक जाती है। ये दो गुण परस्पर भिन्न हैं। यह भिन्नता ही उनके बीच आकर्षण का कारण है। जहां इन भिन्न गुणों का मिलन होता है, वहीं प्रेम के फूल खिलते हैं। प्रेम से बड़ी कोई शक्ति नहीं। प्रेम करने की क्षमता खोना ही दुर्बल होना है।

वह दिन बहुत बुरा होगा, जब मर्द मौगा हो जाएगा और औरत मर्दानी। मर्दों के गुणों को जो अपना लेगी, वह औरत नहीं रह जाएगी और मर्द तो कभी हो ही नहीं पाएगी। मर्द के गुण हैं फौलादी शारीरिक शक्ति, शौर्य, पराक्रम, संकल्प, कठोर मेहनत करने की क्षमता इत्यादि। स्त्रियों के गुण हैं -प्रेम, करुणा, दया, समर्पण इत्यादि। प्रेम में इन दोनों प्रकार के गुणों का अनायास अंतर्मिलन होता है। इस स्थिति में पुरुषों के कुछ गुण स्त्रियों में चले जाते है और स्त्रियों के पुरुषों में। गुणों का यह प्रेमपूर्ण आदान-प्रदान दोनों की अपूर्णता को बहुत कुछ दूर कर दोनों को शक्तिशाली बनाता है। अगर दोनों साथ-साथ शक्तिशाली नहीं बनते हैं, तो अकेला शक्तिशाली होना विध्वंसक होता है। अकेले पुरुषों के शक्तिशाली होने से स्त्रियां कमजोर हुईं। उनके कमजोर होने से पुरुषों की शक्तियों का सदुपयोग संभव नहीं हुआ।

-फेसबुक वॉल से

# सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं 'शिव'

शिव पुराण के लेख के अनुसार सदाशिव जी ने कहा है कि जो मुझमें और कैलाशपति शिव में भेद करेगा या हम दोनों को अलग मानेगा वो नर्क में गिरेगा। या फिर शिव और विष्णु में जो भेद करेगा वो नर्क में गिरेगा। वास्तव में मुझमें, ब्रह्मा, विष्णु और कैलाशपति शिव कोई भेद नहीं हम एक ही है। परंतु सृष्टि के कार्य के लिए हम अलग अलग रूप लेते हैं। पृथ्वी पर बीते हुए इतिहास में सतयुग से कलयुग तक, एक ही मानव शरीर ऐसा है जिसके ललाट पर ज्योति है। इसी स्वरूप द्वारा जीवन व्यतीत कर परमात्मा ने मानव को वेदों का ज्ञान प्रदान किया है, जो मानव के लिए अत्यंत ही कल्याणकारी साबित हुआ है।

शिव शब्द के दो अर्थ योगी शिव और शून्यता एक तरह के पर्यायवाची हैं, पर फिर भी वे दो अलग-अलग पहलू हैं। क्योंकि भारतीय संस्कृति द्वंद्व से भरी है, इसलिए हम एक पहलू से दूसरे पहलू पर आते-जाते रहते हैं। एक पल हम परम तत्व शिव की बात करते हैं, तो अगले ही पल हम उन योगी शिव की बात करने लगते हैं, जिन्होंने हमें योग का उपहार दिया है। शिव शब्द "वो जो नहीं है" और आदियोगी दोनों की ही ओर संकेत करता है, क्योंकि बहुत से तरीकों से ये दोनों पर्यायवाची हैं। ये जीव, जो एक योगी हैं और वो शून्यता, जो सृष्टि का मूल है, दोनों एक ही है। क्योंकि किसी को योगी कहने का मतलब है कि उसने ये अनुभव कर लिया है कि सृष्टि वो खुद ही है।

संपूर्ण ब्रह्मांड शिव के अंदर समाया हुआ है। जब कुछ नहीं था, तब भी शिव थे। जब कुछ न होगा तब भी शिव ही होंगे। शिव को महाकाल कहा जाता है, अर्थात समय। शिव अपने इस स्वरूप द्वारा पूर्ण सृष्टि का भरण-पोषण करते हैं। इसी स्वरूप द्वारा परमात्मा ने अपने ओज व उष्णता की शक्ति से सभी ग्रहों को एकत्रित कर रखा है। शंकर जी सौम्य आकृति एवं रौद्र रूप दोनों के लिए विख्यात हैं। सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति एवं संहार के अधिपति शिव हैं। त्रिदेवों में भगवान शिव संहार के देवता माने गए हैं। शिव अनादि तथा सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं और यह काल महाकाल ही ज्योतिषशास्त्र के आधार हैं। जिस प्रकार इस ब्रह्मांड का ना कोई अंत है, न कोई छोर और न ही कोई शुरुआत, उसी प्रकार शिव अनादि हैं। परमात्मा का यह स्वरूप अत्यंत ही कल्याणकारी माना जाता है क्योंकि पूर्ण सृष्टि का आधार इसी स्वरूप पर टिका हुआ है। पवित्र श्री देवी भागवत महापुराण में भगवान शंकर को तमोगुण बताया गया है।




डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह
मिशन प्रेरणा, उत्तर प्रदेश

शुक्ल यजुर्वेद संहिता के अंतर्गत रुद्र अष्टाध्याई के अनुसार सूर्य इंद्र विराट पुरुष हरे वृक्ष, अन्न, जल, वायु एवं मनुष्य के कल्याण के सभी हेतु भगवान शिव के ही स्वरूप है भगवान सूर्य के रूप में वह शिव भगवान मनुष्य के कर्मों को भली-भांति निरीक्षण कर उन्हें वैसा ही फल देते है। मनुष्य अपने अपने कर्मानुसार फल पाते हैं अर्थात स्वस्थ बुद्धि वालों को वृष्टि जल अन्य आदि भगवान शिव प्रदान करते हैं और दुर्बुद्धि वालों को व्याधि दुख एवं मृत्यु आदि का विधान भी शिवजी करते हैं। शंकर या महादेव आरण्य संस्कृति जो आगे चल कर सनातन शिव धर्म नाम से जाने जाते है, में सबसे महत्वपूर्ण देवताओं में से एक है। वह त्रिदेवों में एक देव हैं। इन्हें देवों के देव महादेव भी कहते हैं। शिव का अर्थ यद्यपि कल्याणकारी माना गया है, लेकिन वे हमेशा लय एवं प्रलय दोनों को अपने अधीन किए हुए हैं। शिव सभी को समान दृष्टि से देखते है। इसलिए उन्हें महादेव कहा जाता है। तंत्र साधना में इन्हे भैरव के नाम से भी जाना जाता है।

# पार्वती परिणय दिवस है महाशिवरात्रि

फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को पड़ने वाले पर्व महाशिवरात्रि की पृष्ठभूमि में अनेक कथाएं हैं। एक कथा के अनुसार यह पर्व शिव पार्वती परिणय दिवस है। मेरे निकट यह तिथि इस रूप में ही विशेष मान्य है। भगवान शंकर की पहली पत्नी सती जी अपने पिता दक्ष प्रजापति के यज्ञ में तन त्याग चुकी थीं और शिवजी अविवाहित थे। उधर तारक नामक दैत्य के अत्याचारों से देवगण और लोक त्रस्त था। देवताओं ने जब ब्रह्मा जी को समस्या बताई तो उन्होंने कहा कि शिवजी का पुत्र ही इसे मार सकता है। तब देवताओं ने कामदेव को भेजकर भगवान शंकर को काम मोहित करने की चेष्टा की,ताकि उनकी रुचि नारी के लिए हो और वह विवाह करें। देवगण प्रेषित कामदेव का यह प्रयास विफल रहा। पांसा उलटा पड़ गया। भगवान शंकर ने कामदेव को ही भस्म कर दिया। अंततः देवगण ने शंकर जी से सीधे प्रार्थना की कि 'नाथ! हम लोग अपने नेत्रों से आपका विवाह देखना चाहते हैं'। शिवजी ने प्रसन्न होकर सहमति प्रकट कर दी। उधर हिमाचल की पुत्री पार्वती शिव जी को पति रूप में पाने हेतु कठिन तपस्या कर रहीं थीं। उनके प्रेम की बहुशः परीक्षा ली जा चुकी थी। अतः यह विवाह तय हो गया। सप्तर्षियों ने संयोजक का कार्य किया। भगवान शंकर की ओर से वृहस्पति और पार्वती की ओर से गर्गाचार्य ने पुरोहित का कार्य किया। वेद विहित रीति से विवाह संपन्न हो गया। यह शुभ काज इसी महाशिवरात्रि की तिथि को हुआ। यथा समय इस अलौकिक युग्म से दिव्य रीति से कार्तिकेय जी जन्में, जिन्हें स्कंद और षडानन भी कहते हैं। वे देवताओं के सेनापति बने। सेनापतियों में वे सर्वश्रेष्ठ माने गए हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में अपने को 'सेनानीनामहं स्कन्दः' कहा है। यानी सेनापतियों में मैं स्कन्द हूं। उन्होंने तारकासुर का संहार किया। शिव पार्वती विवाह की यह कथा शिव महापुराण के तृतीय पार्वती खण्ड-अध्याय 46/47 में आई है।



शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

वैसे भगवान भोलेनाथ और उनके इस पर्व की महिमा का सम्यक् वर्णन भला कौन कर सकता है? आचार्य पुष्पदंत ने 'शिव महिम्न स्तोत्र' में सही ही लिखा है कि 'यदि कज्जल गिरि को समुद्र की दवात बनाकर घोल दिया जाय और कल्पवृक्ष की डाल की लेखनी बनाकर पूरी पृथ्वी को पत्र मानकर साक्षात् सरस्वती जी शिवजी के गुणों को लिखना शुरू करें, तो भी उनके गुणों को पार पाना संभव नहीं हो सकेगा'। स्पष्ट है कि जब अलौकिक वीणावादिनी शारदा उनकी या उनके पर्वों की पूर्ण महिमा वर्णन में समर्थ नहीं है,तो फिर इस लौकिक शारदा की क्या बिसात।



# शक्ति तेरे अनेक रूप...

नारी... दो अक्षरों से बना ये शब्द न केवल शक्ति का प्रमाण है बल्कि संघर्ष की वो गाथा भी कहता है जिसे आम जीवन में हम सभी ने अपनी आंखों के सामने से गुजरते देखा है। कभी मां, कभी बहन, कभी बेटी तो कभी पत्नी के रूप में अपने कर्तव्यों से घिरी नारी यूं ही जीवन भर संघर्ष करती नजर आती है। आधुनिकता के युग में पुरूष प्रधान समाज के सामने आज महिलाएं कंधे से कंधा मिलकर हर क्षेत्र में आगे जा रही हैं, ...पर कुछ संघर्ष की कहानियां ऐसी भी हैं जहां इन महिलाओं ने न केवल अपने कर्तव्यों को निभाया साथ ही पूरे समाज को हार न मनाने का पाठ भी पढ़ाया और जीवन को ऐसे सफल बनाया कि आज वे प्रेरणा हैं। आइए आपकों मिलवाते हैं शक्ति के उस रूप से जो जीवन से लड़ी और योद्धा बनकर मुश्किलों को पराजय का स्वाद चखाया...।

## संस्कार और मर्यादा संग संघर्ष की कहानी, वैष्णवी की जुबानी

- रात-दिन एक कर सीखी तेलगू, शूटिंग के दौरान पीठ में पड़ गए छाले
- अयोध्या की वैष्णवी का तेलुगु फिल्मों में धमाल

अयोध्या • राजेंद्र कुमार पांडेय

**अमृत विचार :** प्रतिभा और संघर्ष का जज्बा हो। धैर्य और सोच हो तो व्यक्ति अपना मुकाम प्राप्त कर ही लेता है। संस्कार और मर्यादा को साध आगे बढ़ना आसान नहीं है। खासतौर से इस दौर में। यह तपस्या से कम नहीं है। खासतौर से फिल्मों में, लेकिन अयोध्या की वैष्णवी ने जीवन मूल्यों को साधा। आगे बढ़ीं। आजकल तेलुगू फिल्मों में धमाल मचा रही हैं।

वैष्णवी अयोध्या की है। राजसदन परिसर में रहती है। माता प्रधानाध्यापिका है। पिता लाल मनीष प्रताप सिंह जाने-पहचाने चेंहरों में हैं। पढ़ाई-लिखाई अयोध्या के अलग-अलग स्कूलों में हुई। वैष्णवी के संघर्ष की कहानी में कई उतार-चढ़ाव आए। कहती हैं कि माता-पिता डॉक्टर बनाना चाहते थे, लेकिन मुझे बचपन से एक्टिंग का शौक था। पुडुचेरी के एक कॉलेज में दाखिला कराया, लेकिन जूनून कला का था। खून और इंजेक्शन से तनाव हुआ। संवेदनाएं सतह पर आ गईं, फिर गायकी में भाग्य



आजमाया। अचानक नया मोड़ आ गया। चर्चित वेबसीरिज आश्रम की शूटिंग होने वाली थी। डायरेक्टर ने काम करने का ऑफर दे दिया, काम किया। आगे बढ़ने से पहले ही कोरोना का दौर शुरू हो गया।

वैष्णवी कहती हैं कि यह उनके लिए संघर्ष के कहानी की शुरूआत थी लेकिन कोरोना कॅरीअर के लिए वरदान भी था। उन दिनों फिल्मों के लिए आडीशन ऑनलाइन हो रहे थे। भाग्य आजमाना शुरू किया, लेकिन अयोध्या की मर्यादा और घर के संस्कार राह रोक रहे थे। माता-पिता अकेले कहीं जाने नहीं देना चाहते थे। मां और भाई के साथ मुंबई गई लेकिन लौटना पड़ा। मुंबईया फिल्मों के संस्कार पसंद नहीं आ रहे थे। दक्षिण की फिल्मों के लिए ऑनलाइन आडीशन दिया। कहती हैं कि श्री राम जी पर विश्वास और उनकी कृपा। फिल्म महिषा में नायिका के रूप में चयन हो गया। फिल्मों में साउथ की परंपरा पसंद आई। लगा कि पहनावा और संस्कार जिंदा है। हामी भर दी। मां और भाई के साथ पहुंची लेकिन मन में तरह-तरह की आशंकाएं थी। कैसे लोग होंगे, कैसी सभ्यता होगी। फिल्मों में अपनी शर्त मानी जाएगी या नहीं। कुछ दिन में शंकाए निर्मूल हुईं। लगा कि यहां अभी मर्यादा और संस्कार के साथ काम किया जा सकता है।

मुंबईया फिल्मों की सभ्यता पर सवाल उठाती है। संघर्ष यहीं समाप्त नहीं होता। उत्तर की वैष्णवी को दक्षिण की तेलगू बोलने का संकट। तीन चार महीने अभ्यास किया। रात दिन एक कर दिया। तेलगू बोलने पर पकड़ बनी। रात-दिन शूटिंग की। खानपान और मौसम बदला तो बीमार पड़ गईं। शूटिंग के दौरान पीठ में छाले तक पड़ गए। दक्षिण के चर्चित कलाकारों के साथ काम किया। ज्यादातर फिल्मों में लीड रोल किया, फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### केजी थ्री के लिए मिला बेस्ट डांसर अवार्ड

वैष्णवी बताती हैं कि महिषा के साथ श्रीरंगापुरम, क्रेजी तीन, वार्ड नंबर-54, मधुरम जैसी आधा दर्जन फिल्में कीं। दक्षिण की फिल्म इंडस्ट्री गुरुटुकोस्थुनायी में काम कर रही है। मधुरम फिल्म प्रमोशन में है। जल्द ही रुपहले पर्दे पर आ जाएगी। वेबसीरिज नादान परिंदे और कशमकश मुंबई में भी की। केजी थ्री में बेस्ट डांसर का अवार्ड मिला। तीन फिल्में हाथ में हैं। आजकल हैदराबाद में रहकर शूटिंग करती हैं। कुछ रिलीज, कुछ फिल्मों के रिलीज होने का इंतजार है। इन दिनों राम लला की शरण में आई हैं।



सायरा ने तीन तलाक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में लड़ी जंग, अब मुस्लिम महिलाओं को कर रहीं जागरूक

## सायरा ने तीन तलाक को ही दे दिया 'तलाक'

अर्शी खान, काशीपुर



**अमृत विचार :** तीन तलाक के खिलाफ लड़ाई आसान नहीं थी। जब तीन तलाक के खिलाफ कानूनी जंग की ठानी तो कुछ परिचितों और कौम के कथित ठेकेदारों से ही ठन गई। फिर भी हिम्मत नहीं हारी और देश भर की मुस्लिम महिलाओं की आवाज बनकर सर्वोच्च अदालत में तीन तलाक के खिलाफ याचिका दायर की। एक साल तक लड़ी जंग के बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें इंसाफ दिया। बाद में यह जंग रंग लाई और तीन तलाक के खिलफ कानून भी बना। रूढ़िवादी सोच, कट्टरता के खिलाफ इस जंग की नायक कोई सरकार, संगठन नहीं बल्कि एक महिला सायरा बानो है।

काशीपुर में पांडे कॉलोनी निकट हेमपुर डिपो की रहने वाली सायरा बानो का निकाह वर्ष 2002 में इलाहाबाद निवासी एक प्रापर्टी डीलर से हुआ था। वह बताती हैं कि निकाह के बाद से ही उन्हें हर दिन किसी न किसी बात पर प्रताड़ित किया जाता था। मामूली बातों पर शौहर झगड़ा और मारपीट करता था। वह इस उत्पीड़न से तंग आकर मायके आ गईं। फिर एक दिन उन्हें स्पीड पोस्ट मिला, जिसमें शौहर ने तीन तलाक देकर तलाकनामा भेजा था। जब उन्होंने इसके बारे में उलेमाओं, मौलानाओं से बात की तो उन्होंने भी जायज ठहराया। इस पर उन्होंने इस तीन तलाक के खात्मे की ठान ली। साल 2016 में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में तीन तलाक के खिलाफ जनहित याचिका दायर की। लगभग एक साल तक सुप्रीम कोर्ट में तीन तलाक के खिलाफ लड़ाई लड़ी। फिर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया और उन्हें इंसाफ मिला। वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने तीन तलाक के खिलाफ कानून मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक 2018 बनाया। मगर सायरा की तीन तलाक के खिलाफ जंग अभी समाप्त नहीं हुई। अब वह मुस्लिम महिलाओं को रूढ़िवादी बेड़ियों को तोड़कर जागरूक कर रही हैं।

सायरा बानो कहती हैं कि पूर्व में मुस्लिम पुरुष शरीयत की आड़ लेकर तीन तलाक का नाजायज फायदा उठा रहे थे। उन्हें किसी का भी खौफ नहीं था लेकिन अब कानून बनने से ऐसे पुरुषों को सजा मिलेगी। कानून के डर से बेबस महिलाओं का आसानी से शोषण नहीं कर पाएंगे। यह कानून भावी पीढ़ी की महिलाओं के हितों का भी संरक्षण करेगा। कोई भी ई-मेल, व्हाट्सअप, मोबाइल, मैसेज या चिट्ठी से तलाक नहीं दे सकेगा। जो उनके साथ हुआ है किसी के साथ नहीं होगा।

### 2020 में बनीं उत्तराखंड महिला आयोग की उपाध्यक्ष

उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने सायरा बानो की इस हिम्मत की हौसला अफजाई की। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने वर्ष 2020 में सायरा बानो को उत्तराखंड महिला आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया। अब वह महिलाओं पर होने वाले अत्याचार के खिलाफ जंग लड़कर उन्हें न्याय दिलाने का काम कर रही हैं। उनका कार्यकाल पूरा हो चुका है लेकिन वह अब भी सभी धर्मों व वर्गों की महिलाओं के साथ मिलकर शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद रही है। गांव-गांव जाकर शिविर लगाकर महिलाओं की समस्याएं सुन रही हैं। वह अब तक 8 जोड़ों को तीन तलाक से बचाकर आपसी सुलह करा दी है।

## रुखसाना और सलोनी ने गरीबी में भी खोज ली खुशी

- रुखसाना ने बेटी को मुकाम दिलाने के लिए छोड़ दिया सबको

अयोध्या • विवेक सक्सेना

**अमृत विचार:** गरीबी कई बार ऐसे इम्तिहान लेती है कि इंसान टूट ही जाए, लेकिन रुखसाना ने हार नहीं मानी और अपने सपने को बेटी का सपना बनाया। शादी के एक साल के अंदर ही जब वह मां बनने की खुशियां मना रही थी तभी पति ने तलाक देकर उसे घर से निकाल दिया। माता-पिता ने संभाला। ड्राइवर पिता का निधन मां-बेटी के लिए बज्र पात से कम नहीं था, क्योंकि वही एक कमाने वाले थे। ऐसे में नन्ही बेटी को संभालना, मां का ख्याल रखना,घर का खर्च समेत कई परेशानियां एक साथ ही आ गईं। इस पर भी रुखसाना ने हिम्मत नहीं हारी।

घर खर्च के लिए उसने ट्यूशन पढ़ाना शुरू किया। धीरे-धीरे कुछ मदद होने लगी। बड़ी होती बेटी को शहर के अच्छे स्कूलों में शामिल कनोसा कॉन्वेंट में पढ़ाया। किसी तरह दिन बीत रहे थे की रुखसाना की मां भी चल बसी। अब तक मकान भी खस्ता हाल हो गया था। घर की दीवारें टूट सी गई थी। छत की जगह टिन पड़ा था, जो बारिश में पूरा घर भिगो देता। दरवाजे भी किसी तरह अटकते भर थे। बेटी सलोनी ने मां के कंधे से कंधा मिलाया और वो भी ट्यूशन पढ़ाने लगी। धीरे-धीरे बीकॉम और फिर एमकॉम कर लिया। प्रधानमंत्री आवास



योजना ने घर बनवा दिया। आज सलोनी एक स्कूल में शिक्षिका बन गई है। इसके साथ-साथ वो पीसीएस सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रही है। आज मां-बेटी एक-दूसरे का सहारा हैं। छोटी से छोटी खुशी भी साथ मनाते हैं। बेटी के कुछ बन जाने के लिए 55 वर्षीय रुखसाना सपने बुना करती है। तमन्ना है कि बेटी सलोनी को अच्छी नौकरी मिल जाए तो उसके हाथ पीले कर दूं। मुकेरीटोला रिकाबगंज निवासी मां-बेटी का प्रेम, सहयोग और विश्वास आज कई लोगों के लिए मिसाल बने है। साथ ही समाज के लिए सीख भी, कि जीवन में किसी भी परिस्थिति में मायूस होकर हार नही माननी चाहिए। संघर्ष, मेहनत और संकल्प एक दिन अंधेरे में भी सूरज की रोशनी जरूर फैलता है।

## चाय की दुकान से ताइक्वांडो में पूजा ने लगाई 'सिल्वर' किक

कानपुर • अभिषेक वर्मा

**अमृत विचार:** 'एक दिन मेरी चाय की दुकान के सामने से कुछ खिलाड़ी स्पोर्ट्स की ड्रेस में निकल रहे थे। पिता से पूछा तो उन्होंने बताया कि ये ताइक्वांडो के खिलाड़ी हैं। बस उसी दिन जिद कर ली कि यह खेल सीखना है, पिता ने हौसला बढ़ाया और ग्रीनपार्क में दाखिला करा दिया।' गिलास में तेजी से चाय छानते हुए नेशनल ताइक्वांडों प्रतियोगिता (जूनियर) में कई सिल्वर मेडल जीत चुकीं 14 साल की पूजा कुमारी चौहान जब यह बताते हुए मुक्केबाज मैरीकॉम की तरह देश का नाम ऊंचा करने का संकल्प गिनाती हैं, तो लगता है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प के अलग गरीबी कोई बाधा नहीं है।

परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर के गेट के सामने पूजा के पिता चाय की दुकान लगाते हैं। घर में पत्नी, बड़ी बेटी पुष्पलता, बेटा आकाश और छोटी बेटी पूजा है। पूजा कुमारी एमजी कॉलेज में नवीं की छात्रा हैं। वह जिला और यूपी के बाद अब राष्ट्रीय स्तर पर ताइक्वांडो में छाप छोड़ रही हैं। पूजा कुमारी लगभग रोज सुबह पिता के आने तक चाय की दुकान संभालती हैं। इसके बाद प्रैक्टिस करने जाती हैं। पूजा ने अमृत विचार को बताया कि दुकान के बाद सीधे रनिंग करने



### पूजा की उपलब्धियां

- ओपेन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप -2017 राजस्थान में सिल्वर मेडल
- ओपेन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2018 जयपुर में सिल्वर मेडल
- ओपेन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2019 दिल्ली में सिल्वर मेडल

जाती हूं। ग्रीनपार्क के साथ ही ताइक्वांडों की बारीकियां और ट्रिक सीखने के लिए ऐलन हाउस में प्रैक्टिस कर रही हूं। नेशनल के साथ अब देश के बाहर खेलने की इच्छा है। इसी तैयारी में जुटी हूं। जिस तरह बाक्सिंग में मैरीकॉम ने देश का नाम रोशन किया, उसी तरह मैं ताइक्वांडो में देश को गर्व की अनुभूति कराना चाहती हूं। पिता सतीश ने बताया कि बेटी को खेलते देखकर क्षेत्र के और बच्चे भी आगे आ रहे हैं।

## वेस्टेज से तकदीर संवार महिलाओं को प्रेरित कर रहीं मीना और आसमां

बदायूं • प्रदीप सक्सेना

**अमृत विचार:** महिलाएं परिवार को भावनात्मक की नहीं आर्थिक रूप से भी मजबूत कर रही हैं। तमाम महिलाओं ने जीवन में आने वाली कठिनाइयों से हार नहीं मानी बल्क आज वह एक नजीर बन गई हैं। ऐसी ही कहानी है शहर निवासी मां बेटी की। उन्होंने अपने हुनर से न सिर्फ परिवार को समृद्ध किया बल्कि दूसरों के लिए भी सहारा बन गईं। आज यह दोनों तमाम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की ट्रेनिंग दे रही हैं। पांच सौ से अधिक महिलाएं इनके सिखाए हुनर से अपने परिवार का पालन पोषण कर रही हैं।

शहर के मोहल्ला शहबाजपुर निवासी मीना ने बताया कि वेस्टेज वस्तुओं से टोकरी बनाने का काम अपनी मां से सीखा था। शादी के बाद यही हुनर उनके काम आया। वह कहती हैं कि शादी के समय परिवार के हालात ठीक थे। कुछ साल बाद हालात खराब होने लगे। आय के सीमित साधन होने की वजह से घर चलाना मुश्किल होने लगा। इसके बाद घर में पॉलीथिन और अन्य वस्तुओं को एकत्रित करना शुरू कर दिया। साथ ही दूसरों के घरों से भी कागज-पन्नी आदि को मांगकर लाने लगीं। इनके जरिए उन्होंने टोकरी बनानी शुरू कर दीं। जिसे फल विक्रेताओं को बेचने लगीं।



### महिलाएं आती हैं सीखने

मीना और उनकी बेटी आसमां ने बताया कि शुरू में मोहल्ले की महिलाएं टोकरी डलिया आदि बनाने का काम सीखने आतीं थीं। अब आस पास गांव शेखूपुर, चंदोखर गोटिया, मीरा सराय, देहमी आदि गांवों की महिलाएं इस काम को सीखने के लिए उनके पास पहुंच रही हैं।

धीरे-धीरे इसकी मांग बढ़ी तो उन्होंने अपनी बेटी आसमां को भी इस काम में लगा लिया और बाजार से वेस्टेज वस्तुओं को खरीद कर उनसे टोकरी बनानी शुरू कर दीं। इन टोकरियों की मांग अब इतनी हो गई है कि दिल्ली तक सप्लाई कर रहीं हैं। हर सात दिन बाद सौ से अधिक टोकरियों को वह दिल्ली बिक्री के लिए भेजती हैं।

पीर पर्वत सी — नेहरू युवा केंद्र में तैनात जिला युवा अधिकारी पुष्पा सिंह दोनों हाथ से हैं दिव्यांग

## पुष्पा ने दिव्यांगता का दंश झेला, मगर बेटियों को दे रहीं शिक्षा का मंत्र

बरेली • अंकित चौहान

**अमृत विचार :** घर में बेटी का जन्म हो और पता चले कि वह दिव्यांग है तो परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट जाता है, लेकिन कुछ परिवार के हौसले इतने मजबूत होते हैं कि वो समाज में फैली कुरीतियों पर अमिट छाप छोड़ देते हैं। ऐसा ही संघर्ष की कहानी है पुष्पा सिंह की।

श्रावस्ती जिले के गांव मोगला मल्हीपुर निवासी भवानी सिंह के परिवार में वर्ष 1990 में एक बिटिया का जन्म हुआ। पिता भवानी सिंह की गोद में जब बिटिया आई तो आंखों में खुशी के आंसू आ गए, लेकिन इसी बीच चर्चा होने लगी कि बिटिया तो दिव्यांग है, लेकिन पिता हताश नहीं हुए। बिटिया और पत्नी मीना सिंह को घर लाए। बिटिया का नाम रखा पुष्पा। कहावत है कि पूत के पांव पालने से पता लग जाते हैं, पुष्पा के पढ़ाई के प्रति लगाव देख, माता पिता उसका हौसला बने, स्कूल में दाखिला कराया। पुष्पा दोनों हाथों से दिव्यांग थीं। कड़ी मशक्कत के बाद वह पैरों से ही लिखने की कला में पारंगत हो गईं। 10 वीं से लेकर कंप्यूटर एप्लीकेशन में पोस्ट ग्रेजुएट होने का सफर जिला युवा अधिकारी बनने तक पुष्पा का रुका नहीं। वर्तमान में पुष्पा सिंह बरेली के नेहरू युवा केंद्र में जिला युवा अधिकारी के पद पर सेवाएं दे रही हैं। उनकी शादी जिले के फतेहगंज पूर्वी के गांव शिवपुरी रधौली निवासी भूपेंद्र सिंह से वर्ष 2020 में हुई थी।



### गांव में चलाया साक्षरता अभियान

पुष्पा सिंह बताती हैं कि उनके गांव में लड़कियों को स्कूल भेजने की ओर कोई सोचता तक नहीं था, लेकिन उन्होंने खुद शिक्षित होने के साथ ही दोस्तों के साथ मिलकर अपने गांव में घर-घर जाकर बच्चों के माता-पिता को बेटियों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। वहीं, अपने ही गांव की पांच लड़कियों का अपने निजी खर्च पर स्कूलों में दाखिला कराया, जो कि अब 8 वीं कक्षा में हैं।

### हमें अपने दिमाग से ही दुनिया को जितना है

पुष्प का कहना है कि अगर हमारे पास हाथ पैर नहीं है तो निराश न हों, क्योंकि हमारे पास दिमाग है। हमें उससे ही दुनिया को जितना है, क्योंकि इंसान की शक्ति उसकी आत्मा में होती है और आत्मा कभी दिव्यांग नहीं होती है।

### उपेक्षा से भी नहीं मानी हार

पुष्पा बताती हैं कि वर्ष 2005 में 10 वीं की परीक्षा 90 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण की, लेकिन उनकी कहानी समाज के लिए एक संदेश है कि अगर हौसला हो तो कुछ भी काम नामुमकिन नहीं है। पुष्पा स्कूली शिक्षा के दौरान कई बार उपेक्षा का शिकार हुईं, लेकिन उनके कदम रुके नहीं। वह वर्ष 2007 में 12वीं में 92, 2012 में बीए में 65, एमए में 62 और एमसीए में 97 फीसदी अंक अर्जित कर हमेशा अव्वल रहीं।

## हम रोज महिला दिवस मनाते हैं: सुमन

लखनऊ • शबाहत हुसैन विजेता

पॉवर विंग फाउंडेशन चलाने वाली सुमन रावत चौबीसों घंटे पीड़ितों की मदद के लिए तैयार रहती हैं। समाज एक दिन महिला दिवस मनाता है वह हर वक्त इसे सेलीब्रेट करती रहती हैं। जो पीड़ित है उसे इंसाफ दिलाने को जूझती हैं और जो महिला विपरीत परिस्थितियों से जूझती नजर आती है उसकी पीठ ठोंकती हैं। उसका सहारा बनने की कोशिश करती हैं।

सुमन कहती हैं कि पीड़ित लड़कियों के लिए शीरोज हैंगआउट कैफे जैसी कोशिशों की जरूरत है। इस कैफे में तेजाब पीड़िताओं ने यह साबित किया कि शरीर का कोई अंग खराब हो जाने से जिन्दगी खत्म नहीं हो जाती है। कोई आंख फोड़ दे या चेहरा बिगाड़ दे लेकिन हौंसला बरकरार रहे तो कुछ भी खत्म नहीं होता है। इस कैफे में काम करने वाली लड़कियों ने इस बात को साबित भी किया है।

वह बताती हैं जिन दिनों कोविड का दौर था और सारे काम बंद हो गए थे तब मदद करने वालों के पास एक पल की भी फुर्सत नहीं थी। उन दिनों अस्पतालों से लेकर श्मशान तक काम किया। जिनके रिश्तेदार शव लेने नहीं आये वह जिस धर्म के थे उस रीति से उनका अंतिम संस्कार करवाया।



### महिलाएं बनी आत्मनिर्भर

सुमन रावत ऐसी महिलाओं और लड़कियों के लिए संघर्ष करती हैं जो काम के अभाव में पेट भरने की सम्मानजनक व्यवस्था नहीं कर सकतीं। वह बताती हैं कि लखनऊ के मुंशी पुलिया इलाके में उन्होंने 50-60 लड़कियों को जूट के बैग सिलना सिखाए। जिन लोगों को जूट के बैग बनाना नहीं पसंद आया उन्हें अचार बनाने का प्रशिक्षण दिया। अब बड़ी संख्या में महिलायें अचार, मुरब्बा और पापड़ बनाना सिखाया। इस व्यवसाय ने महिलाओं के घरों को चलाना आसान कर दिया।

वह बताती हैं कि यमुना एक्सप्रेस वे पर पैदल आ रहे लोगों को भोजन बांटने का काम अधिकारियों के साथ कर रही थीं। हरियाणा से साइकिल पर अपनी पत्नी और दो बच्चों को लेकर श्रावस्ती जा रहा युवक पहुंचा तो उसके बच्चों को दूध दिया। पति-पत्नी को खाने को दिया। उनसे रास्ते के लिए कुछ रख लेने का अनुरोध किया लेकिन वह महिला साइकिल से नहीं उतरी। जब बहुत प्रेशर दिया तो वह अनमने भाव से साइकिल से उतरी तो पता चला कि उसके पास कोई दूसरा कपड़ा नहीं था और माहवारी से उसके कपड़े खराब हो गए थे। उसकी हालत देखकर आंखें छलछला आईं। अपनी गाड़ी से निकालकर उसे तौलिया दिया। सर को जिस स्टोल से ढंका था वह उसे दे दिया। वह महिला तो चली गई लेकिन वह आंखों में ही घूमती रही। इसके बाद फूड पैकेट के साथ-साथ सैनेटरी नैपकिन बांटने का काम शुरू किया। 25 हजार से ज्यादा सैनेटरी नैपकिन बांटे। वह बताती हैं कि उनके साथ 35 वकीलों का पैनल है जो पीड़ित महिलाओं का मुफ्त में केस लड़ता है। इस तरह से हम रोजाना महिला दिवस मनाते हैं।

## एक नजर

### अवकाश के दिन भी खुलेंगे नगर निगम के कैश काउंटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** वित्तीय वर्ष 2023-24 समाप्त होने में कुछ दिन शेष हैं। इस अवधि में भवन स्वामियों से अधिक से अधिक गृहकर जमा कराने और उनकी सुविधा के लिए नगर निगम सार्वजनिक अवकाश के दिन 8, 9 और 10 मार्च को भी समस्त जोनल कार्यालय में कैश काउंटर खुले रहेंगे। यह जानकारी मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट ने दी।

### प्रशिक्षण बंद, पोर्टल और भौतिक हाजिरी में अंतर

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण में केंद्रों की मनमानी जारी है। जिले में संचालित एक केंद्र के निरीक्षण में प्रशिक्षण बंद मिला। जबकि पोर्टल पर दर्शाई गई हाजिरी और मौके पर जांच में काफी अंतर निकला। जिला समन्वयक ने कार्रवाई के लिए मिशन निदेशक को लिखा है। जिले में सूचीबद्ध प्रशिक्षण प्रदाता कौशल विकास मिशन की छवि धूमिल कर रहे हैं। प्रशिक्षण देने के लिए केंद्र तो खोल दिए लेकिन, प्रशिक्षण नहीं दिया जा रहा है। जिला समन्वयक ने एक केंद्र का निरीक्षण किया तो प्रशिक्षण कार्य बंद मिला। जो प्रशिक्षणार्थी दर्शाये गए उनकी पोर्टल पर हाजिरी कुछ दर्शाई गई, जबकि मौके पर काफी अंतर पाया। केंद्र पर प्रशिक्षण के रिकार्ड के लिए सीसीटीवी कैमरे तक नहीं लगाए गए।

# रामलला आ गए और अपराधियों का राम नाम सत्य भी हो गया

## किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ कार्यक्रम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद को माला पहनाते भाजपा के सदस्य।

**अमृत विचार :** हमारा अन्नदाता किसान जब आपस में मिलता है तो राम-राम कहता है। आज अयोध्या में रामलला भी आ गए हैं और अपराधियों का राम नाम सत्य भी हो गया है। उत्तर प्रदेश में सभी कार्य राम का नाम लेकर चल रहा है, इसलिए किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कृषकों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली उपलब्ध कराए जाने के उपलक्ष्य में 'संकल्प की सिद्धि' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने यहां प्रदेशभर से आए किसानों और किसान यूनियन के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां प्रदेश के वित्तमंत्री, कृषि मंत्री, ऊर्जा मंत्री, मुख्य सचिव, बिजली विभाग के

- **बोले मुख्यमंत्री, राम का नाम लेकर उप्र. में हो रहे सभी काम**
- **संकल्प की सिद्धि कार्यक्रम को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित**

अधिकारी, किसान यूनियन के नेता सभी मौजूद हैं। ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर किसानों से पीएम कुसुम योजना के साथ जुड़ने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत ट्यूबवेल पर सौलर पैनल लगाकर किसान बिजली पैदा कर सकेंगे। अपने उपयोग के बाद बची हुई बिजली सरकार को भी बेच सकेंगे। इससे न केवल किसानों को अतिरिक्त आमदनी होगी बल्कि उनके बिजली की आवश्यकता की भी पूर्ति होगी।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं केशव प्रसाद मौर्य, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, विद्युत मंत्री एके शर्मा, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव विद्युत विभाग महेश कुमार गुप्ता, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में आए प्रदेशभर के अन्नदाता एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## सीबीजी प्लांट का आज लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** महा शिवरात्रि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को गोरखपुर के धुरियापार में बने इंडियन ऑयल के सीबीजी प्लांट का लोकार्पण करेंगे। इस मौके पर वह बांसगांव लोकसभा क्षेत्र को 222 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की शुरुआत भी करेंगे।

मुख्यमंत्री 68 करोड़ रुपये से अधिक की 20 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 154 करोड़ रुपये से अधिक की 17 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। पहले चरण में यहां सीबीजी (कंप्रेस्ड बायो गैस) और दूसरे चरण में एथेनाल का उत्पादन होना है। इंडियन ऑयल ने सीबीजी (कंप्रेस्ड बायो गैस) प्लांट का निर्माण धुरियापार चीनी मिल परिसर में 18 एकड़ भूमि पर 165 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश से किया है।

# 9 हजार से अधिक कुशल श्रमिक जाएंगे इजरायल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **दूसरे चरण में 4,121 श्रमिकों का हुआ चयन**

**अमृत विचार:** इजरायल में नवनिर्माण कार्य के लिए उप्र. के श्रमिकों को चयनित कर भेजे जाने की कवायद जारी है। प्रथम चरण में 5087 और दूसरे चरण में 4121 श्रमिकों को इजरायल में सेवायोजित किए जाने के लिए चयनित किया गया है। इस तरह कुल 9208 कुशल श्रमिक इजराइल में 01 लाख 37 हजार प्रतिमाह वेतन पर सेवायोजित किए जाएंगे।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि केन्द्र सरकार एवं इजरायल सरकार के बीच एमओयू किया गया है जिसके अंतर्गत व्यवसाय मेसन प्लास्टरिंग वर्क, मेसन सेरेमिक टाइलिंग, मेसन बिल्डिंग फ्रेमवर्क और मेसन आयरन वेन्डिंग के क्षेत्र में इजराइल में भारतीय श्रमिको को सेवायोजित करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

28 फरवरी से 07 मार्च तक राजकीय आईटीआई अलीगंज, लखनऊ में कुशल श्रमिकों के द्वितीय चरण का स्किल टेस्ट इजरायल की टीम के द्वारा लिया गया, जिसमें 4121 कुशल श्रमिकों को चयनित किया गया है। इस तरह कुल 9208 कुशल श्रमिकों को इजराइल की टीम के द्वारा चयनित किया गया है।

# सीबीआई ने घूसखोरी में दो को किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **पुराने केसीसी ऋण खाते की बकाया राशि का निपटाने के लिए मांगी गई थी रिश्वत**

**अमृत विचार :** सीबीआई ने पुराने केसीसी ऋण खाते की बकाया राशि का निपटाने के लिए 18 हजार रिश्वत लेने के आरोप में अलीगढ़ स्थिति ग्रामीण बैंक के फील्ड अधिकारी सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

सीबीआई ने एक शिकायत पर मोहित अग्रवाल, फील्ड ऑफिसर, ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावर्त, पाली रजापुर शाखा, जिला-अलीगढ़ के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। यह आरोप लगाया गया था कि शिकायतकर्ता के पिता के पुराने केसीसी ऋण खाते की बकाया राशि का निपटान करने के लिए आरोपी द्वारा घूस मांगी गई थी। उस केसीसी ऋण खाते को एनपीए घोषित कर दिया गया था और कथित तौर पर बैंक ने उक्त खाते में 10,03,232 रुपये (लगभग) की बकाया राशि की गलत गणना की थी।

यह भी आरोप लगाया गया कि फील्ड ऑफिसर ने उस बकाया केसीसी ऋण राशि का निपटान करने के उद्देश्य से, शिकायतकर्ता के पिता के नाम पर दो नए केसीसी ऋण खाते खोले और पुराने केसीसी ऋण खाते में 8 लाख रुपये और 1.5 लाख रुपये हस्तांतरित किए। आरोपी फील्ड ऑफिसर ने समय सीमा बढ़ाने के लिए शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपये रिश्वत मांगी।

## सभी पोलिंग बूथों पर 9 व 10 को पढ़कर सुनाई जाएगी मतदाता सूची

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन अधिकारी सभी पोलिंग बूथों पर 9 व 10 मार्च को लोगों को मतदाता सूची पढ़कर सुनाएंगे। इस सिलसिले में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी निधि श्रीवास्तव की ओर से जारी निर्देश में जिला निर्वाचन अधिकारियों से निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। कैलेंडर के अनुसार, 9 व 10 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह दो बजे के बीच प्रत्येक बूथ (ग्राम पंचायत स्तर व वार्ड स्तर) पर मतदाताओं की जागरूकता के लिए किसी वरिष्ठ अधिकारी स्तर पर मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जाए, जिससे जिन अर्ह व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे अपना ससमय पंजीकरण करा लें।




गुरुवार को भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर लोकभवन स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजिल अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

## देश के महान सपूत थे गोविंद बल्लभ पंत

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर लोकभवन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजिल अर्पित की। मुख्यमंत्री ने उप्र. के प्रथम मुख्यमंत्री और देश के गृह मंत्री रहे गोविंद बल्लभ पंत को याद करते हुए कहा कि वह भारत माता के महान सपूत थे। साथ ही योगी ने उनकी स्मृतियों को भी नमन किया। मुख्यमंत्री ने यहां कहा कि भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा देश की आजादी के लिए समय- समय पर चलाए गए आंदोलनों में अग्रणी भूमिका निभायी। उन्होंने 24 जनवरी 1950 को उत्तर प्रदेश के पुनर्गठन पर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश की व्यवस्था को सुचारू रूप से आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, महापौर सुषमा खर्कवाल समेत अन्य मौजूद रहे।

# प्रदेश में नक्सली नेटवर्क खंगालने में जुटी एटीएस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे कृपाशंकर से एटीएस कर रही पूछताछ**
- **पूर्वांचल और बिहार से सटे उप्र के जिलों में नक्सली नेटवर्क पर टिकी है निगाह**

**अमृत विचार :** नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे कृपाशंकर सिंह और उसकी पत्नी बिन्दा सोना उर्फ मंजू उर्फ सुमन की प्रयागराज से गिरफ्तारी के बाद एटीएफ उप्र में नक्सली नेटवर्क खंगालने में जुट गई है। इस बाबत अदालत से सात दिन रिमांड पर लिए गए कृपाशंकर सिंह से पूछताछ कर नक्सलियों की जड़ तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

एटीएस सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में छत्तीसगढ़ के नक्सलियों के पूर्वांचल में पनाह लेने और सक्रिय होने के संदर्भ में भी पूछताछ कर रही है। दरअसल, कृपाशंकर सिंह कुशीनगर का मूल निवासी है, जबकि उसकी पत्नी छत्तीसगढ़ की रहने वाली है। ऐसे में छत्तीसगढ़ के नक्सलियों के यहां सक्रिय होने का अंदेशा हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर हुए नक्सली हमले के बाद उप्र में नक्सल प्रभावित जिलों- चंदौली, गाजीपुर, सोनभद्र और मिर्जापुर में अलर्ट जारी किया गया था, लेकिन उप्र के इंटेलिजेंस महकमें ने गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, बलिया, मऊ और आजमगढ़ में भी नक्सलियों को लेकर पुलिस को सतर्कता बरतने को कहा था।

2009 में ही देवरिया के 26 गांवो में और कुशीनगर के एक गाँव में नक्सली गतिविधियों की बाद सामने आयी थी। पूर्वांचल में नक्सली सक्रियता की पुष्टि 2010 में गोरखपुर में महिला नक्सली हिरामन की गिरफ्तारी से भी हुई थी। सूत्रों के मुताबकि एटीएस अपनी पूछताछ में इस बिन्दुओं को भी शामिल किया है।

# आश्रम पद्धति विद्यालयों में फार्मासिस्ट के 90 फीसदी पद खाली

## 103 पदों के सापेक्ष सिर्फ 14 तैनात हैं, विभाग ने 89 फार्मासिस्ट की नियुक्ति के लिए अध्याचन भेजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




- **विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य भगवान भरोसे**
- **नियमावली बनाकर शासन को भेजी, पत्रावली कार्मिक विभाग के पास**

**अमृत विचार :** आश्रम पद्धति विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की देखभाल भगवान भरोसे है। वजह, उनकी सेहत की प्राथमिक स्तर पर देखभाल की जिम्मेदारी उठाने वाले फार्मासिस्टों की संख्या न के बराबर है।

समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित इन विद्यालयों में फार्मासिस्टों के 90 प्रतिशत पद खाली हैं।

यूपी में समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इन्हें सर्वोदय विद्यालय के नाम से जाना जाता है। इसी तरह विभाग की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों के लिए आठ कोचिंग सेंटर संचालित हैं। समाज कल्याण विभाग ने इन संस्थानों में छात्र-छात्राओं को प्राथमिक स्वास्थ्य की सुविधा देने के लिए फार्मासिस्ट के 103 पद सृजित हैं। लेकिन, वर्तमान में इन सृजित पदों के सापेक्ष विभाग में महज 14 फार्मासिस्ट ही तैनात हैं।

> फार्मासिस्टों के पदोन्नति की नियमावली बनाकर शासन को भेज दी है। नियमावली की पत्रावली कार्मिक विभाग के पास है। जबकि 89 फार्मासिस्ट के पदों पर नियुक्त के लिए अध्याचन आयोग को भेजा गया है। प्रयास किया जाएगा कि जल्द नियुक्ति हो जाए।
>
> -**कुमार प्रशांत**, निदेशक समाज कल्याण

### पदोन्नति के लिए नहीं है कोई नियम

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग में तैनात फार्मासिस्टों की पदोन्नति का कोई नियम नहीं है। समाज कल्याण फार्मासिस्ट एसोसिएशन की ओर से सरकार और विभाग से सेवा नियमावली बनाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। सेवा नियमावली बनने से पदोन्नति के रास्ते खुलेंगे। उनके प्रमोशन के रास्ते खुलेंगे।

## वर्ग पहेली-3

**बाएं से दाएं**

2. 1. कटहल का वृक्ष 2. उक्त वृक्ष का फल 3. कांटा 4. एक प्रकार का सांप 5. विभीषण का एक मंत्री 6. राम की सेना का एक बंदर।

4. एक ही पेशे से जुड़ा हुआ, सहव्यवसायी।

6. 1. हुक्के में तंबाकू का धुआं खींचने के लिए लगी हुई नरकट की नलियां 2. बहुत ही दुबला-पतला व्यक्ति।

7. 1. प्रेमी, प्रेमासक्त 2. रूमानी।

8. 1. पानी के अंदर होने वाली एक प्रकार की घास 2. शैवाल।

10. 1. साफ़-सुथरा, व्यवस्थित 2. ठीक, अच्छा।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. शाकंभरी लवण, पांशु लवण 2. ज्योतिष सिद्धांत का एक भेद।

3. टेलीविज़न या रेडियो पर प्रसारण के लिए समाचार पढ़ने वाला व्यक्ति, उद्घोषक, (न्यूज़रीडर)।

5. 1. भव्य 2. उत्तम, बढ़िया 3. ऐश्वर्यवाला 4. तड़क-भड़कवाला 5. प्रशंसनीय।

7. 1. तालाब

9. कटी हुई फ़सल से अनाज के दानें अलग करने के लिए बैलों से रौंदवाना, दंवरी।



### वर्ग पहेली - 2 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 म | लि | क | | 2 उ | जा | डू |
| ठि | | | | ता | | |
| या | | 3 नि | | 4 व | रू | थ |
| | 5 दी | पा | व | ली | | |
| 6 आ | न | न | | | | 7 स |
| | दा | | | | 8 बै | ट |
| 9 सु | र | ब | हा | र | | ना |

## सुडोकू-82

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 9 | 5 | | |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| | 6 | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 3 | | | 5 | | 4 | | 7 |
| | 1 | | | | | | 9 | |
| 7 | | 8 | | 3 | | | 5 | |
| | 5 | 2 | 3 | | 8 | | | |
| 3 | | | | | 5 | | | 8 |
| | | 4 | 7 | | 6 | | | |

### सुडोकू - 81 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 7 | 8 | 3 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 8 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 1 |
| 9 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 | 3 | 8 | 7 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 9 | 7 | 5 | 3 | 8 |
| 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 |
| 6 | 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 4 | 2 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 3 | 8 | 1 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 21.57 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-श्रवण 10.41 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष:** आज व्यापारी वर्ग को अतिरिक्त मेहनत करनी होगी। सत्यनिष्ठा और धैर्यपूर्वक दिन बिताने की सलाह दी जाती है। बॉस के साथ मजबूत संबंध स्थापित होंगे। बकाया धन आज वापस मिल सकता है। घर का माहौल भी सामान्य ही रहेगा।

**वृष:** आज किसी सामाजिक संस्था से भी जुड़ सकते हैं। विद्यार्थी किसी नए कोर्स के प्रति आकर्षित रहेंगे। भविष्य को लेकर योजनायें बनायेंगे। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। तीर्थ यात्रा के विषय में कुछ योजना बना सकते हैं।

**मिथुन:** आज यदि बहुत आवश्यक न हो तो यात्राओं से आपको बचना चाहिए। घर के लोगों के साथ बहस हो सकती है। अपरिचित लोगों पर भरोसा न करें। विचारों की उधेड़बुन में दिन बीतेगा। भोग-विलास में धन का अपव्यय हो सकता है।

**कर्क:** आज जीवनसाथी के साथ काफी अच्छा समय बितायेंगे। कारोबार में अनुमान से अधिक अच्छी सफलता मिलेगी। व्यवस्थित और अनुशासित जीवनशैली का अनुसरण करेंगे। पूर्व में की गयी आपकी मेहनत आज रंग लायेगी। कार्यक्षेत्र में तरक्की मिलेगी।

**सिंह:** आज कार्यक्षेत्र में स्थिति थोड़ी चिंताजनक हो सकती है। खर्चों में बढ़ोत्तरी होगी। जल्दबाजी में काम बिगड़ सकते हैं प्रतिद्वन्दियों के साथ विवाद हो सकता है। नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं में राहत मिलेगी।

**कन्या:** आज आपके कार्यक्षेत्र में अचानक से आपकी स्थिति में बढ़ोत्तरी होगी। संतान को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। मनोरंजन में धन खर्च होगा। परिवार में किसी सदस्य को लेकर चिन्ता रहेगी। प्रेम-संबंधों में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

**तुला:** आज कार्यक्षेत्र में काफी संघर्ष करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र का शेड्यूल अचानक बदल सकता है। आपको भी अपने रूटीन में बदलाव करना पड़ेगा। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। काम में मन न लगने के बावजूद काम करना पड़ेगा।

**वृश्चिक:** आज नए क्रियेटिव आइडियाज से काम आसानी से पूरा कर लेंगे। यात्राओं का भरपूर आनंद उठायेंगे। आपके व्यक्तित्व में सन्तुलन रहेगा। लोग आपके उदार और विनम्र व्यवहार की काफी प्रशन्सा करेंगे। समस्त इच्छाओं की पूर्ति होगी।

**धनु:** आज मन में किसी विषय विशेष के गूढ़ ज्ञान के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न होगी। भोजन की शुद्धता का ध्यान रखना आज जरूरी होगा। लघु उद्योगों से जुड़े लोगों को आज अचानक लाभ प्राप्त हो सकता है। काम उचित समय पर पूरे नहीं होंगे।

**मकर:** आज प्रोजेक्ट्स की शुरुआत हो सकती है। व्यवसाय में साझेदारों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे। एक साथ अनेक कार्य करने की कोशिश न करें। दांपत्य जीवन में आपसी समझ और समर्पण बढ़ेगा। नई संपत्ति या घर लेने के विषय में विचार हो सकता है।

**कुंभ:** आज मन में नकारात्मक चिन्तन उत्पन्न होगा। घुटनों में तकलीफ बढ़ सकती है। विरोधी आपके विरुद्ध दुष्प्रचार कर सकते हैं। अपने संकल्प और विचारों को लेकर शंका उत्पन्न होगी। नींद में कमी के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है।

**मीन:** आज मित्रों से उत्साहवर्धक समाचार प्राप्त होंगे। नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। शेयर मार्केट और लॉटरी आदि से फायदा मिल सकता है। चुनौतियों का अच्छी तरह से सामना करेंगे। धर्म-कर्म में आप विशेष रुचि लेने वाले हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
गुलाब गैंग — सुबह : 12.00
एक और एक ग्यारह — शाम : 06.00

**Sony Pix**
वेनम — सुबह : 12.29
डोंट ब्रेथ — रात : 07.37

**Sony Max**
मैडम गीता रानी — सुबह : 11.20
हिचकी — शाम : 06.59

**Zee Cinema**
रश्मी रॉकेट (2021) — सुबह : 10.30
सीक्रेट सुपरस्टार — रात : 07.00

**Colors Cineplex**
कल हो न हो — सुबह : 09.29
जब वी मेट — शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर शाम 06.59 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गप्पू ने राह चलती एक लड़की को आंख मार दी...
लड़की बोली- ओए, ये क्या कर रहा है, मैं तुझे कोई ऐसी-वैसी लड़की दिख रही हूं?
गप्पू- आपकी बात बिल्कुल ठीक है मैडम, लेकिन चेक करना तो हमारा फर्ज बनता है न।

संजू और बंटी दोनों भाई एक ही क्लास में पढ़ते थे...
टीचर- तुम दोनों ने अपने पापा का नाम अलग-अलग क्यों लिखा?
संजू- मैडम फिर आप कहोगे नकल मारी है, इसलिए।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1120 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

## कानपुर मंडी

| | |
| --- | --- |
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5600-5800 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3900-4000 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14500-14700 |
| अरहरस्पेशल1 | 12000-12200 |
| चनादाल | 7150-7250 |
| मटरदाल | 5050-5150 |
| मसूरमलका | 6950-7050 |
| मसूरदाल | 7050-7150 |
| उड़ददाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900-4950 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# आर्थिक कानूनों में बदलाव करने की जरूरत

## अश्विनी वैष्णव ने नीति आयोग के कार्यक्रम में तीन नए आपराधिक कानूनों का किया जिक्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत को अपनी वृद्धि की जरूरतों को देखते हुए आर्थिक कानूनों में बदलाव करने की जरूरत है। उन्होंने औपनिवेशक दौर के कानूनों की जगह लेने के लिए बनाए गए तीन नए आपराधिक कानूनों का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को यह बात कही।

सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग के एक कार्यक्रम में वैष्णव ने कहा कि देश भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू होने के साथ आपराधिक न्यायशास्त्र में बदलाव का गवाह बनने जा रहा है। इन तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिली थी जिसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन्हें मंजूरी दी थी। ये तीनों कानून क्रमशः भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की जगह लेंगे। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव ने कहा-इन कानूनों की तरह हमारी मौजूदा आवश्यकताओं और वृद्धि की जरूरतों को देखते हुए आर्थिक कानूनों में भी बदलाव की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, ''अगर आप 2,000 अच्छे वकीलों की सेवाएं लेते हैं तो आप अगले पांच वर्षों में लगभग 35,000 कानूनों में सुधार कर सकते हैं। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में सरकार विनिर्माण क्षेत्र पर अधिक ध्यान देगी क्योंकि इस क्षेत्र में रोजगार सृजन की व्यापक क्षमता है।

### नीति आयोग के डिजिटल बुनियादी ढांचा मंच की वैष्णव ने शुरुआत की



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग के मंच नीति फॉर स्टेट्स'की शुरुआत की जो नीति और शासन के लिए एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा है। संचार, रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री वैष्णव ने नीति आयोग की इमारत में 'विकसित भारत रणनीति कक्ष' का भी उद्घाटन किया। यह कक्ष प्रभावी निर्णय लेने में सक्षम बनाने के लिए अंतर्दृष्टि, सूचना साझा करने का काम करेगा।

### आने वाले समय में भारत का मोबाइल फोन निर्यात पांच गुना हो जाएगा

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत से मोबाइल फोन निर्यात आने वाले समय में पांच गुना से अधिक बढ़कर 50-60 अरब डॉलर हो जाएगा। वैष्णव ने बुधवार को एक वित्त-प्रौद्योगिकी कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि देश में बने मोबाइल फोन का निर्यात तेजी से बढ़ रहा है और आने वाले समय में यह 50-60 अरब डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। पिछले साल लगभग 11 अरब डॉलर का मोबाइल निर्यात हुआ था। इसके साथ ही वैष्णव ने कहा कि आने वाले दिनों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार भी 10 लाख के मौजूदा स्तर से बढ़कर 25 लाख हो जाएगा।

## संसेक्स 33 अंक चढ़कर नए शिखर पर, निफ्टी का भी रिकॉर्ड

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी...नए शिखर पर पहुंच गए। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह के बीच धातु और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार नई ऊंचाई पर रहा। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 33.40 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर 74,119.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 159.18 अंक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 19.50 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,493.55 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

## आरबीआई, बैंक इंडोनेशिया ने स्थानीय मुद्रा के इस्तेमाल के लिए किया समझौता

**मुंबई, एजेंसी**





भारतीय रिजर्व बैंक और बैंक इंडोनेशिया (बीआई) ने बृहस्पतिवार को द्विपक्षीय व्यापार में स्थानीय मुद्रा के इस्तेमाल को बढ़ावा देने को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

आरबीआई ने बयान में कहा कि सीमापार लेनदेन के लिए भारतीय रुपये और इंडोनेशियाई रुपैया (आईडीआर) के उपयोग को बढ़ावा देने को लेकर व्यवस्था बनाने के लिए यहां समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। यह व्यवस्था निर्यातकों और आयातकों को संबंधित घरेलू मुद्राओं में बिल और भुगतान करने की सुविधा देगी। इससे रुपया और इंडोनेशियाई मुद्रा के विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार के विकास में मदद मिलेगी।

आरबीआई ने कहा-स्थानीय मुद्राओं के उपयोग से लेनदेन की लागत और निपटान समय कम होगा। एमओयू पर आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और बैंक इंडोनेशिया के गवर्नर पेरी वारजियो ने हस्ताक्षर किये। आरबीआई ने कहा-समझौता ज्ञापन का उद्देश्य द्विपक्षीय रूप से रुपया और आईडीआर के उपयोग को बढ़ावा देना है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि यह सहयोग आरबीआई और बीआई के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
| --- | --- |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 66,950 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,8000-50,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,600 |
| चांदी पक्की | 728 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,750 |
| चांदी आभूषण | 73,000। |

## वाहनों की खुदरा बिक्री में 13 प्रतिशत की हुई बढ़ोत्तरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- वाहन वितरकों के संगठन फाडा ने फरवरी के जारी किए आंकड़े

फरवरी में यात्री और दोपहिया वाहनों समेत सभी खंडों में तगड़ी खरीदारी आने से देश में वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़ गई। वाहन वितरकों के संगठन फाडा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पिछले महीने कुल 20,29,541 वाहनों की खुदरा बिक्री हुई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 17,94,866 इकाई थी। यात्री वाहन खंड में पिछले महीने बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 3,30,107 इकाई हो गई, जो फरवरी, 2023 में 2,93,803 इकाई थी। 'फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन' (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने एक बयान में कहा, "फरवरी के महीने में यात्री वाहनों की अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की गई। नए उत्पादों की रणनीतिक पेशकश और वाहनों की उपलब्धता बढ़ने की इसमें अहम भूमिका रही।" पिछले महीने दोपहिया वाहनों की बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 14,39,523 इकाई रही, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 12,71,073 इकाई थी।

## अमित शाह आज जारी करेंगे राष्ट्रीय सहकारिता डाटाबेस

**नई दिल्ली।** सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को सहकारिता केंद्रित आर्थिक मॉडल के विकास के लिए राष्ट्रीय सहकारिता 'डाटाबेस' जारी करेंगे। आधिकारिक बयान के अनुसार, शाह राष्ट्रीय सहकारिता डाटाबेस, 2023 पर एक रिपोर्ट भी जारी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण 'सहकार से समृद्धि' को पूरा करने के लिए यह सहकारिता मंत्रालय का एक और महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल के तहत, मंत्रालय ने देश के विशाल सहकारी क्षेत्र के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी हासिल करने के लिए एक मजबूत डाटाबेस की जरूरत को पहचाना है।

## मूडीज ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- 2023-24 के लिए करीब आठ प्रतिशत कर दिया





मूडीज रेटिंग्स ने पूंजीगत व्यय और घरेलू खपत में तेजी को देखते हुए वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर का अनुमान 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर करीब आठ प्रतिशत कर दिया। यह अनुमान आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के बयान के एक दिन बाद आया है।

बयान में उन्होंने कहा था कि तीसरी तिमाही के आधिकारिक जीडीपी आंकड़ों को देखते हुए चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि आठ प्रतिशत के करीब हो सकती है। मूडीज का ताजा अनुमान नवंबर 2023 में जताए गए 6.6 प्रतिशत के अनुमान से 1.40 प्रतिशत अधिक है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया है। इसने पहली और दूसरी तिमाही के लिए जीडीपी अनुमान को भी संशोधित कर क्रमशः 8.2 प्रतिशत और 8.1 प्रतिशत कर दिया है। जबकि पहले इसके 7.8 प्रतिशत और 7.6 प्रतिशत रहने की बात कही गयी थी।

मूडीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था होगा। इसकी वास्तविक जीडीपी वृद्धि मार्च, 2024 में समाप्त हो रहे वित्त वर्ष में आठ प्रतिशत के आसपास रहेगी जो वित्त वर्ष 2022-23 में सात प्रतिशत थी। रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी पूंजीगत व्यय के साथ मजबूत घरेलू खपत भारत की आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करेगी।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### बहस के बाद महिला यात्री को दिल्ली हवाई अड्डे पर उतारा गया

**नई दिल्ली।** लंदन जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान के 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही एक महिला की चालक दल के सदस्यों के साथ बहस हो गई, जिसके बाद उसे दिल्ली हवाई अड्डे पर उतार दिया गया। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक यह घटना पांच मार्च की है, जो उड़ान संख्या एआई 161 में हुई। उन्होंने बताया कि इस उड़ान की 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही महिला वरिष्ठ कॉर्पोरेट कार्यकारी है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही महिला की चालक दल के सदस्यों के साथ बहस हो गई थी। उन्होंने बताया कि इसकेबाद कैप्टन की सलाह पर उड़ान के रवाना होने से पहले महिला को विमान से उतार दिया गया।

### सत्ती किशोर बने सीबीसी के संयुक्त महानिदेशक

**नई दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने आकाशवाणी में तैनात भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी सत्ती किशोर को केंद्रीय संचार ब्यूरो में संयुक्त महानिदेशक के पद पर स्थानांतरित किया है। सत्ती आकाशवाणी से पहले डीएवीपी में थे, जिसका नाम बदलकर अब केंद्रीय संचार ब्यूरो कर दिया गया है। उन्होंने गुरुवार को सूचना भवन स्थित सीबीसी में अपना पद भार ग्रहण कर लिया है।

# पीड़ित महिलाएं कोर्ट के समक्ष देंगी बयान

## कलकत्ता उच्च न्यायालय ने संदेशखालि की कथित पीड़िताओं को दे दी अनुमति

**कोलकाता, एजेंसी**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को याचिकाकर्ता को आवेदन/हलफनामा के जरिये संदेशखालि की महिलाओं को अपनी शिकायतें अदालत के संज्ञान में लाने की अनुमति दे दी।

संदेशखालि में महिलाओं के साथ अत्याचार और जमीन कब्जाने के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही खंडपीठ के समक्ष याचिकाकर्ता प्रियंका टिबरेवाल ने कहा कि इलाके की 80 महिलाएं सुनवाई में शामिल होना चाहती हैं और अपना-अपना अनुभव साझा करना चाहती हैं। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली पीठ ने माना कि सभी 80 महिलाओं को अदालत में लाना मुश्किल होगा। इसके साथ ही टिबरेवाल को एक आवेदन/पूरक हलफनामा दायर करने की अनुमति दी, जिसके जरिये कथित पीड़िताएं अपनी आपबीती अदालत के रिकॉर्ड पर ला सकती हैं। इस पीठ में न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य भी शामिल हैं। अदालत ने निर्देश दिया कि पीड़ितों के बयान को उचित तरीके से सत्यापित किया जाना चाहिए और उनकी पहचान भी स्थापित होनी चाहिए। पीठ ने निर्देश दिया कि कथित पीड़ितों का बयान स्थानीय भाषा में होगा इसलिए याचिकाकर्ता को उसका अनुवादित प्रति अदालत के समक्ष रखना चाहिए। एक अन्य याचिकाकर्ता ने अदालत से जांच सीबीआई को स्थानांतरित करने की मांग की।

### संदेशखालि जा रही भाजपा की महिला नेताओं को बाहरी इलाके में रोका गया

पश्चिम बंगाल पुलिस ने भाजपा की प्रदेश इकाई की महासचिव अग्निमित्रा पॉल और लॉकेट चटर्जी के नेतृत्व में बृहस्पतिवार दोपहर संदेशखालि जा रहीं पार्टी की महिला नेताओं को कोलकाता के बाहरी इलाके 'न्यू टाउन' में ही रोक लिया। इस दौरान पुलिस के साथ उनकी तीखी नोकझोंक भी हुई और महिला नेताओं ने उसी जगह धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया, जहां उन्हें रोका गया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। नेताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें इस आधार अशांत संदेशखालि की ओर से बढ़ने से रोक दिया गया कि वहां (संदेशखालि) के कई हिस्सों में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा लागू है।

### भाजपा संदेशखालि को लेकर गलत सूचना फैला रही : ममता बनर्जी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संदेशखालि की घटना को लेकर गलत सूचना फैला रही है। उन्होंने साथ ही दावा किया कि पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए देश में सबसे सुरक्षित राज्य है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल सरकार को महिला सुरक्षा पर 'भाषण' देने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा।





पुरी : रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने पुरी में महाशिवरात्रि उत्सव से पहले भगवान शिव की सुंदर मूर्ति बनाई। • एजेंसी

## संसद की सुरक्षा में चूक का मामला : पुलिस ने जांच पूरी करने के लिए और समय मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में अपनी जांच पूरी करने के लिए एक अदालत का रुख कर और समय देने का अनुरोध करते हुए कहा कि कुछ रिपोर्टों का इंतजार किया जा रहा है और डिजिटल डेटा विशाल मात्रा में है। दिल्ली पुलिस ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर से मामले की जांच पूरी करने के लिए और तीन महीने का समय देने का अनुरोध किया। न्यायाधीश ने अर्जी पर जेल में बंद आरोपियों नीलम आजाद, मनोरंजन डी, सागर शर्मा, ललित झा, अमोल शिंदे और महेश कुमावत को नोटिस जारी कर 11 मार्च तक जवाब मांगा है।

## हमारी सरकार बनने पर 30 लाख नौकरियां देंगे : राहुल

**जयपुर, एजेंसी**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले युवाओं एवं किसा नों के लिए दो बड़ी घोषणाएं करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर 30 लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी तथा फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी दी जाएगी।

वह अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत बांसवाड़ा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र में सरकार बनने पर कांग्रेस युवाओं के लिए पांच ऐतिहासिक काम करने जा रही है जिनमें भर्ती भरोसा, पहली नौकरी पक्की, पेपर लीक से मुक्ति, 'गिग इकॉनमी' में सामाजिक सुरक्षा और युवा रोशनी शामिल हैं। युवाओं को तीस लाख नौकरियां देने की घोषणा करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के युवाओं के लिए कांग्रेस पार्टी सबसे ज्यादा परेशान है।

## अयोग्यता मामले में महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय से मूल रिकॉर्ड तलब

**नआ दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के कार्यालय से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित विधायकों को अयोग्य ठहराने के अनुरोध संबंधी उद्धव ठाकरे समूह की याचिका से जुड़े मूल रिकॉर्ड बृहस्पतिवार को मंगवाने का निर्देश दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने 10 जनवरी को एक आदेश में जून, 2022 में विभाजन के बाद शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट को मूल राजनीतिक दल घोषित किया था। उन्होंने शिंदे सहित सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने के अनुरोध संबंधी ठाकरे गुट की याचिका को भी खारिज कर दिया था।

# कांग्रेस की बैठक में 60 सीटों पर चर्चा

**नई दिल्ली, ब्यूरो।**

- दिल्ली से जयप्रकाश अग्रवाल लवली एवं सुरेंद्र कुमार के नाम पर बनी सहमति
- राजधानी की 7 सीटों में चार सीटें आम आदमी पार्टी एवं तीन सीटें कांग्रेस को मिली हैं

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार तय करने के लिए कांग्रेस मुख्यालय में गुरुवार को स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई जिसमें दिल्ली सहित कुल 60 सीटों पर चर्चा की गई। उत्तर पूर्वी दिल्ली से अरविंदर सिंह लवली, चांदनी चौक से जेपी अग्रवाल एवं उत्तर पश्चिम दिल्ली से सुरेंद्र कुमार के नाम पर सहमति बन चुकी है। छत्तीसगढ़ राज्य की सीटों पर भी लगभग अंतिम फैसला हो चुका है। इसके अलावा दक्षिण भारत के राज्यों की सीटों पर ज्यादा विचार विमर्श चल रहा है।

इंडिया गठबंधन के तहत दिल्ली की 7 सीटों में चार सीटें आम आदमी पार्टी एवं तीन सीटें कांग्रेस को मिली हैं। जिसमें चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से पूर्व विधायक अलका लंबा एवं पूर्व सांसद जेपी अग्रवाल की प्रबल दावेदारी थी लेकिन स्क्रीनिंग कमेटी में जेपी अग्रवाल के नाम को ज्यादा वजन दिया गया है। इसी तरह उत्तर पश्चिम दिल्ली (सुरक्षित) सीट से पूर्व सांसद उदित राज एवं बवाना के पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार सहित छह दावेदारों पर चर्चा की गई। इस सीट पर कांग्रेस ने एक सर्वे भी करवाया था जिसके तहत सुरेंद्र कुमार को 44 प्रतिशत लोगों ने पसंद किया है जबकि पांच दावेदारों को 56 प्रतिशत लोगों ने पसंद किया था। इसी आधार पर स्क्रीनिंग कमेटी ने सुरेंद्र कुमार का नाम तय किया है।

उत्तर पूर्वी दिल्ली से पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र एवं पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह लवली एवं रागिनी नायक के नाम पर विचार किया गया। अंत में लवली के नाम को अंतिम रूप दिया गया है। कांग्रेस मुख्यालय में उत्तर प्रदेश की सीटों को लेकर भी अनौपचारिक चर्चा होती रही। अभी कोई नाम तय नहीं किया गया है।

## अभिजीत गंगोपाध्याय इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने मंगलवार को न्यायाधीश के पद से इस्तीफा देने के बाद वादा किया था कि वह उन लोगों की सेवा करने के लिए जीवन के एक बड़े क्षेत्र राजनीति में प्रवेश करने जा रहे हैं, जो न्याय प्राप्त करने के लिए अदालत तक नहीं पहुंच पाते हैं। पूर्व न्यायाधीश ने कहा कि मैं एक राष्ट्रीय पार्टी में शामिल होकर बहुत खुशी महसूस कर रहा हूं। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पार्टी में उनका स्वागत किया है।

# चुनावी बॉन्ड मामले में एसबीआई के खिलाफ याचिका दायर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक का समय मांगने के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आवेदन को चुनौती देते हुए दो एनजीओ (गैर सरकारी संगठन) ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की। याचिकाओं में आरोप लगाया गया कि जानबूझकर और मंशा के साथ शीर्ष अदालत के छह मार्च तक चुनावी बॉण्ड के जरिए राजनीतिक दलों को मिले चंदे की विस्तृत जानकारी निर्वाचन आयोग को मुहैया कराने के निर्देशों की अवज्ञा की गई।

### अवमानना याचिका

- दो एनजीओ ने निर्देशों की अवज्ञा का लगाया आरोप

दो एनजीओ द्वारा दायर याचिका में दावा किया कि एसबीआई ने जानबूझकर आखिरी क्षण में अर्जी दाखिल कर दलों द्वारा चुनावी बॉण्ड भुनाने की जानकारी देने के लिए 30 जून तक का समय मांगा ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि दानकर्ताओं और उनकी ओर से दान दी गई राशि की जानकारी आगामी लोकसभा चुनाव से पहले सार्वजनिक नहीं हो। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की ओर से अदालत में पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण की अवमानना कार्यवाही शुरू करने संबंधी दलीलों पर संज्ञान लिया। भूषण ने कहा कि एसबीआई की याचिका 11 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध होने की संभावना है और अवमानना याचिका पर भी साथ में सुनवाई होनी चाहिए।

### 82.42% अज्ञात आय का संबंध चुनावी बॉण्ड सेः एडीआर

राष्ट्रीय दलों की 2022-23 के दौरान अज्ञात स्रोत से हुई आय में से 82 प्रतिशत का संबंध चुनावी बॉण्ड से है। यह खुलासा चुनाव अधिकार निकाय ने किया है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय दलों द्वारा निर्वाचन आयोग में जमा ऑडिट रिपोर्ट और दान संबंधी जानकारी का विश्लेषण करने पर खुलासा हुआ कि बड़े पैमाने पर उनका स्रोत अज्ञात रहा। एडीआर ने कहा कि वित्तवर्ष 2022-23 के लिए दाखिल वित्तीय रिपोर्ट का विश्लेषण करने पर खुलासा हुआ कि अज्ञात स्रोत से हुई कुल 1,832.88 करोड़ रुपये की आय में से 1510 करोड़ रुपये चुनावी बॉण्ड से प्राप्त हुए, जो कुल अज्ञात स्रोत से प्राप्त राशि का 82.42 प्रतिशत है। इस अध्ययन के लिए छह दलों की आय पर विचार किया गया जिनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा), आम आदमी पार्टी (आप) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीईपी) शामिल है। एडीआर के मुताबिक भाजपा ने सबसे अधिक अज्ञात स्रोत से आय की जानकारी दी।

# गंभीर बीमारियों को एनएचपी में दें मान्यता

- जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से किया जवाब तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएचपी) के तहत 'पैलिएटिव केयर' (गंभीर बीमारियों का उपचार) मुहैया कराने का प्राधिकारियों को निर्देश देने संबंधी जनहित याचिका पर गुरुवार को केंद्र से जवाब तलब किया।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से न्यायालय में पेश हुई वरिष्ठ अधिवक्ता जयना कोठारी की इन दलीलों पर गौर किया कि 'पैलिएटिव केयर' को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए और इसे मान्यता दी जाए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, 'आप इस बात पर परमादेश (एक रिट) चाहते हैं कि पैलिएटिव केयर अनुच्छेद 21 के अंतर्गत आती है।

मुझे नहीं लगता कि आपको यह अनुरोध करने की आवश्यकता है। पैलिएटिव केयर का अधिकार स्वास्थ्य और जीवन के अधिकार का हिस्सा है। अनुच्छेद 21 मानव अस्तित्व के सभी पहलुओं को शामिल करता है। पीठ ने याचिका को उचित बताते हुए केंद्र से आठ सप्ताह में जवाब देने को कहा। उसने केंद्र से देश में पैलिएटिव केयर पर मौजूदा नीति की जानकारी देते हुए एक व्यापक जवाब दाखिल करने को कहा। कोठारी ने कहा कि इस समय देश में एक से दो प्रतिशत रोगियों को पैलिएटिव केयर मिलती है। जनहित याचिका में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाया गया है। गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए विशेष चिकित्सा देखभाल को पैलिएटिव केयर कहते हैं।

### जर्मनी के जजों ने सुप्रीम कोर्ट में देखी कार्यवाही



जर्मनी के संघीय संवैधानिक न्यायालय के छह न्यायाधीशों ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के साथ पीठ साझा की। सीजेआई ने दोपहर में कार्यवाही की शुरुआत में कहा कि हम जर्मनी के संघीय संवैधानिक न्यायालय के न्यायाधीशों का स्वागत करते हैं। गौरतलब है कि आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली आए जर्मन न्यायाधीशों ने पीठ साझा की और न्यायिक कार्यवाही देखी।

## प्रधानमंत्री मोदी की बधाई पर शहबाज ने जताया आभार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पुनः निर्वाचित होने पर बधाई के लिए गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया।

धांधली के आरोपों के बीच चुनाव के करीब एक महीने बाद उन्होंने आर्थिक संकट से जूझ रहे देश की बागडोर दूसरी बार संभाली है। शहबाज ने एक्स पर पोस्ट में कहा, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने पर बधाई देने के लिए नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद। मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने शहबाज को पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर शहबाज शरीफ को बधाई।

# कैश ट्रांजेक्शन के नियम जानें नहीं तो मिलेगा आयकर नोटिस




अक्सर लोग टैक्स बचाने के लिए नकद में लेनदेन करते हैं। उन्हें लगता है कि आयकर विभाग को पता नहीं चलेगा लेकिन ऐसा नहीं है। बड़े कैश ट्रांजेक्शन हमेशा आयकर विभाग की नजरों में रहते हैं। किसी भी गलत लेनदेन पर इनकम टैक्स का नोटिस आ सकता है। आईए जानते हैं इसके के नियमों के बारे में...

### फिक्स्ड डिपॉजिट

जिस तरह बैंक खाते में एक वित्त वर्ष में 10 लाख रुपये से ज्यादा पैसे जमा करने पर सवाल उठता है, वैसा ही एफडी के साथ भी होता है। अगर आप एक या एक से अधिक एफडी में एक वित्त वर्ष में 10 लाख रुपये से अधिक जमा करेंगे तो कोई शक होने पर आयकर विभाग आपसे पैसों के स्रोत को लेकर सवाल पूछ सकता है।

### बड़ी प्रॉपर्टी ट्रांजेक्शन

अगर आपने कोई प्रॉपर्टी खरीदते वक्त 30 लाख रुपये या उससे ज्यादा का कैश ट्रांजेक्शन कर दिया है तो प्रॉपर्टी रजिस्ट्रार इस बारे में आयकर विभाग को सूचना जरूर देगा. ऐसे में इतने बड़े ट्रांजेक्शन की वजह से आयकर विभाग पूछ सकता है कि आप पैसे कहां से लाए।

### क्रेडिट कार्ड बिल का भुगतान

अगर आपके क्रेडिट कार्ड का बिल 1 लाख रुपये या उससे अधिक हो जाता है और आप कैश में उसका भुगतान करते हैं तो भी आपसे पूछा जा सकता है कि पैसों का स्रोत क्या है। वहीं अगर किसी वित्त वर्ष में आप 10 लाख रुपये या उससे अधिक का भुगतान किसी भी तरीके से करते हैं तो आपसे आयकर विभाग सवाल कर सकता है कि आप पैसे कहां से लाए।

### बैंक खाते में कैश जमा करना

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के नियम के अनुसार अगर एक वित्त वर्ष में कोई 10 लाख रुपये या उससे ज्यादा कैश जमा करता है तो इसकी सूचना आयकर विभाग को दी जाती है। यह पैसे एक या एक से अधिक खातों में जमा किए गए हो सकते हैं. अब क्योंकि आप तय सीमा से अधिक पैसे जमा कर रहे हैं तो आयकर विभाग आपसे इन पैसों के स्रोत के बारे में पूछ सकता है।

### शेयर, डिबेंचर या बॉन्ड खरीदना



अगर शेयर, म्यूचुअल फंड, डिबेंचर या बॉन्ड खरीदने में बड़ी मात्रा में कैश का इस्तेमाल होगा, तो इससे भी आयकर विभाग सचेत हो जाता है। अगर कोई शख्स 10 लाख रुपये या उससे अधिक का ट्रांजेक्शन करता है तो इसकी जानकारी आयकर विभाग तक पहुंच जाती है। ऐसे में आयकर विभाग आपसे पूछ सकता है कि आप कैश कहां से लाए।

## एक नजर

### मिजोरम: 9.6 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त, एक गिरफ्तार

**आइजोल।** असम राइफल्स के जवानों ने मिजोरम के चंपई जिले में 9.6 करोड़ रुपये की 1.3 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है, जबकि म्यांमार के एक नागरिक को गिरफ्तार किया। अर्द्धसैन्य बल के अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बल के जवानों ने मंगलवार को मिजोरम-म्यांमा सीमा के पास स्थित जिले के जोखावथर गांव में तलाशी अभियान चलाया और तस्कर के कब्जे से मादक पदार्थ जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया। असम राइफल्स के अधिकारी ने कहा कि उन्होंने साबुन की पेटियों से मादक पदार्थ बरामद किया और म्यांमा के 35 वर्षीय नागरिक को गिरफ्तार कर लिया।



### नेपाल: महाशिवरात्रि से पहले साधु-संतों ने निकाली शिव बारात

**काठमांडू।** देवों के देव महादेव शिव शंकर के विवाह को लेकर मनाया जाने वाला पर्व महाशिवरात्रि आज मनाई जाएगी। इससे एक दिन पहले गुरुवार को नेपाल के काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में साधु-संतों ने शिव बारात निकाली। बता दें कि महाशिवरात्रि में श्रद्धालु उपवास, अनुष्ठान और प्रार्थना करके भगवान शिव को फल, फूल और दूध चढ़ाते हैं।

### मेक्सिको में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त तीन सैनिकों की मौत, तीन घायल

**मेक्सिको सिटी।** मैक्सिको की खाड़ी में नौसेना के एएस565 पैंथर हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन सैनिकों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए जबकि दो अन्य लापता हैं। नौसेना ने गुरुवार को एक कहा, दुर्घटना में नौसेना के आठ सैनिक सवार थे, जबकि, तीन की मौत हो गई और तीन को बचा लिया गया है। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीन लापता हैं। खोज अभियान जारी है। दुर्घटना के पीछे के कारणों की जांच जारी है।

### पोलैंड: किसानों ने यूक्रेन से अनाज आयात के खिलाफ किया हाईवे जाम

**वारसों।** पोलैंड में बुधवार को किसानों का प्रदर्शन उग्र हो गया। युक्रेन से अनाज आयात और यूरोपीय संघ की नीतियों के खिलाफ किसानों के समर्थन में छात्र और आम लोग भी उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने राजधानी बारसों में प्रधानमंत्री आवास की घेराबंदी कर दी है। किसानों के ट्रैक्टरों के साथ पहुंचने से वारसों की ओर जाने वाला हाइवे जाम हो गया। इस बीच, कई जगह पुलिस और प्रदर्शनकारी किसानों के बीच झड़पें हुई हैं। उग्र प्रदर्शनकारियों ने यूरोपीय संघ का झंडा भी जला दिया।

# सीमा पर समझौतों का उल्लंघन कर रहा चीन, जयशंकर की खरी-खरी

## जापान में विदेश मंत्री बोले- हिंद प्रशांत में शक्ति परिवर्तन से भविष्य में गंभीर असर होगा

टोक्यो, एजेंसी

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर चीन पर निशाना साधा है और सीमा पर तनाव के लिए चीन को जिम्मेदार ठहराया है। जयशंकर ने कहा कि चीन लिखित समझौते का उल्लंघन कर रहा है, जिसकी वजह से ही दोनों देशों के सैनिकों में 2020 में हिंसक झड़प हुई। विदेश मंत्री एस जयशंकर जापान की राजधानी टोक्यो में रायसीना राउंड टेबल बैठक में शामिल हुए। इस दौरान वैश्विक ऑर्डर में आ रहे बदलाव पर उन्होंने कहा कि हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में शक्ति परिवर्तन हो रहा है और जब क्षमताओं, प्रभाव और महत्वकांक्षाओं में बड़ा बदलाव होता है तो इसका रणनीतिक स्तर पर गंभीर असर होता है।

जयशंकर ने अपने चिर-परिचित अंदाज में कहा कि 'अब आप इसे पसंद करें या नहीं, लेकिन यही सच्चाई है और आपको इससे डील करना पड़ेगा। चीजें बदल रही हैं और सभी को कोशिश करनी चाहिए कि चीजों को जितना हो सकते स्थायी रखा जाए। हालांकि बीते एक दशक में ऐसा नहीं हुआ है। उदाहरण के लिए चीन के साथ हमारी 1975 से 2020 तक, करीब 45 वर्षों तक कोई हिंसक झड़प नहीं हुई, लेकिन 2020 में ये बदल गया।' विदेश मंत्री ने कहा कि 'हम कई चीजों पर असहमत हो सकते हैं, लेकिन देशों को अपने पड़ोसी देशों के साथ लिखित समझौतों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए और आपने किया, जिससे दोनों देशों के रिश्तों और स्थायित्व और सच पूछिए तो आपकी नीयत पर सवालिया निशान लगता है।

### मेक इन इंडिया के माध्यम से नवीनीकरण को बढ़ावा मिला



टोक्यो में गुरुवार को अपने जापानी समकक्ष को भारतीय निर्मित उपहार भेंट करते जयशंकर।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने टोक्यो में ओआरएफ द्वारा रायसीना राउंडटेबल सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नए भारत के साथ लोगों की मानसिकता में भी बदलाव आ रहा है। सम्मेलन के दौरान एक रिकॉर्ड किए गए वीडियो के माध्यम से जयशंकर ने संदेश दिया। उन्होंने कहा, जी20 की अध्यक्षता के दौरान हमने संरचनात्मक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने आगे कहा, ग्लोबल साउथ काफी हद तक उत्पादक से उपभोक्ता बनकर रह गया है। इस स्थिति में भारत की प्रतिक्रिया आत्मनिर्भर भारत बनने की ओर है। जयशंकर ने आगे बताया कि इसके लिए मेक-इन-इंडिया पहल है, जो न केवल हमारी अपनी, बल्कि दूसरों की जरूरतों पर भी ध्यान केंद्रित करती है। इससे भारत में व्यापार करना भी आसान होगा। नए भारत ने अपना 5-जी स्टैक बनाया। कोविड वैक्सिन की खोज खुद की और चांद के दक्षिणी ध्रुव पर भी उतरने में सफल रहा। केंद्रीय विदेश मंत्री ने कहा, सरकार मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, अटल टिंकरिंग लैब्स जैसी कई राष्ट्रीय पहलों के माध्यम से नवीनीकरण को बढ़ावा दे रही है।

## महाशिवरात्रि मनाने भारत से पाकिस्तान पहुंचे 62 हिंदू भक्त

**लाहौर।** पाकिस्तान में महाशिवरात्रि समारोह में भाग लेने के लिए 62 हिंदू बुधवार को वाघा सीमा के रास्ते भारत से लाहौर पहुंचे है। इवेक्यू ट्रस्ट प्रापर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने कहा कि महाशिवरात्रि समारोह में भाग लेने के लिए कुल 62 हिंदू तीर्थयात्री बुधवार को भारत से लाहौर पहुंचे।

आमिर हाशमी ने कहा कि ईटीपीबी द्वारा आयोजित महाशिवरात्रि का मुख्य समारोह नौ मार्च को लाहौर से लगभग 300 किलोमीटर दूर चकवाल में ऐतिहासिक कटास राज मंदिर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि वाघा में धार्मिक स्थलों के अतिरिक्त सचिव राणा शाहिद सलीम ने विश्वनाथ बजाज के नेतृत्व में आए हिंदुओं का स्वागत किया। तीर्थयात्री 10 मार्च को लाहौर लौटेंगे और 11 मार्च को वे कृष्ण मंदिर, लाहौर किला और लाहौर के अन्य ऐतिहासिक स्थानों का दौरा करेंगे। वे 12 मार्च को भारत लौटेंगे। बता दें कि पाकिस्तान के श्री कटासराज मंदिर की तीर्थयात्रा के लिए रवाना होने से पहले भक्तों ने बुधवार को अमृतसर में दुर्गियाना मंदिर में दर्शन किए।

# भारत-पाकिस्तान में हों सार्थक-शांतिपूर्ण संबंध

- अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता बोले-दोनों देशों के बीच बातचीत का स्वागत करेगा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने कश्मीर को लेकर पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। संयुक्त राज्य अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा है कि वाशिंगटन कश्मीर पर भारत और पाकिस्तान के बीच "उत्पादक और शांतिपूर्ण वार्ता का स्वागत करेगा, लेकिन किसी भी तरह की बातचीत की रफ्तार क्या होगी, उसकी गुंजाइश क्या होगी और बातचीत का आधार क्या होगा, ये भारत और पाकिस्तान के बीच तय करने का मामला है।

विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को उनके दूसरे कार्यकाल के लिए पद की शपथ लेने पर बधाई देने पर एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। यानि, अमेरिका ने साफ शब्दों में कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच आने से इनकार कर दिया है, जो पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा झटका है, क्योंकि वो लगातार इस कोशिश में लगा था, कि अमेरिका, कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाए, जबकि भारत किसी भी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को नकारता है। मिलर ने कहा, हम, निश्चित रूप से, प्रधानमंत्री के बयान का स्वागत करते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है और हम उनके बीच उत्पादक और शांतिपूर्ण संबंध देखना चाहते हैं।

### दोनों देश बातचीत का दायरा मिलकर करें तय

अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हम भारत और पाकिस्तान के बीच सार्थक और शांतिपूर्ण बातचीत का स्वागत करेंगे, लेकिन किसी भी बातचीत की गति, दायरा और चरित्र भारत और पाकिस्तान को तय करना है। बता दें, शरीफ ने पदभार संभाला, पाकिस्तान के विशेषज्ञों ने कहा कि जटिल कश्मीर मुद्दे पर उनके बड़े मतभेदों के कारण उन्हें निकट भविष्य में पाकिस्तान और भारत के बीच संबंधों में तत्काल सुधार नहीं दिख रहा है।

## अदन की खाड़ी: पोत पर हमला, भारतीय नौसेना ने की मदद

**नई दिल्ली।** अदन की खाड़ी में मिसाइल हमले का शिकार बने बारबाडोस का ध्वज लगे एक मालवाहक जहाज के 21 चालक दल सदस्यों को भारतीय युद्धपोत आईएनएस कोलकाता ने बचा लिया है। चालक दल के इन सदस्यों में एक भारतीय भी है।

नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने गुरुवार को बताया कि बारबाडोस का ध्वज लगे मालवाहक जहाज एमवी ट्रू कॉन्फिडेंस पर बुधवार को अदन के दक्षिण पश्चिम में लगभग 55 समुद्री मील की दूरी पर कथित रूप से ड्रोन या मिसाइल से हमला किया गया था। इससे जहाज पर आग लग गई थी और चालक दल के कुछ सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# युद्धग्रस्त अफगान में आतंक से निपटने की जरूरत: रूचिरा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी




- बोलीं- वैश्विक समुदाय का अफगानिस्तान को लेकर जो उद्देश्य, वही भारत का भी

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा है कि वैश्विक समुदाय का अफगानिस्तान को लेकर जो समग्र उद्देश्य है, भारत की भी वही प्राथमिकताएं हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बुधवार को अफगानिस्तान के मुद्दे पर बैठक हुई, जिसमें भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि 'युद्धग्रस्त अफगानिस्तान में आतंकवाद से निपटने की जरूरत है क्योंकि इसका सीधा असर हम पर होता है।

रुचिरा कंबोज ने कहा कि हमारा उद्देश्य अफगानिस्तान में शांति, सुरक्षा और स्थायित्व स्थापित करना है। वैश्विक समुदाय के अफगानिस्तान को लेकर उद्देश्य हैं, वही भारत की प्राथमिकताएं हैं। जिनमें आतंकवाद से निपटना, समावेशी सरकार का गठन, महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा, नशे के खिलाफ लड़ाई और मानवीय मदद देना शामिल है। 18-19 फरवरी को कतर की राजधानी दोहा में अफगानिस्तान के मुद्दे पर बैठक हुई। इस बैठक में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस, भारत, कनाडा, चीन और जर्मनी, पाकिस्तान, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका के प्रतिनिधि शामिल हुए।

### रोमांच में जाम बना बाधा...



**मनाली :** बर्फ के रोमांच में यातायात जाम बाधा बन रहा है। हिमपात के बाद मनाली में पर्यटकों की आमद बढ़ी है। गुरुवार को पर्यटकों की आमद बढ़ने से मनाली के पलचान क्षेत्र में भारी जाम लगा रहा। मनाली से 12 किलोमीटर का सफर तय करने में लगभग तीन घंटे से अधिक का समय लग रहा है। पर्यटक वाहनों की बढ़ी संख्या के आगे पर्यटन स्थल छोटा पड़ गया। ● एजेंसी

## मेक्सिको: विरोध कर रहे लोगों ने राष्ट्रपति भवन का गेट तोड़ा

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में 2014 में 43 छात्रों के लापता होने का विरोध करने वाले एक समूह ने देश के राष्ट्रपति भवन का दरवाजा खटखटाया। न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने राष्ट्रपति भवन का दरवाजा तोड़ दिया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, प्रदर्शनकारी लगभग एक दशक पहले लापता हुए 43 छात्रों के लिए न्याय की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने बुधवार को प्रदर्शन के दौरान मेक्सिको के राष्ट्रपति भवन का दरवाजा तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि जिस समय ये घटना हुई। उस समय राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल भवन अंदर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। कुछ प्रदर्शनकारियों ने भवन के अंदर घुसने की कोशिश की।

**विज्ञान** वैज्ञानिकों ने कहा, नई खोज में युवा तारों के आसपास हो रहा है ग्रहों का जन्म, लघु आकाशगंगा की तरह आते हैं नजर

# ग्रहों के जन्म को लेकर वेरी लार्ज टेलीस्कोप की नई खोज


नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने ग्रहों के जन्म की अद्भुत तस्वीरे कैद की हैं। यह खोज ग्रहों के निर्माण के अध्ययन में नई दिशा प्रदान करेगी। चिली स्थित वेरी लार्ज टेलीस्कोप के जरिए यह खोज हो पाई है। ग्रहों के जन्म को लेकर एक हद तक जानकारियां है, लेकिन अभी भी अनेक गूढ़ रहस्यों को समझना बाकी है। जिसके चलते वैज्ञानिकों का अध्ययन इस दिशा में उर्वरत जारी है।

अलबत्ता अब जो जानकारी मिली है, वह वैज्ञानिकों की अब तक की खोज से कुछ हटकर नजर आती है। जिसके चलते इस खोज को अहम माना जा रहा है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार नई खोज में युवा तारों के आसपास ग्रहों का जन्म हो रहा है। नई तस्वीरें लघु आकाशगंगाओं की तरह दिखती हैं। मगर वास्तव मे मलवे के ढेर हैं। जिनका आकार आकाशगंगाओं की तरह नजर आता है। जिनमें धूल की मोटी परते शामिल होने के कारण इनके आकार बदलते रहते हैं। इस तरह की तस्वीरें पहले नही देखी गई थी और यही वजह है कि ये खगोलविदों के अध्ययन को नई राह व दिशा देती है। इससे बड़ी बात यह है कि यह खोज ग्रहों के जन्म की तस्वीर काफी हद तक साफ कर देगी। दुनिया की सबसे शक्तिशाली दूरबीनों से एक समय मे ली गई तस्वीरों का अभी तक का सबसे विशाल संग्रह है। जिसमें 80 से अधिक युवा सितारों और उनके ग्रह निर्माण के बाहरी आवरण यानी फ्रेम शामिल हैं। आयरलैंड स्थित गॉलवे विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

डॉ. क्रिश्चियन गिंस्की ने बयान दिया है कि यह वास्तव में हमारे अध्ययन के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव है। अब हम अलग-अलग तारा प्रणालियों के गहन अध्ययन से लेकर संपूर्ण तारा-निर्माण क्षेत्रों के इस विशाल समूह के अवलोकन तक पहुंच गए हैं। यह युवा तारे और उनके नवोदित ग्रह आकाशगंगा में तीन प्रमुख तारा-निर्माण क्षेत्रों से आते हैं।

कुछ वृषभ यानी गिरगिट तारामंडल में गैस बादलों में रहते हैं, जो पृथ्वी से लगभग 600 प्रकाश-वर्ष दूर स्थित हैं, जबकि दूसरे लगभग 1600 प्रकाश वर्ष दूर ओरियन गैस के बादल से आते हैं।




ग्रहों के जन्म की नई तस्वीरें।

### 5 हजार से अधिक बाहरी ग्रहों की हो चुकी है खोज

बाहरी ग्रहों की खोज के क्षेत्र में मानव एक लंबा मार्ग तय कर चुका है। 1990 के दशक से अब तक अंतरिक्ष व पृथ्वी आधारित दूरबीनों द्वारा 5000 से अधिक एक्सोप्लैनेट यानी बाहरी ग्रहों को खोजा जा चुका है, जो अपने सूर्य की परिक्रमा करते हैं। जिससे यह पता चलता है कि कुछ ग्रह प्रणालियां हमारे सौर मंडल से बिल्कुल अलग दिखती हैं। इसलिए खगोलविद अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि कौन से कारक हैं, जो ग्रह-निर्माण के परिणामों को प्रभावित करते हैं। ज्ञातव्य हो कि जिन क्षेत्रों में तारे बनते हैं, वे न केवल दूर हैं, बल्कि आमतौर पर धूल से भी ढके रहते हैं। वैज्ञानिक ऐसी कई खोजों को लेकर हमेशा अग्रसर रहते हैं।

# कई देशों के घुसपैठियों को निकालेगा फ्रांस

- इराक, पाकिस्तान समेत 10 देशों के लोग हैं शामिल, बीते साल 38 हजार को किया था निर्वासित

पेरिस, एजेंसी

यूरोपीय देश अवैध तरीके से आने वालों को रोकने के लिए सख्ती कर रहे हैं। ब्रिटेन रवांडा शरणार्थी प्रक्रिया शुरू कर चुका है। फ्रांस तो इस मामले में और सख्त हो गया है। वहां इसी महीने शरण के नाम पर अवैध रूप से रहने वाले 23 हजार लोगों को देश से निकाला जाएगा।

इसमें सीरिया, इराक, पाकिस्तान समेत कुछ एशियाई और अफ्रीकी देशों जैसे मोरक्को, ट्यूनीशिया, लीबिया, मिस्र समेत 10 देशों के लोग शामिल हैं।

फ्रांस सरकार ने इस कड़ी में कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार को फ्रांस सरकार ने कहा है कि, कार्रवाई फ्रांस में कट्टरता बढ़ने और अगस्त में होने जा रहे ओलिंपिक खेलों की तैयारी की बजह से की जा रही है। बीते साल ही फ्रांस ने 38 हजार लोगों को निर्वासित किया था। यह फ्रांस में रह रहे थे। इनमें ज्यादातर घुसपैठ करने वाले थे। दरअसल, घुसपैठ पर लगाम लगाने के लिए इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व वाली सरकार ने आव्रजन बिल पास कराया है। इसका विपक्ष ये कहकर विरोध कर रहा है कि भले मैक्रों ने कानून पारित करा लिया, पर उदार लोकतंत्र के र रक्षक वाले देश की छवि पर दाग लग गया है। जनवरी में घोषित कानून को वामपंथी विपक्ष द्वारा नस्लवादी बताया गया था, लेकिन धुर दक्षिणपंथी रैसेम्बलमेंट नेशनल (आरएन, आईडी) संसदीय समूह की अध्यक्ष मारिन ली पेन ने इसे 'वैचारिक जीत' माना। विशेषज्ञों के अनुसार, यह कानून पूरे यूरोप में प्रवासन नीतियों को सख्त करने के लिए लाया गया है। बता दें कि नेशनल असेंबली में बहुमत की कमी के चलते मैक्रों को धुर दक्षिणपंथी धड़े से चुनौती मिल रही है। वह बिल पास कराने के लिए सरकार के बाहर के दलों पर भी निर्भर हैं। नए कानून के तहत प्रवासियों के लिए परिवार के सदस्यों को फ्रांस लाना और मुश्किल होगा। फ्रांस निर्वासन में बड़े पैमाने पर बदलाव कर रहा है। इसके तहत यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय उनके मामलों की सुनवाई करने से पहले ही घुसपैठ करने वालों को निर्वासित कर सकता है।

### कट्टरपंथ से जुड़े दंगे, आतंकी हमले भी बढ़ने लगे

फ्रांस सरकार ने कहा है कि, हाल में कट्टरपंथ से जुड़ी घटनाएं हुई हैं। दिसंबर में पेरिस में हमलावर ने चाकू मारकर जर्मन पर्यटक की हत्या कर दी थी। हमलावर अफगानिस्तान और गाजा में मुसलमानों की मौत को लेकर गुस्से में था। 13 अक्टूबर को अर्थस के स्कूल में चाकू से हमले में एक शिक्षक की मौत हो गई थी। जून में एक सीरियाई नागरिक ने अल्पाइन में चार बच्चों को जख्मी कर दिया था।